# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, शनिवार, 4 अक्टूबर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 138 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित




रोहतक में गृह मंत्री अमित शाह ने किया देश के सबसे बड़े अमूल डेयरी प्लांट का उद्घाटन






# चुनाव प्रेक्षक लोकतंत्र के प्रकाश स्तंभ : ज्ञानेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग ने आज बिहार विधानसभा के आगामी आम चुनाव एवं कुछ राज्यों में उपचुनावों के लिए केंद्रीय प्रेक्षकों के रूप में तैनात किए जाने वाले सामान्य, पुलिस एवं व्यय प्रेक्षकों के लिए एक ब्रीफिंग का आयोजन किया। बैठक में 287 आईएएस अधिकारियों, 58 आईपीएस अधिकारियों और आईआरएस, आईआरएएस, आईसीएएस और अन्य सेवाओं के 80 अधिकारियों सहित 425 अधिकारियों ने भाग लिया। ब्रीफिंग बैठक नई दिल्ली में आईआईआईडीईएम में आयोजित की गई थी। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ केंद्रीय प्रेक्षकों को ब्रीफ किया। प्रेक्षकों को संबोधित करते हुए सीईसी ज्ञानेश कुमार ने उन्हें लोकतंत्र के प्रकाश स्तंभ के रूप में वर्णित किया। आयोग की आंख और कान के रूप में, केंद्रीय प्रेक्षकों से सभी चुनाव कानूनों,



नियमों और दिशा-निर्देशों से परिचित होने, सीधे ज़मीनी इनपुट प्रदान करने और उनके सख्त और निष्पक्ष अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। प्रेक्षकों को राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और मतदाताओं के लिए उनकी शिकायतों के निवारण हेतु पूरी तरह से सुलभ रहने का निर्देश दिया गया। प्रेक्षकों को मतदान केंद्रों का दौरा करने और मतदाताओं की सुविधा के लिए आयोग द्वारा हाल ही में की गई पहलों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। आयोग, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने में सहायता करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 324 और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 20बी द्वारा उसे प्रदत्त पूर्ण शक्तियों के तहत केंद्रीय प्रेक्षकों की नियुक्ति करता है। वे ज़मीनी स्तर पर चुनावी प्रक्रिया के कुशल और प्रभावी प्रबंधन की भी निगरानी करते हैं।

## सात राजनीतिक दलों को नोटिस जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नामित 7 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को नोटिस जारी किया है। इसमें रांची के झारखंड की क्रांतिकारी पार्टी, झारखंड पार्टी (सेक्युलर), लोक जन विकास मोर्चा, राष्ट्रीय देशज पार्टी एवं राष्ट्रीय संगाइल पार्टी, पूर्वी सिंहभूम की झारखंड पीपल्स पार्टी एवं चतरा की राष्ट्रीय जनक्रांति मोर्चा को नोटिस के माध्यम से सूचित किया गया है कि उक्त राजनितिक दल अपने अस्तित्व एवं कामकाज के संबंध में ससमय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष शपथ पत्र एवं आवश्यक साक्ष्यों के साथ अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें। ससमय पक्ष अप्राप्त रहने की स्थिति में यह समझा जायेगा कि पार्टी का अस्तित्व समाप्त हो चुका है एवं इस आशय की सूचना भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को भेज दी जायेगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नामित इन 7 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों ने विगत 03 वित्तीय वर्षों (2021-22, 2022-23, 2023-24) का वार्षिक अंकेक्षित खाता संबंधी विवरणी इनके निर्धारित समयावधि में आयोग को समर्पित नहीं किया है। साथ ही यह भी तथ्य भारत निर्वाचन आयोग के संज्ञान में आया है कि उपरोक्त राजनीतिक दलों के द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लिया गया है, परन्तु निर्धारित समय के अन्दर अर्थात विधानसभा निर्वाचन के उपरान्त 75 दिन एवं लोकसभा निर्वाचन के उपरान्त 90 दिनों के भीतर अपना व्यय-विवरणी आयोग को समर्पित नहीं किया गया है, जो कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में उपबंधित प्रावधानों से विचलन को प्रदर्शित करता है।

## झारखंड भाजपा में बड़ा फेरबदल, आदित्य साहू बने राज्य कार्यकारी अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी ने राज्यसभा सांसद आदित्य साहू को झारखंड का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त कर दिया है। वे वर्तमान कार्यकारी अध्यक्ष रविन्द्र कुमार राय का स्थान लेंगे। वह तत्काल प्रभाव से अपने पद पर काम करेंगे। एक कार्यकारी अध्यक्ष के बाद दूसरे कार्यकारी अध्यक्ष की नियुक्ति से झारखंड के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में असमंजस की स्थिति देखी जा रही है। बाबूलाल मरांडी इसके पहले भाजपा के अध्यक्ष थे। पार्टी ने झारखंड विधानसभा चुनाव के बाद उन्हें विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नियुक्त कर दिया था। इसके बाद भाजपा में 'एक व्यक्ति, एक पद, के सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद से भाजपा अब तक झारखंड में अपना प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त नहीं कर पाई है। पहले रविंद्र कुमार राय और अब आदित्य साहू को कार्यकारी अध्यक्ष के तौर पर प्रदेश की कमान संभालने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आदित्य साहू की



नियुक्ति में भाजपा की वह सोच सामने दिखाई पड़ रही है जिसमें वह अपने सबसे निचले स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं को लगातार आगे बढ़ा रही है। आदित्य साहू भी किसी बड़ी राजनीतिक पृष्ठभूमि से नहीं आते हैं। सामान्य पार्टी कार्यकर्ता के तौर पर उन्होंने जिला स्तर से अपनी राजनीति शुरू की थी। इसके बाद उन्होंने प्रदेश की राजनीति में अपनी जगह बनाई और केंद्र में राज्यसभा सांसद तक पहुंचे। माना जा रहा है कि भाजपा ने संगठन में काम करने के उनके लंबी अनुभव को ध्यान में रखते हुई ही उन्हें प्रदेश का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है।

## संक्षिप्त समाचार

### लापता युवक का शव कुआं में मिला

**देवघर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र के तेलभंगा बुढ़ियारी गांव में गुरुवार को दो अलग-अलग घटनाओं से पूरा गांव सहम गया। गम में डूब गया। गांव से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर जंगल और झाड़ी से घिरे नवनिर्मित सिंचाई कूप में ग्रामीणों ने एक युवक का शव देखा। इसकी सूचना तुरंत मोहनपुर थाने को दी गयी। सूचना पाकर थाना प्रभारी प्रियरंजन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई की। मृतक की पहचान तेलभंगा बुढ़ियारी गांव के सनोज यादव के रूप में हुई है।

### फुटबॉल खिलाड़ी से चेन छीनी

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** कदमा थाना क्षेत्र में एक फुटबॉल खिलाड़ी से चेन लूट की घटना सामने आई है। शुक्रवार सुबह लिंक रोड पर मॉर्निंग वॉक कर रहे रामदेव सिंह से दो नकाबपोश अपराधियों ने पिस्टल दिखाकर सोने की चेन छीन ली और फरार हो गए। मॉर्निंग वॉकर एस.एल. दास के अनुसार, रामदेव सिंह प्रतिदिन की तरह सुबह टहल रहे थे तभी बाइक पर सवार दो नकाबपोश युवक तेज रफ्तार से उनके पास आए। उन्होंने रामदेव सिंह को रोका, पिस्टल दिखाई और उनके गले से चेन छीनकर मौके से फरार हो गए।

### महिला की हत्या

**चाईबासा (नबिटा ब्यूरो)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो थाना क्षेत्र में एक महिला की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। किताहातु टोला लातार गांव के जंगल से सुखमति लोहार नामक महिला का शव बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार अज्ञात अपराधियों ने महिला की हत्या की है। शव दो दिन पुराना लग रहा है, जो सड़ी-गली अवस्था में मिला।

### अधेड़ को मारी गोली

**कोडरमा (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के नवलशाही थाना क्षेत्र के फुलवरिया गांव में गुरुवार रात एक व्यक्ति को गोली मार दी गई। घायल की पहचान 50 वर्षीय संतोष मेहता के रूप में हुई है, जिन्हें गंभीर हालत में रांची रेफर किया गया है। संतोष मेहता एक व्यवसायी हैं।

## बक्शा नदी में बहा युवक

**चतरा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के इटखोरी में विजयदशमी के दिन एक युवक बक्शा नदी में बह गया। यह घटना इटखोरी थाना क्षेत्र के नंगवा पुल के पास हुई। लापता युवक की पहचान इटखोरी निवासी 30 वर्षीय सोनू कुमार पुत्र अशोक शर्मा के रूप में हुई है। यह हादसा उस समय हुआ, जब सोनू कुमार पुल के पास बने स्पिलवे को पार करने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वे नदी की तेज धार में जा गिरे। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और इटखोरी थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तत्काल स्थानीय स्तर पर खोजबीन शुरू की। इस दौरान नदी से युवक की चप्पल बरामद हुई, लेकिन सोनू का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

## अलका तिवारी ने झारखंड की पहली महिला राज्य निर्वाचन आयुक्त का पदभार संभाला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की रिटायर्ड मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज्य के 8वें राज्य निर्वाचन आयुक्त के रूप पदभार संभाल लिया है। उन्होंने विजयदशमी के दिन 2 अक्टूबर को राजधानी रांची के रातू रोड स्थित राज्य निर्वाचन आयुक्त कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। इसके पहले उनके पति और झारखंड के पूर्व मुख्य सचिव डीके तिवारी राज्य निर्वाचन आयुक्त थे। डीके तिवारी ने 12 फरवरी 2021 को पदभार संभाला था और 13 अगस्त 2024 तक इस पद पर रहे। इसके बाद से यह पद रिक्त था। अलका तिवारी 30 सितंबर को झारखंड के मुख्य सचिव के पद से रिटायर हुईं थीं। उनके विदाई समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत तमाम वरीय पदाधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने उसी दिन घोषणा कर दी थी कि अलका तिवारी के अनुभव का ला आने वाले दिनों में राज्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में लिया जायेगा। मुख्यमंत्री की इस घोषणा के अगले ही दिन यानी 1 अक्टूबर 2025 को अलका तिवारी को झारखंड को राज्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किये जाने की अधिसूचना जारी कर दी गयी। अलका तिवारी 1988 बैच की झारखंड कैडर की भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी हैं। उन्होंने झारखंड में विभिन्न पदों पर योगदान दिया है। उनके पति डीके तिवारी भी झारखंड के मुख्य सचिव और राज्य निर्वाचन आयुक्त रह चुके हैं।

## सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोगों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में अलग-अलग सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि हजारीबाग जिले के चरही थाना क्षेत्र के चरही-घाटो रोड पर बृहस्पतिवार दोपहर एक वाहन ने मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार 2 युवकों की मौत हो गयी। बहेरा के सोनरा टोला निवासी अभिषेक मुर्मू (21) और रांची निवासी उसका साला बंदी सोरेन मोटरसाइकिल पर सवार था। फुसरी पुल के पास एक वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी।अन्य घटना में पलामू जिले में राज्य सरकार के एक कर्मचारी की मोटरसाइकिल की एक एसयूवी से आमने-सामने टक्कर हो गयी, जिससे उनकी मौत हो गयी। हादसा मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के सिंगरा गांव में हुआ। अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) मणिभूषण प्रसाद ने बताया कि मृतक की पहचान चैनपुर निवासी राकेश कुमार (40) के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद कुमार की मौके पर ही मौत हो गयी। कोडरमा जिले के चंदवारा थाना क्षेत्र में बुधवार को अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में 2 और मोटरसाइकिल सवारों की मौत हो गयी। चंदवारा के थाना प्रभारी धानेश्वर सिंह ने बताया कि पहली दुर्घटना चंदवारा बाजार में काली मंडप के पास हुई। उन्होंने कहा कि मोटरसाइकिल सवार सागर कुमार (18) अपने घर की ओर जा रहा था, तभी भारी बारिश के कारण मोटरसाइकल पर से नियंत्रण खो बैठा और वह फिसलकर सड़क पर गिर गया। अधिकारी ने कहा कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि मोटरसाइकिल एक घर के दरवाजे से टकराकर बरामदे में जा गिरी। कुमार के सिर में चोट आयी। जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाने के दौरान कुमार की मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि दूसरी दुर्घटना रांची-पटना राजमार्ग पर उरवान मोड़ के पास हुई, जहां एक अन्य मोटरसाइकिल सवार फिसल गया। मृतक की पहचान मदनगुंडी निवासी 45 वर्षीय वरुण पांडे के रूप में हुई है। सिंह ने बताया कि पांडे को भी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## सड़क हादसे में खेल शिक्षक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लातेहार।** जिले में शुक्रवार को हुए एक सड़क हादसे में एक खेल शिक्षक की मौत हो गई। मनिका थाना क्षेत्र के डिग्री कॉलेज के पास पिकअप वाहन और बाइक की सीधी टक्कर में बरवाडीह के कोमल टोपनो (27) गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिनकी इलाज के लिए रांची ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह हादसा तब हुआ जब लातेहार से पलामू की ओर जा रहा एक पिकअप वाहन और बरवाडीह से लातेहार आ रही एक बाइक मनिका डिग्री कॉलेज के पास आमने-सामने टकरा गए। मृतक कोमल टोपनो संत कालारेट स्कूल बरवाडीह में खेल शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। हादसे में गंभीर रूप से घायल कोमल टोपनो को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका ले जाया गया। डॉ. क्षितिज कुजूर ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रेफर कर दिया। हालांकि, रांची ले जाने के दौरान रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। डॉक्टरों ने बताया कि हादसे में कोमल का दाहिना हाथ और पैर बुरी तरह टूट गए थे। घटना के बाद पिकअप चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।

## निलंबित पुलिसकर्मी ने की आत्महत्या

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के चंदवारा पुलिस लाइन में दो दिन पूर्व एक निलंबित पुलिस जवान मंसूर आलम ने सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार देर रात उनका शव कोडरमा पहुंचा जिसके बाद उनके पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि दी गई।

## जयंती पर याद किये गये गांधी और शास्त्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड ने विजयदशमी (दशहरा) के दिन देश के 2 महान पुरुषों को याद किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने श्रद्धांजलि दी। हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन ने भी दोनों स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया। विजयदशमी यानी दशहरा के साथ-साथ इस बार गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री की भी जयंती मनायी जा रही है। इस अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये। राज्यपाल संतोष गंगवार ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर



लिखा- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन। सत्य एवं अहिंसा के प्रतीक पूज्य बापू का जीवन और आदर्श मानव कल्याण के प्रति समर्पित था। उनके विचार हर पीढ़ी को मानवता के मार्ग पर चलने के लिए सदैव प्रेरित करते रहेंगे। उन्होंने लाल बहादुर शास्त्री के त्याग और राष्ट्रसेवा के प्रति उनके समर्पण की बात की। 'एक्स' पर लिखा 'जय जवान, जय किसान' के उद्घोषक, सादगी और ईमानदारी के प्रतीक पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री जी को उनकी जयंती पर कोटिशः नमन। त्याग और राष्ट्रसेवा में समर्पित उनका जीवन हमें सदैव कर्तव्य और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता रहेगा। वहीं, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि महात्मा गांधी के विचार, उनकी अहिंसा एवं सत्य की राह पर चलने की प्रेरणा आज भी पूरे देश और विश्व के लिए मार्गदर्शक है।


**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-86-90-25, दिनांक 27.09.2025**; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)/आद्रा, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **क्रमांक एवं निविदा सं.; कार्यों का विवरण; निविदा मूल्य** निम्नलिखित हैं: **(1) ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-86-25, दिनांक 27.09.2025,** मंडल अभियंता (पूर्व)/आद्रा के अधीन मौजूदा खराब हो चुके जीर्णशीर्ण/टूटे हुए रेल स्क्रू को हटाना, स्लाइड कुर्सियों की वेल्डिंग, बर को हटाना, गार्ड रेल की फीक्सिंग इत्यादि; रु. 74,94,480.88; **(2) ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-87-25, दिनांक 27.09.2025,** आद्रा मंडल में सालबोनी-चंद्रकोना रोड के बीच किमी. 154/27-29 पर मानव युक्त लेवल क्रॉसिंग केए-29 के उन्मूलन हेतु बॉक्स पुशिंग पद्धति द्वारा रोड अंडर ब्रिज/सबवे का निर्माण; रु. 7,10,97,975.95; **(3) ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-88-25, दिनांक 27.09.2025,** आद्रा मंडल में तालगरिया-महुदा अनुभाग के बीच एनएचएस सं. बीजी-20 पर एप्रोच रोड, शेड, ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण तथा अनुषांगिक कार्यों का निष्पादन; रु. 7,58,84,175.66; **(4) ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-89-25, दिनांक 27.09.2025,** मंडल अभियंता/उत्तर/आद्रा के अधीन मौजूदा खराब हो चुके/जीर्णशीर्ण/टूटे हुए रेल स्क्रू को हटाना, स्लाइड कुर्सियों की वेल्डिंग, बर को हटाना, गार्ड रेल की फीक्सिंग इत्यादि; रु. 69,29,715.51; **(5) ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-90-25, दिनांक 27.09.2025,** मंडल अभियंता (उत्तर)/आद्रा के अधिकार क्षेत्र के अधीन ट्रैक - 26.159 टीकेएम का सम्पूर्ण नवीनीकरण (सेकेंडरी); रु. 6,49,69,298.72; **ई-निविदाओं के बंद होने की तारीख एवं समय:** दिनांक 29.10.2025 को अपराह्न 3.00 बजे है। ऊपरोक्त ई-निविदाओं के विस्तृत विवरण के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। (PR-681)



**बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार**

**नवबिहार टाइम्स**

**आवश्यकता**

1. बोकारो जिला मुख्यालय के अलावा प्रत्येक प्रखंड के लिए संवाददाता चाहिए।
2. नवबिहार टाइम्स के बोकारो कार्यालय के लिए उप सम्पादक/कार्यालय संवाददाता की आवश्यकता है। हिन्दी में समाचार लिखने और समाचार की समझ रखने वाले अनुभवी संवाददाता ही सम्पर्क करें। मानदेय-योग्यतानुसार।
3. बोकारो कार्यालय के लिए एक चतुर्थवर्गीय कर्मचारी की आवश्यकता है। बोकारो, चास या आस-पास का ही निवासी होना अनिवार्य है

**सम्पर्क करें:-**

7295863300/8210783623

'नवबिहार टाइम्स' कार्यालय, 31 कॉपरेटीव कॉलोनी बोकारो (झारखण्ड) मो0- 7004247547/6206165107

E-mai : nbtimesbihar@gmail.com

# छत्तीसगढ़- बिहार व झारखंड के वांटेड डब्लू साव समेत चार अपराधियों को छतरपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

## छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज की दुकान से पांच करोड़ रुपये के सोना लूट में शामिल था डब्लू साव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** छत्तीसगढ़, बिहार व झारखंड के कई आपराधिक मामलों में नामजद अपराधी डब्ल्यू साव को छतरपुर पुलिस ने उसके चार साथियों के साथ गिरफ्तार किया है। इस संबंध में छतरपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अवध कुमार यादव व थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि एक अक्टूबर को पुलिस को सूचना मिली कि आनंद कुमार नामक व्यक्ति के साथ रात्रि के 11 बजे मेला से वापस लौटने के क्रम में लूटपाट किया गया है। इस बाबत थाना प्रभारी ने एक टीम गठित कर छानबीन शुरू की।

इसी क्रम मे तकनीकी शाखा की मदद से छतरपुर के खेन्द्रा निवासी स्वर्गीय भोला साव के पुत्र कुख्यात अपराधी डब्लू प्रसाद उर्फ डब्लू साव को गिरफ्तार किया गया। इसके पास से लूट की मोबाइल व कई सामग्री बरामद किया गया। डब्लू पूर्व में छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज के दूकान से पांच करोड़ रुपए के सोना लूट में शामिल था। साथ ही कुख्यात अपराधी मोनू सोनी के साथ गिरोह में शामिल रहा है। छत्तीसगढ़, बिहार व झारखंड के कई मामलों में फरार है। थाना प्रभारी ने बताया कि डब्ल्यू बिहार, छत्तीसगढ़ व झारखंड के आठ मामलों में आरोपी है। वहीं इसके साथ छतरपुर के सोनवाटांड़ निवासी सुशील कुमार यादव, नौडीहा के खजुरी निवासी रितेश कुमार पासवान, खाटिन गांव के छोटू कुमार उर्फ बाबा व खाटिन गांव के ही ओम प्रकाश को गिरफ्तार किया गया है। इन सभी पर छतरपुर थाना में कई मामले दर्ज हैं। इनमें सुशील यादव पर 4, रितेश कुमार, छोटू कुमार व ओम प्रकाश पर 3- 3 मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार अपराधियों पास से लूट के तीन मोटरसाइकिल, 16 मोबाइल, एक जिंदा कारतूस समेत देसी कट्टा, लुमिनस की बैटरी, सिलेंडर समेत कई सामग्रियां बरामद हुई हैं। गठित टीम में थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, एसआई सुशील उरांव, एसआई अनिल कुमार रजक, एसआई इंद्रजीत राणा, जमेदार राजीव कुमार समेत तकनीकी शाखा की टीम शामिल थे।



■ कुख्यात अपराधी मोनू सोनी के साथ गिरोह में शामिल रहा है डब्लू साव

# आदित्य साहू के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर पलामू के नेताओं ने दी बधाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** राज्यसभा सांसद आदित्य साहू को झारखंड बीजेपी का कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर पलामू भाजपा के नेताओं व कार्यकताओं ने उन्हें बधाई दी है। इसके साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के प्रति आभार व्यक्त किया है।

पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने नवनियुक्त कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू को बधाई देते हुए कहा कि सरल सौम्य स्वभाव के श्री साहू के नेतृत्व में संगठन सशक्त होगा। प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि साहू एक अनुभवी नेता है। संगठन के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन बखूबी कर भी रहे हैं। उनके नेतृत्व में झारखंड में संगठन और भी मजबूत होगा। जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि साहू के नेतृत्व में पार्टी मजबूत व धारदार होगी। बिपिन बिहारी सिंह ने कहा कि आदित्य साहू एक तेज तर्रार नेता है। इनके नेतृत्व में झारखंड में संगठन को नया धार मिलेगा। बधाई देने वालों में पूर्व प्रथम महापौर अरुणा शंकर, उप महापौर मंगल सिंह, अविनाश वर्मा, भोला सिंह, श्याम नारायण दुबे, अमलेश्वर दुबे, प्रेम सिंह, परशुराम ओझा, आनंद शंकर, नरेंद्र पांडे, विजयानंद पाठक, विभाकर नारायण पांडे, उदय शुक्ला, दुर्गा जौहरी, अजय तिवारी, शिवकुमार मिश्रा, विजय ओझा, अरविंद गुप्ता, धर्मेंद्र उपाध्याय, सुनील पासवान, विजय ठाकुर, ज्योति पांडे, मनोज भुइया, प्रभात भुइया, विश्वजीत पाठक, ओमप्रकाश पप्पू, धीरेंद्र दुबे, छोटू सिन्हा, श्वेतांग गर्ग, प्रियरंजन कुमार, श्रवण गुप्ता, जितेंद्र तिवारी, आशीष भारद्वाज, राजहंस अग्रवाल, राजेश गुप्ता, नंदलाल गुप्ता, शुभम प्रसाद, संजय कुमार, ईश्वरी पांडे, संजय गुप्ता, विपुल गुप्ता, सतीश पासवान, शिवदीप सिंह, जितेंद्र सिंह, रूपा सिंह, मंजूलता दुबे, लवली गुप्ता, मधुलता, रानी सिंह, रीना किशोर, मंजू गुप्ता, सुजाता सिंह, सुनीता सिंह, मनोरमा देवी सहित अन्य के नाम शामिल हैं।



■ झारखंड में भाजपा संगठन और होगा मजबूत : प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह

# सत्य व अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए राष्ट्र के कल्याण को समर्पित थे महात्मा गांधी : चंद्रशेखर सिंह छोटू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** मोहनदास करमचंद गांधीजी ने हमें सिखाया कि सच्चाई व अहिंसा के रास्ते पर चलकर कई परिवर्तन लाये जा सकते हैं। बिना हथियार उठाये उन्होंने सत्याग्रह व शांतिपूर्ण आंदोलनों जैसे चंपारण सत्याग्रह, असहयोग आंदोलन, दांडी यात्रा, व भारत छोड़ो आंदोलन का प्रतिनिधित्व किया। वे भारत देश के महान नायक थे।

उक्त बातें आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव चंद्रशेखर सिंह छोटू ने कही। वे गुरुवार 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर स्थानीय टाउन हॉल स्थित गांधी वाटिका में बोल रहे थे। इसके पूर्व उन्होंने पार्टी नेताओं के साथ गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। चंद्रशेखर सिंह छोटू ने कहा कि नैतिकता व सदाचार में गांधी जी का अटूट विश्वास था। इसका उन्होंने आजीवन पालन किया।? जन समुदाय को भी उस मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। एक स्वावलंबी, आत्मनिर्भर व शिक्षित भारत के निर्माण के लिए उन्होंने चरखा चलाकर आत्मनिर्भरता का संदेश दिया। अपने आचरण व उपदेशों के माध्यम से वे सदैव श्रम की गरिमा को प्रतिष्ठित करते रहे। उनके जीवन-मूल्य आज भी प्रासंगिक है व भविष्य में भी बने रहेंगे। आइए, गांधी जयंती के इस शुभ अवसर पर हम सब यह संकल्प लें कि हम सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए राष्ट्र के कल्याण और प्रगति के लिए समर्पित रहेंगे और एक स्वच्छ, समर्थ, सशक्त व समृद्ध भारत का निर्माण करके गांधी जी के सपनों को साकार करेंगे। मौके पर चंद्रशेखर सिंह छोटू ने लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें याद किया। कहा कि लाल बहादुर शास्त्री ने जय किसान, जय जवान का नारा दिया था। अनाजों की कीमतों में कटौती, भारत-पाकिस्तान की लड़ाई में सेना को खुली छूट देना, ताशकंद समझौता जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाते में उनकी मृत्यु ताशकंद में रहस्यमयी तरीके से हो गई। लाल बहादुर शास्त्री अपने देश के लिए बलिदान व सच्ची देश भक्ति के लिए सदैव जाने जाएंगे। वे कहा करते थे- देश की तरक्की के लिए हमें आपस में लड़ने के बजाए गरीबी, बीमारी व अज्ञानता से लड़ना होगा। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। मौके पर आजसू पार्टी के पलामू जिला उपाध्यक्ष सतीश तिवारी, संगठन सचिव शिव शंकर प्रसाद, पार्टी नेता राजीव पांडे उर्फ राजू, बबलू डोगरा, सुजीत तिवारी, रणजीत सिंह, रंजय ठाकुर, छोटू खान, शैलेश मिश्र व रंजीत साव आदि मौजूद थे।



■ आजसू पार्टी ने मनाई महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

# पलामू सिविल सर्जन डॉ अनिल सिंह ने चैनपुर के कोशियरा में किया डायरिया किट का वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** डायरिया के संभावित प्रसार की सूचना पर सिविल सर्जन शुक्रवार को चैनपुर के कोशियरा गांव का दौरा किया। सिविल सर्जन मेडिकल टीम के साथ प्रभावित गांव का दौरा किया व स्थिति का जायजा लिया। सिविल सर्जन ने बताया कि स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है।

डॉ. श्रीवास्तव व उनकी टीम गांव में घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात की। ग्रामीणों के स्वास्थ्य समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान डायरिया से बचाव व उपचार के लिए एक सौ से अधिक प्रभावित परिवारों के बीच तत्काल डायरिया किट का वितरण किया। किट में ओआरएस, आवश्यक दवाइयां व स्वच्छता संबंधी जानकारी पत्रक शामिल थे। सिविल सर्जन डॉ. अनिल श्रीवास्तव ने गांव वालों को साफ-सफाई व स्वच्छता व्यवहार अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने लोगों से सुरक्षित व स्वच्छ पेयजल का उपयोग करने, भोजन को ढककर रखने, शौच के बाद श खाना खाने से पहले अनिवार्य रूप से साबुन से हाथ धोने, मवेशियों के गोबर व मूत्र के उचित निपटान करने जैसी मूलभूत स्वच्छता आदतों को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की अपील की।

■ कोशियरा में डायरिया की स्थिति नियंत्रण में : सिविल सर्जन डॉ. अनिल श्रीवास्तव

# एनटीपीसी केरेडारी कोल परियोजना अंतर्गत बीजीआर कंपनी द्वारा देवी मंडप हेतु भूमि पूजन संपन्न

नवीन/अमित

**हजारीबाग (केरेडारी)।** पाण्डु गांव में देवी मंडप के नवनिर्माण हेतु भूमि पूजन बड़े धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। पाण्डु गांव के आगर टोला में पहले से सार्वजनिक देवी मंडप था, लेकिन एनटीपीसी कोल खनन परियोजना के कारण इसे दूसरी जगह स्थानांतरित करना आवश्यक हो गया।

भूमि पूजन कार्यक्रम पाण्डु गांव के मोहडर टोला में पूरी तरह धार्मिक अनुष्ठान के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंडप के पुजारी चेतलाल प्रजापति और उनकी पत्नी ने पूजा का संचालन किया। विशेष रूप से वाराणसी से आए पंडितों ने विधिवत पूजा कर कार्यक्रम को पूर्ण किया। कार्यक्रम में एनटीपीसी के एस. पी. गुप्ता, बीजीआर माइनिंग कंपनी के परियोजना प्रमुख श्रीनिवास राव, उपमुखिया अनिल राम, पूर्व मुखिया राकेश रंजन दुबे, राजू प्रजापति, विकास कुमार, दिनेश कुमार, आतो प्रजापति, आकाश कुमार, विष्णु राणा सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

इस अवसर पर ग्रामीणों ने बीजीआर कंपनी और एनटीपीसी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस परियोजना से न केवल धार्मिक स्थल का पुनर्निर्माण होगा बल्कि गांव की सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।



# केरेडारी में चोरों ने करोड़ों के जेवरात के साथ नकदी चुराई

■ डेढ़ घंटे के भीतर करोड़ों की संपति चोरों ने उड़ा ली
■ दशहरे के दिन केरेडारी में चोरी की बड़ी वारदात हुई
■ केरेडारी के इतिहास में इतनी बड़ी चोरी की घटना नही घटी थी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केरेडारी हजारीबाग।** केरेडारी के ओमें गांव में कुलदीप सोनी (राहुल ज्वेलर्स के नाम से ज्वेलरी दुकान केरेडारी हाई स्कूल रोड में है) के घर से चोरी की हुई घटना।

शाम के 4.30 बजे सपरिवार कुलदीप सोनी मेला देखने चट्टी बारियातू गांव गए थे, वापस 6.00 बजे आए तो उन्होंने देखा कि घर का दरवाजा टूटा हुआ है और आलमीरा तोड़कर चोरों ने जेवरात और नगद उड़ा लिए हैं। सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची और चोरी का जायजा लिया। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है परंतु सबसे बड़ा सवाल ये है कि जहां चोरी की वारदात हुई है वह जगह केरेडारी थाना से महज 200 मीटर की दूरी है। चोरों ने थाना के बगल में चोरी करके पुलिस को बड़ी चुनौती दी है। हालांकि पीड़ित कुलदीप सोनी ने थाना में शक के आधार पर आवेदन दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## 'दुर्गा पूजा व दशहरा पर रूठी रही बिजली, बरकट्ठा सहित कई इलाकों में अंधेरा'

**बरकट्ठा हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दुर्गा पूजा और दशहरा जैसे बड़े त्योहार पर बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बाधित रही। नवरात्र की नवमी और विजयादशमी के दिन बरकट्ठा, सूर्यकुंड और घंघरी फीडर से जुड़े क्षेत्रों में दिन और रात भर लोग बिजली की झलक तक नहीं देख पाए।

हल्की बारिश होते ही बिजली गुल हो गई। बताया जाता है कि 33 हजार वोल्ट की लाइन में जम्फर बार-बार कट जाने से आपूर्ति बाधित हो रही है। पावर सब-स्टेशन के ऑपरेटरों का कहना है कि फॉल्ट बार-बार आने से आपूर्ति बहाल करना मुश्किल हो रहा है। बिजली बाधित रहने से पूजा पंडालों में आयोजन प्रभावित हुए और मेले में दुकान लगाने वाले लोग बल्ब देखते रह गए, लेकिन जला नहीं पाए।

# कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के विश्वास पर खरा उतारते हुए महिलाओं का करेंगी विकास : रेखा सिंह

■ दशहरा में पलामू महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रेखा सिंह ने उंटारी रोड प्रखंड के मुरमा कला में किया संवाद



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** विजयादशमी पर पलामू जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष रेखा सिंह ने जिलेवासियों खासकर महिलाओं को बधाई के साथ शुभकामना दीं। साथ ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्म दिवस पर सभी देश वासियों को गांधी जी के बताए गए अहिंसा व सभी का सामना करने के रास्ते पर चलने की सलाह दी। रेखा सिंह ने उंटारी रोड प्रखंड के मुरमा कला में विजयादशमी के अवसर पर एक संवाद कार्यक्रम में बोल रही थी। कहा कि यहां उनका ससुराल व राजनीति की प्रथम पाठशाला है। वे यहां के लोगों का सम्मान व स्नेह को आजीवन भूल नहीं सकती हैं। वे राजनीति में कुर्सी की शोभा बढ़ाने नहीं बल्कि कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से मिली जिम्मेदारी व भविष्य में मिलने वाली जिम्मेवारी को हर कीमत पर निभाएंगी। साथ ही शीर्ष नेतृत्व की कसौटी पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगी। गरीबों व खासकर महिलाओं से उनका गहरा रिश्ता रहा है। यही कारण है कि वे गरीब महिलाओं के दरवाजे तक पहुंच कर उनसे संवाद करती हैं। महिला सशक्तिकरण, सामाजिक व आर्थिक विकास, सामाजिक न्याय दिलाने के साथ-साथ भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना संकल्प है। उन्होंने कहा कि गठबन्धन की सरकार प्रदेश में महिलाओं, गरीबों व आदिवासियों के समृद्धि व विकास के कई कल्याणकारी योजनाओं को लागू कर रही है। जिसमें मईया सम्मान योजना सबसे कारगर साबित हो रहा है। महिलाएं को स्वावलंबी बना रही है। यह महिलाओं के लिए मिल का पत्थर साबित हो रहा है। लेकिन राजनीति में महिलाओं को उनकी हिस्सेदारी के अनुसार भागीदारी काफी कम है। वे महिलाओं को यह संदेश देना चाहती हैं कि पंचायत चुनावों में सक्षम व जिम्मेदार प्रतिनिधि को चुनें। आने वाले चुनावों में महिलाओं को महिला आरक्षण का लाभ मिलने वाला है। अगर ये मजबूती से राजनीति में अपनी जगह बनाने में कामयाब रही तो उन्हें सासंद व विधायक बनने का मौका मिल सकता है।

मौके पर पांडू व ऊंटारी प्रखंड के वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं में मल्लू राम, श्यामा राम, वरुण बैठा, गोखुल रजवार, बदरी रजवार सहित कई उपस्थित थे।

# बरही अस्पताल में 14 वर्षीय टीबी मरीज की मौत, डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही।** बरही अनुमंडलीय अस्पताल में शुक्रवार को इलाज में लापरवाही के कारण 14 वर्षीय रेशमी कुमारी, पिता चानो भुइयां, निवासी ताजपुर चौपारण की मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर इंद्रजीत कुमार पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है।

परिजनों के अनुसार रेशमी कुमारी टीबी से पीड़ित थी। अचानक तबीयत बिगड़ने पर उसे अस्पताल लाया गया, जहां मौजूद डॉक्टर से बार-बार विनती की गई कि मरीज को देखें क्योंकि हालत गंभीर है। आरोप है कि डॉक्टर ने मरीज को देखे बिना ही पुर्जा बनाकर रेफर कर दिया। इस बीच 108 एम्बुलेंस भी समय पर नहीं पहुंची, जिससे बच्ची को हजारीबाग ले जाना संभव नहीं हो सका। करीब आधे घंटे तक बिना प्राथमिक उपचार के तड़पने के बाद बच्ची की मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया, लेकिन अस्पताल प्रबंधन के समझाने-बुझाने पर वे शांत हुए और शव लेकर चले गए।

इस मामले को राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन ने गंभीरता से लिया है। अनुमंडल अध्यक्ष कमल शंकर पंडित ने कहा कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो डॉ. इंद्रजीत कुमार के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने बताया कि इस प्रकरण की शिकायत राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में दर्ज कराई जाएगी।

# नवनिर्मित पुल बना हादसों का जंजाल 11 दिनों में 11 घायल, भ्रष्टाचार के खिलाफ फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दारू (हजारीबाग)।** दारू थाना क्षेत्र के झुमरा-इचाक मुख्य मार्ग पर मेडकुरी स्थित शिवानी नदी पर करोड़ों की लागत से बना नवनिर्मित पुल लोगों के लिए संकट का कारण बन गया है। अधूरे निर्माण और पुल पर बीच सड़क में पड़ी गिट्टी-छरी ने आवागमन को जोखिमभरा बना दिया है। नतीजतन, पिछले 11 दिनों में 11 लोग दुर्घटनाग्रस्त होकर घायल हो चुके हैं। इनमें किसी का हाथ टूटा तो किसी का पैर, जबकि कई गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि संवेदक (ठेकेदार) पिछले छह महीने से लापरवाह रवैया अपनाए हुए है। शिकायत करने पर वह काम टाल देता है और यहां तक कि सरकारी काम में बाधा डालने व सामान चोरी का झूठा केस करने की धमकी भी देता है। गुरुवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने पुल के समीप गोलबंदी कर चेतावनी दी कि यदि समस्या का तत्काल समाधान नहीं किया गया तो वे सड़क जाम करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि यह पुल दारू प्रखंड और इचाक प्रखंड को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है, जिस पर हजारों वाहन प्रतिदिन गुजरते हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी मोहम्मद इकबाल हुसैन मौके पर पहुंचे। उन्होंने सड़क पर रखी छरी को हटवाया और संवेदक को शीघ्र कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। इस दौरान मेडकुरी पंचायत के मुखिया भोला तुरी, पंचायत समिति सदस्य सुमन कुमार, कार्तिक सिंह, संतोष सिंह, उदी साव, खिरोधर साव, वार्ड सदस्य राजेश कुमार, महावीर साव, दिनेश राम, शंभू यादव, छोटन राम, कन्हैया साव, सुरेंद्र यादव, मिन्हाज अंसारी, फिरोज अंसारी, सुनील साव, विनोद तुरी, सुभाष तुरी, सतन यादव, पिंटू साव, शहदेव साव समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।



# संघ का 100वां स्थापना दिवस : विजयादशमी पर शस्त्र पूजन संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने 100वें स्थापना दिवस के अवसर पर विजयादशमी पर्व पर पारंपरिक शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया। गौरतलब है कि संघ की स्थापना वर्ष 1925 में विजयादशमी के दिन हुई थी और तभी से दशहरे के अवसर पर शस्त्र पूजन की परंपरा निरंतर जारी है।

बरही में आयोजित कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने भगवा ध्वज के नीचे अपने-अपने पौराणिक अस्त्र-शस्त्र रखकर विधिविधान से पूजन किया। पूजन से पूर्व सामूहिक गीत, सुभाषित और एकल गीत प्रस्तुत किए गए। इसके पश्चात बौद्धिक कर्ता सुधीर चंद्रा ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू समाज को अपने स्वाभिमान की रक्षा हेतु आत्मबल को सशक्त बनाना होगा। विजयादशमी के दिन समाज की बुराइयों पर विजय प्राप्त कर भारतीय संस्कृति को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में संघ प्रार्थना के पश्चात गन्ने को प्रतीकात्मक रूप से शस्त्रों से काटा गया। इस अवसर पर सैकड़ों स्वयंसेवक मौजूद रहे और वातावरण देशभक्ति एवं उत्साह से सराबोर हो उठा।




# चौपारण में धूमधाम से मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन, जयकारों से गूंजा पूरा क्षेत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** नवरात्र और दशहरा के पावन अवसर पर चौपारण ब्लॉक मोड़ स्थित दुर्गा मंदिर से माँ दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन धूमधाम और नम आँखों के बीच किया गया। भक्तों ने माँ के जयकारों के साथ नगर भ्रमण करते हुए पूरे क्षेत्र को भक्ति और उत्साह से सराबोर कर दिया।

प्रतिमा विसर्जन यात्रा ब्लॉक मोड़ से प्रारंभ होकर चतरा मोड़, पुनः ब्लॉक मोड़, चैथी मोड़, केंदुआ मोड़ होते हुए आगे बढ़ी और अंत में बालाबांध तालाब में मंत्रोच्चारण के साथ माँ दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन संपन्न हुआ। पूरे मार्ग में हजारों श्रद्धालु शामिल रहे। ढोल-नगाड़ों की गूंज और भक्ति गीतों से वातावरण भक्तिमय हो गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क दिखा। विसर्जन मार्ग पर जगह-जगह सुरक्षा बल की तैनाती की गई थी। प्रशासनिक अधिकारी भी लगातार निगरानी कर रहे थे ताकि यात्रा शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो सके। भक्तों की आँखों में माँ से बिछड़ने का दुःख साफ झलक रहा था, वहीं अगले वर्ष पुनः माँ के आगमन की आशा और उमंग से लोगों के मन प्रफुल्लित थे। श्रद्धालुओं ने माँ दुर्गा से चौपारण प्रखंड की सुख-समृद्धि, शांति और मंगल की कामना की।



# आपसी विवाद में पति ने की पत्नी की हत्या, घर में मिला शव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**लातेहार**। महुआडांड़ थाना क्षेत्र के केनाटोली गांव में शुक्रवार को एक महिला का शव संदिग्ध अवस्था में घर से बरामद हुआ। महिला के शरीर पर धारदार हथियार से वार के कई जख्म के निशान थे। शुरुआती जांच में पुलिस इस बात की संभावना जता रही है कि महिला की हत्या उसके पति सुधीर नगेसिया ने की है।




स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि सुधीर और उसकी पत्नी के बीच अक्सर झगड़े हुआ करते थे। दो दिन पहले भी पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद से दोनों घर से गायब थे। शुक्रवार को घर से तेज दुर्गंध आने पर ग्रामीणों ने भीतर जाकर देखा तो महिला का शव अंधेरे कमरे में पड़ा था, और आसपास खून फैला हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची, शव का पंचनामा कर उसे कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है और जल्द ही हत्या के मामले का खुलासा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस महिला के पति सुधीर की तलाश में छापामारी अभियान चला रही है। ग्रामीणों के अनुसार सुधीर नशे का आदी है और उसे आज सुबह गांव के पास जंगल की ओर जाते देखा गया था।

## विजयादशमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हसपुरा**। प्रखंड क्षेत्र में शारदीय नवरात्र और विजयादशमी का पर्व हर्षोल्लास एवं पारंपरिक धूमधाम के साथ शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। चार दिनों तक ग्रामीण इलाकों से लेकर बाजारों में मेले का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। दुर्गा पूजा का मुख्य आकर्षण हसपुरा बड़ी फील्ड में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम रहा। रावण का पुतला दहन देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग एकत्रित हुए। प्रखंड के हसपुरा बाजार में आदिशक्ति मंदिर बड़ी महारानी, पटेल चौक, नरसन रोड और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर सहित कई स्थानों पर दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना की गई थी। वहीं, बड़ी खेल मैदान में लगातार चौथी बार काली पूजा का आयोजन किया गया।

# विसर्जन जुलूस में शामिल लोगों को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)**। केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति पलामू के पदाधिकारियों ने विसर्जन जुलूस का माल्यार्पण व अंगवस्त्र ओढ़ाकर किया सम्मानित किया। महासमिति के अध्यक्ष दुर्गा जौहरी के नेतृत्व में दर्जनों पदाधिकारियों ने विभिन्न पूजा समिति के लोगों को सम्मानित किया। शुक्रवार को रेड़मा ठाकुरबाड़ी के प्रतिमा विसर्जन के साथ दुर्गोत्सव का समापन हो गया। रेड़मा ठाकुरबाड़ी श्री दुर्गा पूजा समिति प्रतिवर्ष दशहरा पर्व के दूसरे दिन प्रतिमा विसर्जन किया करती है। हालांकि इस वर्ष विजयादशमी पर्व गुरुवार को होने के कारण कुछ अन्य पूजा समितियों के



प्रतिमा की विदाई में देर होना एक धार्मिक मान्यता के अनुसार है। यह गुरुवार को बेटी की विदाई न करने की परंपरा को दर्शाता है। परंपरा सनातन संस्कृति का हिस्सा है। इसके पूर्व कई पूजा समितियों ने गुरुवार को ही माता रानी का विसर्जन किया। इस दौरान श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति पलामू के पदाधिकारी व सदस्यों ने डा राजेन्द्र प्रसाद चौक छहमुहान पर स्टाल लगाकर विसर्जन जुलूस का माल्यार्पण व अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति पलामू के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी, महासचिव ललन सिन्हा, उपाध्यक्ष नवीन तिवारी, बीएम पाण्डेय, सतीश तिवारी, रमेश शुक्ला, हरिशंकर सिंह, रजनीश सिंह, संजय राज, संदीप दास विकास कुमार, आकाश कुमार, रुपा सिंह, मंजू गुप्ता, लीलावती देवी, बृजेश शुक्ला, कमल गुप्ता, अनील दूबे, टुनटुन तिवारी व बिल्लू तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

# सड़क हादसे में दो की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चुरचू/चरही**। बहेरा पंचायत के फुसरी पूल के पास एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में दो व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान कजरी सोनरा टोला निवासी मंगरा मांझी के पुत्र अभिषेक मुर्मू (25 वर्ष) और दामाद बंटी सोरेन (30 वर्ष) के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, दोनों को एक अज्ञात वाहन ने बुरी तरह कुचलकर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय मुखिया देवकी महतो, पुलिस प्रशासन और चुरचू प्रखंड के सी.ओ. मौके पर पहुंचे। मुखिया देवकी महतो की देखरेख में आसपास के सी.सी. टी.वी. कैमरों की जांच की जा रही है, जिसमें 45 कांटा चेक पोस्ट का कैमरा अहम साबित हो सकता है।




वहीं, प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित राम, मुखिया देवकी महतो, वार्ड सदस्य अजहरुद्दीन अंसारी, बॉबी करीम, मनाराम माझी, विकास सिंह, सलमा खातून, सुरेश मुर्मू, नीलकंठ महतो सहित सैकड़ों लोग मौके पर मौजूद थे। पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान और चालक की गिरफ्तारी के लिए छानबीन में जुटी हुई है।

# केरेडारी हाइवा एसोसिएशन की हड़ताल, कोल ट्रांसपोर्टिंग ठप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केरेडारी (हजारीबाग)**। बकाया भाड़ा भुगतान और भाड़ा वृद्धि की मांग को लेकर केरेडारी विस्थापित/प्रभावित हाईवा एसोसिएशन ने हड़ताल का आह्वान किया है। हड़ताल के कारण एनटीपीसी चट्टीबारीयातु कोल प्रोजेक्ट से कोयला ढुलाई पूरी तरह से बंद हो गई है। वाहन मालिकों का कहना है कि अगस्त माह से उन्हें भाड़ा नहीं मिला है, जिससे वे गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं और वाहन का लोन चुकता करने में असमर्थ हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष सरोज साव ने बताया कि प्रमुख मांगों में बकाया भाड़े का तुरंत भुगतान, भाड़े में वृद्धि और बाहरी वाहनों को हटाने की बात शामिल है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं, कोयले की ढुलाई बंद रहेगी। इधर हड़ताल के



कारण एनटीपीसी टंडवा थर्मल पावर प्लांट में कोयले का स्टॉक कम हो गया है, जिससे प्रबंधन को बिजली उत्पादन बनाए रखने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं वाहन मालिकों का कहना है कि सड़कों की बदहाल स्थिति से गाड़ियों का लगातार ब्रेकडाउन होता है और ऊपर से समय पर भाड़ा न मिलने से उनके सामने गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

हाईवा एसोसिएशन ने साफ कहा है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं की जातीं, हड़ताल जारी रहेगी।

## जलभरी शोभायात्रा के साथ श्री महाविष्णु यज्ञ आरंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। शहर के श्रीकृष्ण नगर में होने वाले श्री महाविष्णु यज्ञ की शुरुआत शुक्रवार को शोभायात्रा और जलभरी की गई। कार्यक्रम की अगुआई महामंडलेश्वर स्वामी कृष्ण प्रपन्नाचार्य जी महाराज द्वारा की गई। इस मौके पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने रिसियप दोमुहान संगम से जलभरी कर इसकी शुरुआत की। वहीं मुख्य यजमान के रूप में विकास कुमार व पूजा कुमारी, अजय कुमार गौतम व शोभा देवी, सतीश कुमार व सुनीता देवी रहें। शोभायात्रा श्रीकृष्ण नगर यज्ञ स्थल से निकलकर क्लब रोड होते हुए रिसियप दोमुहान तक पूरे रास्ते को भक्तिमय कर दिया। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की टोली के घोड़े, नगाड़े और रथ के वाहन के काफिले ने लोगों का मन मोह लिया। यज्ञ समिति के सदस्यों ने कहा कि पांच दिनों तक चलने वाले इस यज्ञ में शाम में स्वामी कृष्ण प्रपन्नाचार्य जी महाराज के प्रवचन के बाद संगीत, रासलीला सहित का आयोजन होगा।

## बरकट्ठा मेले में उमड़े श्रद्धालु, विजयादशमी पर माता भवानी के दर्शन को पहुंचीं केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरकट्ठा (हजारीबाग)**। विजयादशमी के अवसर पर बरकट्ठा स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी माता भवानी के दर्शन करने पहुंचीं और मत्था टेककर क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि और लोगों के कल्याण की कामना की। उन्होंने बरकट्ठा में लगे दशहरा मेले का भी अवलोकन किया। इस दौरान सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति ने उन्हें अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया और केंद्रीय विद्यालय खोलने की अनुमति मिलने पर बधाई दी। मेले में खिलौने, मिठाइयों और चाइनीज फूड्स की सैकड़ों दुकानें सजी थीं। भगवान इंद्र की मेहरबानी से रात आठ बजे तक बारिश नहीं हुई, जिससे दुकानदारों की मिठाइयां अच्छी तरह बिक गईं और उन्हें नुकसान से बचाया। भीड़ को देखते हुए प्रशासन



ने डाकडीह से ब्लॉक चौक तक सड़क को वन-वे घोषित कर दिया था। मौके पर तैनात पुलिस बल ने सुरक्षा व्यवस्था को संभाला और इसे संतोषजनक बताया। इस अवसर पर मुखिया प्रमिला देवी, पंस सदस्य एवं पूर्व प्रमुख प्रीति गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष परमेश्वर प्रसाद साहू, उमेश यादव, मिथलेश भारती, पूजा समिति अध्यक्ष जीवलाल साव, शोभा समिति अध्यक्ष विजय यादव सहित कई भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### महात्मा गांधी के विचार आज भी हैं प्रसांगिक : राजनंदन

**ओबरा**। हैंडलूम महफिल कालीन केंद्र ओबरा में महात्मा गांधी के जयंती समारोह धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमोद कुमार ने किया। जबकि दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन प्रबंधक सह सचिव राजनंदन प्रसाद एवं सहायक प्रबंधक विकाश रत्नम ने संयुक्त रूप से किया । प्रबंधक राजनंदन प्रसाद ने उपस्थित लोगों को गांधी जयंती के मौके पर सबों को बधाई दी। कहा कि आज का दिन काफी महत्वपूर्ण है जिन्होंने भारत की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है , उनका आज जयंती है। गांधी जी ने भेद भाव मिटाने और देश को आजाद कराने में अपना जीवन लगा दिया जिसे भुलाया नही जा सकेगा । बापू ने खादी कपड़ों पर बल दिया। उन्होंने देशवासियों से स्वदेशी खादी कपड़ों का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने देश वासियों को सच्चाई और अहिंसा के रास्ते पर चलने को संदेश दिया। इस मौके पर संतोष कुमार, लखन प्रसाद, अरविंद श्रीवास्तव, कपिल भुइयां, रामप्रसाद भुईयां, डॉक्टर जयप्रकाश, विनोद कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे। वहीं खादी ग्रामोद्योग ओबरा में भी गांधी जयंती धूम धाम से मनाया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने उनके फोटो पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस मौके पर प्रबंधक राजाराम प्रसाद समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### उत्तर कोयल नहर परियोजना को पूरा करने की मांग

**रफीगंज**। प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित धरनास्थल पर गुरुवार को उत्तर कोयल नहर परियोजना के अधूरे कार्य को पूरा कराने की मांग को लेकर चल रहे धरने के बीच 156वीं गांधी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर किसान मजदूर मोर्चा के संयोजक मंडल के सदस्य अहमद राजा उर्फ लड्डू खान ने महात्मा गांधी के रूप में अपनी व्यथा सरकार के सामने रखी। उन्होंने सत्याग्रह के प्रतीकात्मक रूप में वर्तमान सरकार से लंबित मुद्दों के शीघ्र समाधान की मांग की। इस मौके पर डॉक्टर तुलसी यादव ने कहा कि "बिहार की इसी चंपारण की धरती से महात्मा गांधी ने सत्याग्रह आंदोलन की शुरुआत की थी, जिसके परिणामस्वरूप अंग्रेजों को भारत छोड़ना पड़ा। उसी तर्ज पर हम सभी 262 दिनों से लगातार धरना दे रहे हैं। हम केंद्र सरकार से आग्रह करते हैं कि हमारी आवाज़ भी सुनी जाए और मांगों का निपटारा जल्द किया जाए।" कार्यक्रम में सिद्धी यादव, सिकेंद्र यादव, समीर सिंहा, लालू यादव, चंदन पासवान, निखिल, विकास कुमार, डॉक्टर तुलसी यादव, सत्येंद्र यादव सहित कई लोग मौजूद रहे। गांधी जयंती के मौके पर धरनास्थल पर लोगों ने एक बार फिर सरकार से उत्तर कोयल नहर परियोजना को शीघ्र पूरा करने की मांग को दोहराया।

### रफीगंज स्टेशन परिसर में भव्य भंडारे का आयोजन

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज स्टेशन परिसर में भव्य भंडारे का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन आरपीएफ इंस्पेक्टर राम सुमेर, एसआई इंदल कुमार मंडल, स्टेशन अधीक्षक एस.के. पांडे, स्टेशन प्रबंधक सुनील शर्मा, एसएसई अनिल कुमार, अवधेश कुमार, सुरेश कुमार, सीबीएस एस. टोपो एवं जेई सिग्नल मोहन यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। स्टेशन प्रबंधक ने बताया कि वर्षों से स्टेशन परिसर में दुर्गा माता की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की परंपरा निभाई जा रही है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में डॉ. अरुण चौरसिया, नन्हे शर्मा, जोंटी सिंह, मनीष सिंह, चंदन कुमार, गुड्डू चौरसिया, आकाश चौरसिया, अकलू यादव, सुनील यादव, विक्की शर्मा, बैजू कुमार, बृज किशोर कुमार, जुगेश कुमार, चुन्नू सिन्हा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### पटेल पुस्तकालय में गांधी और शास्त्री जयंती मनी

**हसपुरा**। हसपुरा शहर स्थित लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल पुस्तकालय परिसर में गुरुवार को जदयू की ओर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू प्रखंड अध्यक्ष चन्द्रेश पटेल ने की, जबकि संचालन डॉ. फैज अहमद ने किया। जयंती समारोह में उपस्थित लोगों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर राजेन्द्र सिंह, कामाख्या नारायण सिंह, कृष्णा सिंह बागी, डॉ. राजू रंजन, गुड्डू पासवान, राजकमल विश्वकर्मा और तालिब खां सहित कई वक्ताओं ने दोनों महापुरुषों के जीवन और विचारों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग से देश को आज़ादी दिलाई, जबकि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने किसानों और जवानों को एक सूत्र में जोड़ते हुए "जय जवान, जय किसान" का नारा दिया, जो आज भी प्रासंगिक है। जदयू प्रखंड अध्यक्ष चन्द्रेश पटेल ने कहा कि अहिंसा के मार्ग पर चलना ही गांधी जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उनके विचार हमें ईमानदारी और सत्य के पथ पर चलने की प्रेरणा देते हैं।

# हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई दुर्गा पूजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। जिले में असत्य पर सत्य के विजय का पर्व दुर्गा पूजा हर्षोल्लास के साथ उत्सवी माहौल में संपन्न हुआ। मां दुर्गा की प्रतिमा के दर्शन के लिए शहरी व ग्रामीण इलाकों में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। कई स्थानों पर मेले का भी आयोजन किया गया। दर्शन का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। जिला मुख्यालय के गांधी मैदान में लंका दहन का भी आयोजन किया गया। वहीं शहर के जसोइयां मोड़, काली क्लब, धर्मशाला चौक, ओवरब्रिज, कर्मा रोड, तेलिया पोखर सहित जगहों में भव्य पूजा पंडालों में मां की प्रतिमा स्थापति की गई थी। बड़ी संख्या में दर्शन को पुरुष एवं महिला श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पूजा अर्चना के लिए लोग मध्य रात्रि तक घुमते रहे। प्रशासन द्वारा सुरक्षा का भी व्यापक इंतजाम किया गया था। पूजा पंडालों पर सशस्त्र बलों की प्रतनियुक्ति की गई थी। पुरा रात मेला का दृश्य कायम था। मिठाई के अलावा चाट पकौड़े की दुकानों पर लोगों की भीड़ लगी रही। बच्चे झुले भी झुल रहे थे। कई जगहों पर रामलीला का आयोजन किया गया था। इसमें सीता हरण, सर्पनखा का नाक काटने का दृश्य, रावण युद्ध से संबंधति रामलीला का आयोजन किया गया। रामलीला को देखने के लिए देर शाम तक लोगों की भीड़ लगी रही। कलाकारों का हौसला आफजाई करने के लिए ताली भी बज रही थी। पूजा के दौरान कई जगहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया था। हालांकि सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन का सिलसिला अब भी जारी है। शहर के चप्पे-चप्पे पुलिस प्रशासन काफी मुश्तैद दिखी। डीएम श्रीकांत शास्त्री, एसपी अम्बरीष राहुल, एसडीपीओ-०1 संजय कुमार पांडेय, एसडीओ संतन कुमार सिंह, नगर थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह, मुफस्सिल थानाध्यक्ष अशोक कुमार सहित अधिकारी पूजा पंडालों का भ्रमण करते देखे गए।

# पीवीयूएनएल पतरातू में डांडिया, रामलीला और रावण दहन ने बढ़ाया दशहरा उत्सव का आकर्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पतरातु (रामगढ़)**। पीवीयूएनएल टाउनशिप में दुर्गा पूजा एवं दशहरा का उत्सव श्रद्धा, उल्लास और सांस्कृतिक वैभव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अनेक रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पहले दिन माता की चौकी का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तिमय माहौल ने सभी को भावविभोर कर दिया। दूसरे दिन संगीत संध्या एवं इंटर हाउस प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें पीवीयूएनएल परिवार के सदस्यों ने अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रात्रि में आयोजित डांडिया कार्यक्रम आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा, जिसने पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में छाऊ नृत्य



की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दशहरे के दिन बाल भवन के बच्चों द्वारा रामलीला का मंचन किया गया, जिसने सभी को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की आदर्श गाथा से जोड़ दिया। इसके उपरांत रावण दहन का भव्य आयोजन टाउनशिप ग्राउंड में किया गया, जिसमें भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर पीवीयूएनएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए.के. सेहगल, स्वरनरेखा महिला समिति की अध्यक्ष रेनू सेहगल, जीएम (ओएंडएम) मनीष खेतरपाल, सीजीएम (प्रोजेक्ट) अनुपम मुखर्जी, जीएम (प्रोजेक्ट) विष्णु दाश, जीएम (मेंटेनेंस) ओ.पी. सोलंकी, जीएम (टीएस) संगीता दाश सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं उनके परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूरे आयोजन ने टाउनशिप में सामूहिकता, संस्कृति और परंपरा की छटा बिखेर दी और कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों को एक सूत्र में जोड़ दिया।

# 52,835 महिलाओं को 10-10 हजार रुपये की राशि का अंतरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। 3 अक्टूबर 2025 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कर-कमलों द्वारा 1, अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत 25 लाख लाभुक महिलाओं को प्रति लाभुक 10 हजार रुपये की दर से कुल 2500 करोड़ रुपये की राशि का डीबीटी के माध्यम से अंतरण किया गया। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण समाहरणालय सभाकक्ष, नवादा में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की उपस्थिति में किया गया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का शुभारंभ आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर-कमलों द्वारा दिनांक 26 सितम्बर 2025 को



किया गया था। शुभारंभ दिवस पर राज्य की 75 लाख महिला लाभुकों को 10 हजार रुपये प्रति लाभुक की दर से 7500 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की गई थी। आज के अंतरण के साथ ही अब तक कुल 1 करोड़ महिला लाभुकों के खाते में 10 हजार करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित हो चुकी है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि आज की विशेष उपलब्धि यह रही कि एक करोड़वीं लाभुक अंजु कुमारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़कर अपना अनुभव साझा किया और प्रसन्नता व्यक्त की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य के प्रत्येक परिवार की एक महिला को उनकी पसंद के रोजगार की शुरुआत करने हेतु आर्थिक सहायता देना है। इसके तहत प्रारंभिक सहायता के रूप में 10 हजार रुपये दिए जा रहे हैं। रोजगार प्रारंभ करने के बाद आकलन के उपरांत महिलाओं को 2 लाख रुपये तक की अतिरिक्त वित्तीय सहायता भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस योजना के क्रियान्वयन से महिलाओं की स्थिति और अधिक मजबूत होगी, वे आत्मनिर्भर बनेंगी तथा राज्य एवं देश के आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। इस अवसर पर जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक चंदन कुमार सुमन ने जानकारी दी कि नवादा जिले की 52,835 महिला लाभुकों को प्रति लाभुक 10,000 रुपये की राशि का अंतरण किया गया है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण समाहरणालय सभाकक्ष के साथ-साथ जिले के ग्राम संगठन, संकुल संघ एवं प्रखंड स्तर पर भी किया गया, जिसमें 1,58,834 से अधिक जीविका दीदियां सम्मिलित हुई। कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त प्रियंका रानी, गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं जीविका दीदियां उपस्थित रहीं।

# लापता महिला का शव नदी से बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। बिंद थाना क्षेत्र के बरहोग गांव से लापता एक महिला का शव शुक्रवार को जिराइन नदी से बरामद हुआ। मृतका की पहचान बरहोग गांव निवासी धर्मेंद्र राम की पत्नी सुनीता देवी के रूप में की गई है। बताया जाता है कि सुनीता देवी गुरुवार को अचानक लापता हो गई थीं। परिजनों और ग्रामीणों ने आशंका जताई थी कि वह जिराइन नदी में डूब गई होंगी। इसी क्रम में गुरुवार शाम एसडीआरएफ की टीम ने नदी में गहन खोजबीन भी की, लेकिन उस समय कोई सुराग नहीं मिल पाया। शुक्रवार को सुबह ग्रामीणों ने चानन



खंधा के पास नदी में शव को उपलाते देखा और तुरंत परिजनों व पुलिस को इसकी सूचना दी। जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष चंदन कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ भेज दी।

# नम आंखों से दी गई मां को विदाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। जिले में दुर्गा पूजा 2025 का समापन शांतिपूर्ण माहौल में हुआ। शुक्रवार को जिले भर में प्रतिमाओं का विसर्जन पारंपरिक उत्साह और धार्मिक आस्था के साथ किया गया। हजारों श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों की धुन पर झूमते हुए जुलूस में शामिल हुए। नम आंखों से दी गई मां की विदाई। विसर्जन जुलूस को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रही । अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) बिहारशरीफ वैभव नितिन काजले और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ)



बिहारशरीफ नुरुल हक़ स्वयं घाटों पर मौजूद रहे और सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करते रहे। जगह-जगह दंडाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती की गई थी। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष चौकसी बरती गई। नगर के विभिन्न पूजा पंडालों की प्रतिमाएं नियत मार्ग से होकर जुलूस की शक्ल में विसर्जन स्थलों तक पहुंचीं। पुलिस और प्रशासन की ओर से पर्याप्त बैरिकेडिंग, रोशनी और गोताखोरों की व्यवस्था की गई थी, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। अधिकारियों ने बताया कि पूरे अनुमंडल क्षेत्र में विसर्जन शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। प्रशासन ने इसके लिए आमजन और पूजा समितियों को धन्यवाद दिया, जिन्होंने सहयोग कर व्यवस्था बनाए रखने में मदद की।

# बेरोजगारों को योजनाओं से जोड़ने का अभियान शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। जिले के न्यूनतम पांच हजार बेरोजगारों को कृषि एवं पशुपालन जैसे रोजगार से जोड़ने की महत्वाकांक्षी योजना का शुभारंभ पूर्व श्रम राज्य मंत्री राजबल्लभ प्रसाद ने गोनी पहाड़ी के निकट 11 नंबर ब्लॉक स्थित प्रस्तावित कोल्ड स्टोरेज निर्माण स्थल पर कर दिया है। हजारों किसानों और पशुपालकों की उपस्थित में सर्व प्रथम निर्माणाधीन कोल्ड स्टोरेज भवन का भूमिपूजन सदर विधायक विभा देवी एवं उनके पौत्रों ने किया। तत्पश्चात चयनित पशुपालकों को ब्याज मुक्त ऋण के तहत पशु वितरित करने की औपचारिक प्रक्रिया शुरू की गई जो देर शाम तक चलता रहा। इसके अलावे लगभग 10 एकड़ भूमि पर निर्माणाधीन कोल्डस्टोरेज का निरीक्षण किसानों ने किया । विदित हो कि यह कोल्ड स्टोरेज गोवर्द्धन एग्रो एंड इंफ्राटेक प्रा. लि. की ओर से निर्मित किया जा रहा है जिसके निदेशक एकलव्य कुमार एवं अखिलेश कुमार हैं । निदेशक द्वय ने बताया कि नवादा में दशकों से कोई कोल्ड स्टोरेज नहीं है जिसके कारण किसानों या कृषि व्यवसायियों को गया या बिहार शरीफ जाना पड़ता है। 14 फरवरी से सभी इच्छुक किसान आलू प्याज, फल फूल इत्यादि का उचित मूल्य पर सुरक्षित भंडारण कर सकते हैं। दूसरी ओर श्री राज कृष्णा ट्रस्ट के अध्यक्ष सह पूर्व श्रम राज्य राजबल्लभ प्रसाद ने बताया कि जिले से लगभग 5 लाख लोग रोजी रोटी के लिए अन्य प्रदेशों में पलायन कर जाते हैं। ट्रस्ट के द्वारा इनमें से न्यूनतम 5 हजार लोगों को कृषि और पशुपालन जैसे रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य है। इसके लिए प्रति माह एक करोड़ रुपए का पशु ब्याजमुक्त ऋण के रूप में पशुपालकों को दिया जाएगा। 6 लाख से 10 लाख तक का ऋण प्रत्येक चयनित आवेदकों को दिया जाएगा और एक से तीन वर्ष के बीच ब्याजमुक्त ऋण भुगतान कराया जाएगा।

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 03-10-2025 21:34 Page 1



# त्रिवेणीगंज में आज पहली बार चलेगी ट्रेन

- रेल प्रशासन की तैयारियां पूरी
- लोग गवाह बनने को आतुर
- सांसद दिखायेंगे हरी झंडी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

सुपौल। कोसी क्षेत्र के लिए शनिवार का दिन ऐतिहासिक होगा क्योंकि त्रिवेणीगंज से पहली बार ट्रेन सेवा का शुभारंभ किया जाएगा।

सांसद दिलेश्वर कामैत हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना करेंगे। जिसके बाद त्रिवेणीगंज से सहरसा के लिए पहली पैसेंजर ट्रेन शुरू हो जाएगी। यह ट्रेन सेवा सुपौल-अररिया नई रेलवे लाइन के तहत शुरू की गई है। जिसमें त्रिवेणीगंज से अमहा पिपरा के बीच 27 सितंबर को सीआरएस द्वारा निरीक्षण किया गया था।

निरीक्षण की स्वीकृति के बाद अब यहां से नियमित ट्रेनों का परिचालन शुरू किया जाएगा। फिलहाल सहरसा-अमहा पिपरा पैसेंजर ट्रेन का विस्तार त्रिवेणीगंज तक कर दिया गया है। आने वाले समय में इस रेल लाइन को राजधानी पटना सहित देश के अन्य बड़े शहरों से जोड़ने की योजना है।

सांसद ने इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया। उन्होंने कहा कि जब यहां से पहली पैसेंजर ट्रेन की शुरूआत होगी जो केवल एक ट्रेन नहीं, बल्कि विकास की नई दिशा है। इससे लोगों को कम खर्च में यात्रा की सुविधा मिलेगी और व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा।

उन्होंने कहा कि रेलवे में सेवा देने के उपरांत सांसद बनने के बाद उपेक्षित शहरों को रेल सेवा से जोड़ने की उनकी प्राथमिकता रही है। उन्होंने लोगों से समारोह में बड़ी संख्या में भाग लेने की अपील की। रेल सेवा शुरू होने से त्रिवेणीगंज व आसपास के क्षेत्रों को बेहतर परिवहन सुविधा, व्यापारिक अवसरों में वृद्धि और शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान पहुंच मिलेगी। क्षेत्रीय लोगों में इस सुविधा को लेकर काफी उत्साह है।

# स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के सवाल पर राजनीतिक पार्टियों में सन्नाटा

## स्वामी जी ने सनातनी मतदाताओं में पैदा कर दी धर्म संकट की स्थिति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने बिहार में सनातनी राजनीति का शंखनाद किया। गो मतदाता संकल्प यात्रा निकाली। कहा, बिहार में सभी विधानसभा क्षेत्रों में गो रक्षक प्रत्याशी खड़ा करेंगे। शंकराचार्य गो भक्तों का चुनाव प्रचार भी करेंगे। प्रेस वर्ता में अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा तभी संभव है जब हम गो माता का संरक्षण करेंगे। गो रक्षा हमारी आस्था का विषय ही नहीं, बल्कि यह हमारे समाज और संस्कृति की भी आधारशिला है।

उन्होंने सभी लोगों से आग्रह किया कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में केवल उन्हीं प्रत्याशियों को वोट दें, जो गो रक्षा को लेकर स्पष्ट और दृढ़ संकल्पित हों। शंकराचार्य ने बताया कि हम सभी राष्ट्रीय पार्टी के दिल्ली कार्यालय पर गए और पूछा कि गो माता को राष्ट्र माता घोषित करने के लिए अपना पक्ष लोकसभा में रखिए और हमें बताइए, लेकिन अभी किसी भी राजनीतिक दल ने अपना पक्ष नहीं बताया।

इसलिए अब मजबूरी में हमें बिहार विधानसभा चुनाव में गो भक्त प्रत्याशी उतारना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद औपचारिक रूप से यह बताया जाएगा कि कौन-कौन उम्मीदवार उनके तरफ से चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने गो भक्तों से अपील किया कि वे गो रक्षक उम्मीदवार को ही अपना बहुमूल्य वोट दें। अगर किसी पार्टी का उम्मीदवार गो रक्षा का शपथ पत्र भरकर दे रहा है तो वहां हम अपना उम्मीदवार नहीं देंगे।

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती एक प्रमुख हिंदू संत और ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य हैं। उनका जन्म 15 अगस्त 1969 को उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले के ब्राह्मणपुर गांव में



हुआ था, और उनका मूल नाम उमाशंकर उपाध्याय था। उन्होंने वाराणसी के संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय से शास्त्री और आचार्य की शिक्षा ग्रहण की है।

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद 15 अप्रैल 2003 को दंड सन्यास की दीक्षा ली और उन्हें नया नाम स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती मिला। उनके गुरु जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती थे, जो एक स्वतंत्रता सेनानी और प्रमुख धार्मिक नेता थे।

सितंबर 2022 में स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के निधन के बाद, स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को ज्योतिष पीठ का शंकराचार्य नियुक्त किया गया। वह वर्तमान में इस पद पर आसीन हैं और हिंदू धर्म की रक्षा और प्रचार-प्रसार के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती गौ-रक्षा, सनातन परंपराओं की पुनर्स्थापना, और मंदिरों की स्वतंत्रता के लिए काम करते हैं। उन्होंने 2008 में गंगा को राष्ट्रीय नदी घोषित करने के लिए लंबे समय तक अनशन किया था। वह धर्म संसद की बैठकों में भी सक्रिय रूप से भाग लेते हैं और सनातन धर्म के संरक्षण के लिए काम करते हैं।

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती अक्सर अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहते हैं। उन्होंने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर सवाल उठाए थे और उत्तर प्रदेश सरकार की अव्यवस्थाओं की आलोचना की थी। उनके बयानों को लेकर अक्सर विवाद होता है, लेकिन वह अपने विचारों को स्पष्ट रूप से व्यक्त करने के लिए जाने जाते हैं।

# . . . और रावण फिर नहीं मरा

आज विजयादशमी थी। आसपास खासी चहल पहल और रौनक थी। चारों तरफ कोलाहल था । वातावरण जोश और उमंग से सराबोर था। ज्ञानू उम्रदराज हो चुके थे पर उनकी जीने की आस और कुछ कर गुजरने का जुनून हर दिन नई ऊर्जा का संचार कर रहा था। नवरात्रि का परमानंद अभी महाष्टमी का हवन कर चरम पर था। कन्या जिमाने की तैयारी चल रही थी। कई लंगूर पूरी और खीर के चक्कर में इर्द गिर्द घूम रहे थे। कुछ नौजवान रावण दहन की योजना बनाने के मशगूल थे।

अभी तो बचपन और जवानी की यादें भी धूमिल नहीं हुई थी कि जीवन की आपाधापी में अधेड़ावस्था ने कब चुपके से प्रवेश किया ज्ञानू को मालूम ही नहीं चला। उसके जीवन में कई दशहरे आए और गए पर सही मायनों में रावण दहन की हसरत अब तक सार्थक नहीं हो पाई थी। रावण दहन यानी समस्त बुराइयों का अंत। आज भी प्रतीकात्मक बुराइयां यानी रावण का पुतला जमीन पर तैयार था। उसके दस सिर और तलवार भयानक लग रहे थे। ज्ञानू ने एक नजर रावण के पुतले पर डाली और पुनः निश्चय किया कि इस बार वो रावण का अंत कर के ही दम लेगा और अन्य सभी लोगों को बुराइयों के अंत के लिए प्रेरित करेगा। शायद बरसों का मन का मलाल इस बार निकल जाए और अंतर्निहित और बाह्य वातावरण में व्याप्त बुराइयों के अंत का शंखनाद हो जाए।

ज्ञानू के जेहन में भूत की यादें वर्तमान पर हावी होने की कोशिश कर रही थी कि तभी राजू की आवाज



..पापा थोड़ा हट जाए क्रेन आए गई, ने ज्ञानू को यथार्थ पर लाकर खड़ा किया। कुछ ही समय में गरजता रावण खड़ा हो गया था। चारों ओर हर्ष का माहौल था। महिलाएं गोलगप्पे, चाट और पकोडों के रसास्वादन में व्यस्त थी। बच्चों की धमाचौकड़ी बढ़ती जा रही थी। व्यवस्थापकों द्वारा रावण के आसपास आवाजाही पर रोक लगा दी थी। सभी को जीवन की पुनः सकारात्मक शुरूवात का बेसब्री से इंतजार था जो रावण दहन से प्रारंभ होने था। ज्ञानू रावण की शान शान शौकत और ठाठ बाट देखकर आहत थे। अब उसे सूर्यास्त का इंतजार था जब रावण दहन होगा और उसके अहंकार का सर्वनाश होगा।

मौसम सुहावना था और गुलाबी ठंड दस्तक दे रही थी। सभी उत्सुकता से रावण दहन की प्रतीक्षा कर रहे थे। अचानक मौसम ने करवट ली और भास्कर, मेघों से आंखमिचौली खेलने लगे तेज हवा के साथ जोरदार बारिश होने लगी। मंच से उद्घोषक बारम्बार रावण दहन का आग्रह करने लगा पर मूसलाधार बारिश के आगे सभी बेबस थे। कुछ समय में ही रावण पूरी तरह से गीला हो चुका था। आयोजक और आगंतुक मात्र मूकदर्शक बन रह गए थे। कुछ नौजवान रावण दहन पर आमादा थे। पचासों लीटर मिट्टी का तेल रावण पर डाला गया पर उसे नहीं जलाया जा सका। उसके अंदर निहित विस्फोटक आतिश बाजी नम हो चुकी थी। आग से उसके वस्त्र ही जल पाए और अधजला रावण अभी भी सीना ताने डटा हुआ था।

और रावण फिर नहीं मरा था। लोगों के चेहरे पर मायूसी और विषाद परिलक्षित था। सभी नाकामी और हतोत्साह की वेदना से ग्रसित थे। ज्ञानू रावण की खुशकिस्मती पर हैरान था। ज्ञानू की क्रांतिकारी परिवर्तन की हसरत फिर अधूरी रह गई थी। उसे लगा कि कलयुगी रावण का अंत इतनी आसानी से नहीं होगा। जब आभास ही इतना अगम है तो भविष्य की जद्दोजहद कितनी दुश्वार होगी। यह तो निश्चित हो गया कि ईश्वर की अनुकम्पा के साथ इंसान की प्रतिबद्धता और सतत कठिन प्रयास आवश्यक है। हर एक को पूरे वर्ष भर सकारात्मक रवैये और निरंतरता के साथ पुरजोर यत्न करना होगा। जीवन की सार्थकता के लिए पुनः प्रयास लाजमी है।

# पंडाल में करंट से बच्चे की मौत

**दरभंगा।** विश्वविद्यालय थानाक्षेत्र के आजमनगर स्थित दुर्गा पूजा पंडाल में बुधवार की देर शाम करंट लगने से आठ वर्षीय पुत्र अमरजीत कुमार की मौत हो गई। घटना से स्वजन सहित पूजा समिति में कोहराम मच गया। पूरे मोहल्ले में मातम छा गया। स्वजन ने शव को उठाकर मंदिर में माता के सामने रख दिया। इसके बाद हंगामा करने लगे। देखते ही देखते आक्रोशित लोगों ने मब्बी-बादिराबाद सड़क को जाम कर दिया। सड़क पर आगजनी कर सभी मुआवजा और लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे।

बताया जाता है कि पूजा पंडाल मंदिर के पीछे भी लोहे के एंगल पर फूल सजाया गया था। जिसके ऊपर बल्ब लगाया गया था। इस बीच स्थानीय निवासी श्याम महतो के आठ वर्षीय पुत्र अमरजीत कुमार करंट प्रवाहित लोहे के एंगल की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उधर, सूचना मिलने पर पहुंचे थानाध्यक्ष सुधीर कुमार और पूजा समिति के सदस्यों ने काफी मशक्कत के बाद आक्रोशित लोगों को समझाने में कामयाब हुए। सरकारी सहायता मुहैया कराने के आश्वासन पर सभी जाम को हटाने को तैयार हुए।

# विसर्जन में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## दुर्गा मइया के जयकारा से भक्तिमय हुआ इलाका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड क्षेत्र के गांवों में विजयादशमी के अवसर पर माता दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ किया गया। करियन, बाघोपुर, शिवाजीनगर, रमौल, परबाना, रामभद्रपुर घिबाही, दसौत, रानी पड़ती, बंडीहा, धर्मपुर, रहटोली, मधुरापुर, बल्लीपुर, बेला समेत सभी गांवों से भक्तगण शोभायात्रा निकालते हुए विसर्जन स्थल तक पहुंचे।

इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। जगह-जगह जय माता दी, दुर्गा मइया की जयऱ, बोलो मां भगवती की जय जैसे गगनभेदी जयघोष से पूरा इलाका गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालु अपने कंधों पर और ट्रैक्टरों पर प्रतिमाओं को लेकर शोभायात्रा में आगे बढ़ते रहे। यात्रा के दौरान मां के भजन-कीर्तन गाए गए और ढोल-नगाड़ों की थाप पर युवा और बच्चे झूमकर नाचते नजर आए ।शिवाजीनगर,छेत्र के सभी गांव में माता की प्रतिमा को अपने अपने गांव के पोखर और बागमती और करेह नदियों में प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। विसर्जन के दौरान भक्तों में भावुकता और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला वहीं, प्रशासन ने भी सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए थे। शिवाजीनगर थानाध्यक्ष रबिंद्र कुमार और हथौड़ी थानाध्यक्ष मौसम कुमारी स्वयं दल-बल के साथ मौजूद रहीं। पुलिस बल लगातार शोभायात्रा की निगरानी करता रहा ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो ग्रामीणों ने बताया कि इस बार विसर्जन में पहले की अपेक्षा अधिक संख्या में लोग शामिल हुए। भक्तिमय माहौल में पूरे क्षेत्र ने माता दुर्गा को विदाई दी और अगले वर्ष पुनः आगमन की मंगलकामना की।

# सिंदूर खेला के बाद भक्तों ने दी मां को विदाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** शारदीय नवरात्र के अगले दिन यानी दशमी को दुर्गा पूजा का समापन हो गया। महिलओं ने सिंदूर खेला की रस्म को पूरा किया। उसके बाद मां दुर्गा को विदाई दी।

एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर मंगलकामनाएं दीं। ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ माता रानी की मूर्ति को नजदीक के जलाशयों में विसर्जित किया गया।

नगर निगम प्रशासन ने नदी में मूर्ति विसर्जन की वजह से होने वाले प्रदूषण के मद्देनजर कृत्रिम तालाबों में विसर्जन करने का निर्देश दिया था। इसके लिए निगम की ओर से कृत्रिम तालाब बनाए भी गए थे।

माना जा रहा है कि यह कदम पर्यावरण और जल प्रदूषण को रोकने के लिए उठाया गया। विसर्जन के साथ ही नवरात्रि की पूजा और साधना का समापन हो गया है। अब सभी भक्त अगले वर्ष मां दुर्गा की वापसी का इंतजार करेंगे।

# चर्च में डकैती, अपराधियों ने पादरियों को किया जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सिमडेगा।** हथियारबंद अपराधियों ने एक बार फिर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तुमडेगी चर्च में धावा बोलकर डकैती की घटना को अंजाम देते हुए ईसाई धर्मगुरुओं पर जानलेवा हमला किया है। चर्च के दो धर्मगुरु डीन सह पल्ली पुरोहित थोमस सोरेंग व सहायक पल्ली पादरी इमैनुएल बाघवार को अपराधियों ने मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। अपराधियों ने हथियार के बल पर लाखों रुपए की डकैती कर ली। इधर मिली जानकारी के अनुसार घटना करीब ढाई से तीन बजे रात की बताई जा रही है। लगभग 10-12 की संख्या में नकाबपोश अपराधी तुमडेगी पल्ली पहुंचे थे।

धर्मगुरुओं के अनुसार कई अपराधियों के पास पिस्टल जैसे छोटे हथियार भी थे। उन्होंने सबसे पहले दोनों धर्मगुरुओं को मारपीट कर घायल किया। उसके बाद पैसे और जेवरात आदि की मांग करने लगे। डरे-सहमे धर्मगुरुओं ने उन्हें जानकारी दे दी और अपराधी अलग-अलग रखे करीब साढ़े तीन लाख रुपये लेकर फरार हो गए। इसके बाद धर्मगुरुओं ने अन्य लोगों को जानकारी दी। सुबह घटना की जानकारी मिलते ही घायल धर्मगुरुओं को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां सिविल सर्जन सुंदर मोहन समद की देखरेख में डॉक्टरों ने इलाज किया।

इधर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक मो. अर्शी, डीएसपी रणवीर सिंह और एसडीपीओ बैजू उरांव व प्रशिक्षु डीएसपी रविकांत साव के साथ सदर अस्पताल पहुंचे। जहां उन्होंने पूरे मामले की जानकारी ली।

तत्पश्चात एसपी के निर्देश पर डीएसपी और एसडीपीओ ने पुलिस टीम के साथ तुमडेगी चर्च पहुंचकर जांच प्रारंभ की। विदित हो कि इससे पूर्व बोलबा के समसेरा चर्च में कुछ माह पूर्व अपराधियों ने धर्मगुरुओं पर हमला कर डकैती की घटना को अंजाम दिया था।

# बाबू लाल मरांडी की बहू के साथ बदसलूकी

**हजारीबाग।** झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी की पुत्रवधू प्रीति किस्को और उनके ड्राइवर के साथ हजारीबाग जिले के अमृत नगर पूजा पंडाल के पास मारपीट की गई। उनके साथ भीड़ ने बदसलूकी की। मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान वाहन जाम में फंसने पर विवाद बढ़ा और कुछ लोगों ने ड्राइवर को बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया। बीच-बचाव करने उतरी प्रीति किस्को के साथ भी गाली-गलौज एवं बदतमीजी की गई। घटना में पीड़िता के बयान पर पूरी पूजा समिति के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराई गई है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच में जुटी है। लेकिन घटना बाबूलाल मरांडी के परिवार से जुड़ा होने के कारण मामले ने राजनीतिक रंग भी लेना शुरू कर दिया है।

# मूर्ति विसर्जन के दौरान तीन बच्चे डूबे

## घटनास्थल पर मची अफरातफरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले में मां काली की प्रतिमा विसर्जन के दौरान बड़ा हादसा हो गया। शुक्रवार को दीपनगर थाना क्षेत्र के हथियाखाड़ के पास पंचाने नदी में एक साथ तीन नाबालिग डूब गए। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लापता बच्चों की पहचान बिहार थाना क्षेत्र के झींगनगर के रहने वाले मंदीप, सागर और मोहित के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, प्रतिमा विसर्जन से कुछ देर पहले बच्चे नदी में नहाने लगे थे। इसी दौरान चार बच्चे तेज धार में बह गए। इनमें से एक बच्चा किसी तरह बाहर निकल आया, जबकि तीन अन्य तेज बहाव में डूबकर लापता हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उनका पता नहीं चल सका। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और



प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। एसडीआरएफ की टीम को बुलाकर बच्चों की तलाश शुरू कर दी गई है। थाना अध्यक्ष राजमणि ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से कोसुक में प्रतिमा विसर्जन के लिए निर्धारित स्थल बनाया गया था, लेकिन झींगनगर पूजा समिति की ओर से हथियाखाड़ के पास प्रतिमा विसर्जन किया जा रहा था। इसी दौरान यह हादसा हुआ। फिलहाल एसडीआरएफ की टीम नदी में लापता बच्चों की तलाश कर रही है और गांव में मातम पसरा हुआ है।

# पुलिस ने शराब भट्ठी को किया ध्वस्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इमामगंज।** इमामगंज प्रखंड के सुहैल-सलैया थाने की पुलिस और एसएसबी ने संयुक्त रूप से एक शराब भट्ठी को ध्वस्त किया है। थानाध्यक्ष रविकांत कुमार के अनुसार, जारी आहर के जंगल में स्थित इस भट्ठी से 200 लीटर अर्द्धनिर्मित शराब और संबंधित उपकरणों को नष्ट किया गया है।

भट्ठी संचालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इसके अतिरिक्त, इमामगंज पुलिस ने पटेल परसिया गांव के विशेश्वर साव के घर से 15 लीटर देशी शराब बरामद की है। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि धंधेबाज पुलिस के पहुंचने से पहले फरार हो गया था, जिसके खिलाफ प्राथमिकी की गई है। बोधगया थाना क्षेत्र के बकरौर गांव में भी पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की। बकरौर स्थित एक घर में विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब, केन बियर और एक डीपफ्रिजर मिला। थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि तस्कर मौके से फरार हो गया।

# दलमा के जगलों में हाथियों का अस्तित्व संकट में



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** कहीं पलामू टाइगर रिजर्व की तरह, दलमा से भी गायब न हो जाए हाथी।जिस तरह टाईगर की जनसंख्या बढाने व संरक्षित करने के लिए पलामू टाइगर रिजर्व को केंद्र सरकार ने 1973 में संरक्षित घोषित किया था।

आज पलामू टाइगर रिजर्व को बाघों के लिए संरक्षित घोषित किए 52 साल हो गए, जिस पर अब तक अरबों रुपये वेतन से लेकर विकास के नाम पर खर्च कर दिए गए, लेकिन आज 52 साल के बाद भी यहां मात्र एक बाघ है।

जिस राह पर पलामू टाइगर रिजर्व से बाघ गायब हो गए, ठीक उसी तरह कभी हाथियों की चिंघाड़ से गूंजने वाला दलमा का इलाका अब सुनसान हो गया है।

बीते छह माह से यहां हाथी ना के बराबर रह रहा है। बीते साल जहां दलमा में 80 से अधिक हाथी पाए गए आज मात्र 10 हाथी कोर इलाके में हैं। बाघ के लिए संरक्षित पलामू टाइगर रिजर्व व हाथियों के लिए संरक्षित दलमा के विकास पर अरबों रुपये पानी की तरह फूंका जा रहा है, लेकिन कोई ठोस प्लान नहीं बनने के कारण धीरे-धीरे हाथियों के लिए संरक्षित दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी से हाथी गायब होता जा रहा है।

# कलश विसर्जन के दौरान ठनका गिरने से दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** नवादा जिले के सिरदला प्रखंड क्षेत्र में बुधवार की दोपहर बाद एक हादसा हो गया। बांधी पंचायत के मूर्तियां गांव से दर्जनों श्रद्धालु कलश विसर्जन के लिए जमुगाय नदी पहुंचे थे। इसी बीच तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिर गयी। इस हादसे में एक महिला व एक पुरुष की मौत की बात कही जा रही है।

मृतक में ममता देवी व पप्पू कुमार हैं। जबकि इस घटना में कई घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बिजली गिरते ही कई श्रद्धालु मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़े।

स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल घायलों को सिरदला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। वहां तैनात चिकित्सक ने सभी घायलों का इलाज किया। चिकित्सक डॉ. उमेश कुमार शर्मा ने मूर्तियां गांव निवासी ममता देवी व एक पुरुष पप्पू कुमार को मृत घोषित



किया।

वहीं, घायलों में मूर्तियां गांव के हरिनंदन प्रसाद के पुत्र विष्णु दयाल, कृष्णदेव दयाल, सरयू मिस्त्री की पत्नी शोभा देवी, मदेश प्रसाद के पुत्र आलोक कुमार सहित ग्राम कोलडीहा के संजय प्रसाद के पुत्र प्रीतम कुमार शामिल हैं। इनमें से दो की स्थिति नाजुक बताई जा रही है, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए नवादा सदर अस्पताल रेफर किया गया है। अन्य घायलों का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और निजी अस्पतालों में चल रहा है।

घटना की सूचना मिलते ही अस्पताल परिसर में परिजनों की भीड़ उमड़ पड़ी। रोने-बिलखने की आवाज से माहौल गमगीन हो गया।

# मेला देखकर लौट रही नाबालिग से गैंगरेप के बाद हत्या, सनसनी

## पोखर से मिली लाश, लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

बेगूसराय। गुरुवार की रात्रि में दूर्गा पूजा मेला देखकर घर लौटती एक 13 वषीर्या किशोरी बदमाशों के बदनियती की शिकार बनी। किशोरी के साथ बदमाशों ने दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर शव को समीप के पोखर में फेंक दिया।

दिन खुलते ही पोखर में निर्वस्त्र किशोरी का शव देखते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। उक्त घटना चेरिया बरियारपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली है।

जानकारी के अनुसार किशोरी के पिता एक दिव्यांग ई-रिक्शा चला कर परिवार का भरण पोषण करता हैं। इधर ग्रामीणों के द्वारा घटना की सूचना स्थानीय थाना पुलिस को दी गई। लेकिन पुलिस के बिलंव से पहुंचने के कारण लोगों में आक्रोश बढ़ता गया। जब पुलिस स्थल पर



पहुंची तो भीड़ ने पोखर से शव निकालने से रोक कर प्रदर्शन करते हुए पुलिस कप्तान को घटना स्थल पर बुलाने की मांग करने लगा। जिसके पश्चात एसडीपीओ मंझौल नवीन कुमार घटना स्थल पर पहुंचे। लोगों के आक्रोश पर अंकुश लगाने की नाकाम कोशिश में जुट गए। लेकिन ग्रामीणों की भीड़ ने फॉरेन्सिक टीम एवं डॉग स्क्वायड की बुलाने की मांग करते हुए समाचार प्रेषण तक शव को पोखर से निकालने नहीं दिया है।

एसडीपीओ एवं थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार पुलिस टीम के साथ घटना स्थल पर कैम्प कर रहे हैं।इधर इस वीभत्स घटना ने लोगों को झकझोर दिया है।

# सरपंच संघ के अध्यक्ष सह सरपंच के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकमा/मांझी (सारण)।** मांझी प्रखंड सरपंच संघ के अध्यक्ष व गोबरही पंचायत के सरपंच, गोबरहीं टोला निवासी भरत सिंह (75) का गुरुवार की रात हार्ट अटैक से निधन हो गया। परिजनों के अनुसार रात में हार्ट अटैक आने के बाद उन्हें इलाज के लिए एकमा सीएचसी ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

भरत सिंह लगातार तीसरी बार गोबरही पंचायत से सरपंच चुने गए थे। उनके निधन की खबर से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। दरवाजे पर जुटे पंचायत प्रतिनिधियों, ग्रामीणों व शुभचिंतकों ने उन्हें मृदुभाषी व मिलनसार व्यक्तित्व का धनी बताया।

परिजनों ने बताया कि बुधवार को ही उनके समधी, रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेंनिंग कॉलेज के संस्थापक ट्रस्टी व एकमा प्रखंड के एकड़ीपुर गांव निवासी राम नारायण सिंह का भी हार्ट अटैक से निधन हो गया था। गुरुवार को दिन में डुमाईगढ़ स्थित सरयू नदी के घाट पर हुए उनके अंतिम संस्कार में भरत सिंह भी शामिल हुए थे। माना जा रहा है कि समधी की मौत का गहरा सदमा वे सहन नहीं कर सके। इससे पूर्व लगभग नौ वर्ष पहले उनके इकलौते पुत्र विवेक कुमार सिंह की रेल दुर्घटना में मौत हो चुकी थी। इन घटनाओं से वे काफी दुःखी व व्यथित थे। अपने पीछे अब एक विवाहिता पुत्री-दामाद व भाई का परिवार छोड़ गये हैं। भरत सिंह के निधन पर बड़ी संख्या में लोग उनके घर पहुंच कर शोक संवेदना प्रकट की। शोक जताने वालों में जदयू



नेता सुनील सिंह, निरंजन सिंह, रौशन सिंह भवानी, भाजपा नेता मुकेश कुमार सिंह, राजद नेता सुधांशु रंजन, मुखिया मनीष कुमार सिंह, पैक्स अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह, प्रो अजीत कुमार सिंह, डीलर मदन गोपाल सिंह, पत्रकार वीरेश सिंह, मनोज कुमार सिंह, तारकेश्वर प्रसाद, केके सिंह सेंगर, संजय पांडेय, समाजसेवी डॉ सत्यदेव प्रसाद यादव, संजीव शर्मा, मुखिया राजेश पांडेय, मुखिया प्रतिनिधि जयप्रकाश पांडेय, सरपंच विजय चौरसिया, विजय शंकर शुक्ल, पूर्व सरपंच अजय सिंह, राम नारायण सिंह, सत्य प्रकाश यादव, ब्यास अमरेश सिंह समेत कई गणमान्य लोग शामिल रहे। वहीं मांझी प्रखंड के मुबारकपुर निवासी व मध्य प्रदेश के इंदौर (ग्रामीण) डीआईजी मनोज कुमार सिंह व पूर्व मुखिया राहुल प्रकाश सिंह ने फोन कर परिजनों से बात कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। उधर रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज एकमा के सचिव इंजीनियर जयप्रकाश सिंह व ट्रस्टी राजीव कुमार शर्मा ने कॉलेज के ट्रस्टी रामनारायण सिंह व सरपंच भरत सिंह की असामयिक निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट की है। बताया जा रहा है कि उनके निकट परिजनों व संबंधियों के दूसरे प्रदेश से घर पहुंचने पर उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार शनिवार को डुमाईगढ़ घाट पर किया जाएगा।

# राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम को 9600 करोड़ की राजकीय गारंटी स्वीकृत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य मंत्रिमंडल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में आगामी खरीफ विपणन मौसम के लिए खाद्यान्नों की अधिप्राप्ति हेतु बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम को 9600 करोड़ की राजकीय गारंटी प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की। मंत्रिपरिषद की बैठक में खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के प्रस्ताव विकेन्द्रीकृत अधिप्राप्ति व्यवस्था अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में आगामी खरीफ विपणन मौसम में खाद्यान्नों की अधिप्राप्ति कार्य हेतु बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम को आवश्यक क्रियाशील पूंजी 12000 करोड़ रुपए के विरूद्ध कुल 9600 करोड़ रुपए की ऋण राशि विभिन्न वित्तीय संस्थाओं यथा व्यावसायिक बैंक/नाबार्ड आदि से प्राप्त किए जाने हेतु राजकीय गारंटी प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की गई। विकेन्द्रीकृत अधिप्राप्ति व्यवस्था अन्तर्गत खरीफ विपणन मौसम में धान/चावल अधिप्राप्ति कार्यक्रम माह नवम्बर से प्रारंभ होकर अगले वित्तीय वर्ष के माह अगस्त तक प्रायः संचालित होता है। कृषि विभाग से खाद्यान्नों की उपज से संबंधित प्रतिवेदन प्राप्त होने के पश्चात खाद्यान्नों की अधिप्राप्ति हेतु न्यूनतम लक्ष्य की मात्रा को निर्धारित करते हुए विकेन्द्रीकृत अधिप्राप्ति व्यवस्था के तहत खाद्यान्नों की अधिप्राप्ति न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सीधे किसानों से क्रय करने की जिम्मेवारी प्राथमिकी कृषि साख समितियों (पैक्स) / व्यापार मंडलों की है। पैक्स एवं व्यापार मंडलों के द्वारा निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध क्रय किये गये धान के समानुपातिक तैयार सी०एम०आर० की मात्रा को राज्य के नोडल अभिकरण बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम के अधिसूचित संग्रहण केन्द्रों पर जमा किया जाता है। नोडल अभिकरण बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम के संग्रहण केन्द्रों पर पैक्स/व्यापार मंडलों द्वारा जमा किये गये खाद्यान्नों की मात्रा एवं गुणवत्ता जांच किये जाने के पश्चात बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम के द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य के साथ सभी आनुषांगिकों मदों को जोड़कर निश्चित समय-सीमा में ऑनलाईन भुगतान किया जाता है, ताकि पैक्स/व्यापार मंडलों के लिए स्वीकृत कैश क्रेडिट लिमिट के साथ उक्त राशि का चक्रानुक्रम में उपयोग कर किसानों को 48 घंटों के अंदर न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ सुनिश्चित किया जा सके। गेहूं एवं धान अधिप्राप्ति कार्यक्रम के सफल कार्यान्वयन के लिए नोडल अभिकरण के रूप में बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम नामित है एवं अधिप्राप्ति कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए क्रियाशील पूंजी के रूप में एक बड़ी राशि की आवश्यकता होती है। इस क्रम में वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभिन्न व्यावसायिक बैंकों से 12,000 हजार करोड़ रुपए की राजकीय गारंटी बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम को प्रदान की गई थी। कुल प्राप्त राजकीय गारंटी के विरुद्ध 10,350 करोड़ रुपए की राशि का उपयोग निगम द्वारा रबी तथा खरीफ मौसमों से खाद्यान्नों की अधिप्राप्ति हेतु किया गया है, जिसका पूर्ण भुगतान वित्तीय वर्ष 2025-26 तक किया जाना है।

# गृह मंत्री अमित शाह से भाजपा के वरिष्ठ नेता गोपाल नारायण सिंह ने की शिष्टाचार मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं बिहार के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह ने आज गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार मुलाकात की। यह बैठक नई दिल्ली में संपन्न हुई जिसमें संगठन और आगामी बिहार विधानसभा चुनाव से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर व्यापक विमर्श हुआ। बैठक में भाजपा संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त करने, कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने तथा व्यापक जनसंपर्क के माध्यम से सरकार की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के उपायों पर विशेष चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने आगामी चुनावी रणनीति और चुनौतियों पर भी विचार साझा किया। गोपाल नारायण सिंह ने कहा मैं करोड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रेरणा स्त्रोत देश के गृह मंत्री अमित शाह जी का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने बिहार के मुद्दे पर विमर्श हेतु मुझे अपना बहुमूल्य समय दिया। वे बिहार के विकास को लेकर हमेशा से संवेदनशील रहे हैं। उन्होंने संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक गतिशील बनाने तथा जनता के बीच भाजपा की पहुंच मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। मुझे विश्वास है कि भाजपा कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से पार्टी के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। इस मुलाकात को बिहार की राजनीति और आगामी विधानसभा चुनाव की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भाजपा नेतृत्व का यह संवाद संगठन को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करेगा।

# बिहार के राज्यकर्मियों और पेंशनभोगियों को दीपावली-छठ की सौगात : सम्राट चौधरी

## केंद्र की तर्ज पर राज्यकर्मियों-पेंशनभोगियों को मिलेगा 58% महंगाई भत्ता : सम्राट चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने कर्मचारियों, पेंशनभोगियों और पारिवारिक पेंशनभोगियों को दीपावली और छठ से पहले आर्थिक सौगात दिया है। श्री चौधरी ने कहा- सरकार ने महंगाई भत्ता/राहत दर 55% से बढ़ाकर 58% करने को स्वीकृति प्रदान की है। यह संशोधित दर 1 जुलाई 2025 से प्रभावी होगी। उन्होंने कहा कि पहले 1 जनवरी 2025 से 55% महंगाई भत्ता दिया जा रहा था और अब केंद्र सरकार द्वारा 1 जुलाई 2025 से 58% दर स्वीकृत किए जाने के बाद बिहार सरकार ने भी अपने कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को उसी तिथि से बढ़ा हुआ भत्ता देने का निर्णय लिया है। श्री चौधरी ने कहा कि लाखों कर्मचारियों और पेंशनभोगियों की जीवनयापन महंगाई से प्रभावित न हो, इसलिए सरकार उन्हें समय पर राहत देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस फैसले से वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 917.78 करोड़ रुपये का अतिरिक्त व्यय भार आएगा। उपमुख्यमंत्री श्री चौधरी ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार अपने कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। ताकि उन्हें जीवनयापन की बढ़ती महंगाई और आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद सम्मानजनक कार्य और जीवनयापन सुनिश्चित हो सके। इसी प्रयास के तहत राज्य सरकार ने केंद्र सरकार के अनुरूप महंगाई भत्ता/राहत की दर 55% से बढ़ाकर 58% करने का निर्णय लिया है।

# ग्रामीण पथ सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन से मिली गांवों को आर्थिक मजबूती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना (एमएमजीएसयूवाई) के अंतर्गत ग्रामीण पथ सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के लागू किए जाने से न केवल राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों की बुनियादी संरचना को मजबूती मिल रही है, बल्कि इससे गांवों की तस्वीर भी तेजी से बदल रही है। अब यह योजना सिर्फ ग्रामीण सड़कों के संधारण तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, रोजगार के नए अवसर सृजित करने और सामाजिक सशक्तिकरण का एक मजबूत आधार बन चुकी है। अबतक इस योजना के तहत राज्य के सभी 38 जिलों की कुल 17,982 ग्रामीण पथों की जिनकी लंबाई 30,734 किलोमीटर है, के पुनर्निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। इन सड़कों से राज्य के हजारों गांवों को हर मौसम में (बारहमासी) निर्बाध संपर्क, बाजारों तक आसान पहुंच, स्कूलों और अस्पतालों तक आवागमन की सुगम सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उल्लेखनीय है कि बिहार सरकार ने राज्य में मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम लागू कर रखा है। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना का एक महत्वपूर्ण अवयव है जिसे राज्य मंत्रिमंडल द्वारा पिछले साल नवंबर में स्वीकृति मिल चुकी है। इसका उद्देश्य राज्य के ग्रामीण इलाकों में स्थित सड़कों का दीर्घकालिक सुदृढ़ीकरण और प्रभावी रख-रखाव करना है। ग्रामीण कार्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 17,982 स्वीकृत ग्रामीण सड़कों में से 11,985 सड़कें, जिसकी कुल लम्बाई 20,998 किलोमीटर सड़कों का कार्यारम्भ किया जा चुका है। सभी स्वीकृत सड़कों का प्रारंभिक सुधार का कार्य वित्तीय वर्ष 2025-26 में पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अबतक कुल 38 सड़कों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है जिसकी कुल लम्बाई 2,212.41 किलोमीटर बताई गई है। इसके साथ ही बिहार सरकार ने मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम भी लागू किया है। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसका उद्देश्य राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सड़कों का दीर्घकालिक सुदृढ़ीकरण और प्रभावी रखरखाव करना है। कार्यक्रम के तहत पथों का दो बार कालीकरण किया जाएगा, ताकि उनकी सतह की मजबूती और सड़क की पर वाहनों के सुगम परिचालन लगातार बनी रहे। इस योजना का एक और अहम पहलू यह है कि सभी संवेदकों को रूरल रोड रिपेयर वाहन रखने का निर्देश दिया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि का प्रतिक्रिया समय के अधीन समाधान किया जा सके और सड़क का उपयोग करने वालों को यात्रा के दौरान कोई असुविधा न हो। राज्य सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया है कि हर वित्तीय वर्ष के बाद पंचवर्षीय अनुरक्षण अवधि से बाहर हुए सड़कों का चयन कर उन्हें फिर से उन्नत किया जाएगा, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क नेटवर्क की गुणवत्ता और स्थायित्व बनी रहे तथा इन्हें टूटने से बचाया जा सके।

# 30वां लघुकथा सम्मेलन 27-28 दिसंबर को पटना में, जुटेंगे देश भर के लघुकथाकार

## स्व. सतीशराज पुष्करणा को समर्पित होगा द्विदिवसीय लघुकथा सम्मेलन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अखिल भारतीय प्रगतिशील लघुकथा मंच के तत्वावधान में 30वां लघुकथा सम्मेलन 27 एवं 28 दिसम्बर को पटना में आयोजित होगा। सम्मेलन में बिहार के अलावा दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा सहित कई अन्य प्रदेशों के 125 से अधिक लघुकथाकार शिरकत करेंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए लघुकथा मंच के महासचिव डॉ ध्रुव कुमार ने बताया कि यह द्विदिवसीय सम्मेलन लघुकथा मंच के संस्थापक एवं लघुकथा आंदोलन के पुरोधा स्व. सतीशराज पुष्करणा को समर्पित होगा। सम्मेलन के अवसर पर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर केंद्रित एक स्मृति ग्रन्थ का प्रकाशन होगा। इसके अतिरिक्त मंच की लघुकथा पर केंद्रित अनियतकालीन पत्रिका सर्जना भी प्रकाशित होगी।

डॉ ध्रुव ने बताया कि सम्मेलन के दौरान विभिन्न सत्रों में चर्चा- विमर्श होंगे तथा शोध पत्र पढ़े जाएंगे। अंतिम सत्र में सम्मेलन में शामिल लघुकथाकार अपनी लघुकथाओं का पाठ करेंगे। डॉ ध्रुव ने बताया कि इस अवसर पर देश के दो वरिष्ठ एक नवोदित लघुकथाकार को सतीशराज पुष्करणा लघुकथा शिखर सम्मान, सतीशराज पुष्करणा लघुकथा आलोचना सम्मान एवं सतीशराज पुष्करणा लघुकथा नवांकुर सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

# आरबीआई ने नीतिगत दर को अपरिवर्तित रख संतुलित नीति पेश की : साक्षी गुप्ता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बढ़ती वैश्विक अनिश्चितताओं के जवाब में, जबकि जीएसटी कटौती से मिलने वाला समर्थन प्रभावी होने लगा है। आरबीआई ने नीतिगत दर को अपरिवर्तित रखते हुए एक संतुलित नीति पेश की। हालांकि केंद्रीय बैंक ने इस नीति में आगे के आंकड़ों की स्पष्टता की प्रतीक्षा में धैर्यपूर्ण रुख अपनाया, लेकिन उसने यह भी माना कि घरेलू मुद्रास्फीति में निरंतर नरमी को देखते हुए नीति में और ढील देने की गुंजाइश बन गई है। उक्त बातें एचडीएफसी बैंक की प्रधान अर्थशास्त्री साक्षी गुप्ता ने अपनी टिप्पणी में कही। दिसंबर में ब्याज दरों में कटौती अभी तय नहीं है और यह टैरिफ के नतीजों तथा इस त्योहारी सीजन में घरेलू खपत में मजबूती और तेजी पर निर्भर करेगा। आने वाले महीनों में टैरिफ के मोर्चे पर किसी समाधान या आगे वृद्धि के अभाव में, हम वित्त वर्ष 26 में टर्मिनल नीति दर को 5 प्रतिशत तक ले जाने की दिशा में एक रास्ता देखते हैं। हमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 2026 में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत तथा मुद्रास्फीति औसत 2.5 प्रतिशत रहेगी।

# गांधी, शास्त्री एवं प्रजापति मिश्र की जयंती पर कांग्रेसजन ने किया नमन

## अहिंसा और संघर्ष के मार्ग से पूरी दुनिया को नई दिशा दी : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्यालय सदाकत आश्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 157 वीं जयंती, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री के 121 वीं जयंती और बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष रहें स्व. पंडित प्रजापति मिश्र के 127 वीं जयंती के मौके पर उनके प्रतिमा एवं तैल चित्र पर माल्यार्पण किया गया। जयंती कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने की। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि महात्मा गांधी ने अपने सत्य, अहिंसा और संघर्ष के मार्ग से पूरी दुनिया को नई दिशा दी। वहीं लाल बहादुर शास्त्री जी ने अपने सादगीपूर्ण जीवन और ₹जय जवान, जय किसान₹ के नारे से देशवासियों को आत्मनिर्भरता और परिश्रम का संदेश दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि आज देश में गांधी और शास्त्री जी के विचारों को आत्मसात करने की सबसे अधिक आवश्यकता है। आज की राजनीति और समाज में उनकी शिक्षाएं हमें सत्य, ईमानदारी और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं।

# नियमावली में संशोधन होने के बाद होगा शिक्षकों का स्थानांतरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शिक्षकों के स्थानांतरण करने के लिए शिक्षा विभाग नियमावली में संशोधन कर रहा है। नियमावली संशोधित होने के बाद ही शिक्षकों के स्थानांतरण करने के लिए ऑन लाइन आवेदन लिए जाएंगे। शिक्षा विभाग ने शुक्रवार को सूचना जारी कर कहा है कि शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए नियमावली में संशोधन करने का कार्य प्रक्रियाधीन है। संशोधित नियमावली की अधिसूचना प्रकाशित होने के बाद ही शिक्षकों से स्थानांतरण के लिए ऑन लाइन आवेदन लिए जाएंगे। इसकी सूचना बाद में दी जाएगी। स्थानांतरण के लिए भौतिक रूप से आवेदन पत्र जमा करने की कोई आवश्यकता नहीं है। शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए ऑन लाइन प्राप्त होने वाले आवेदनों पर ही विचार किया जाएगा।

# पटना जू में वन्यप्राणी सप्ताह का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** दो से आठ अक्टूबर तक मनाए जाने वाले 'वन्यप्राणी सप्ताह 2025' का शुभारंभ संजय गांधी जैविक उद्यान में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के प्रधान सचिव ने किया। इसका मुख्य उद्देश्य जनमानस को वन्यजीव संरक्षण, जैव विविधता के महत्व और पर्यावरणीय संतुलन के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर आनंद किशोर ने कहा कि यह सप्ताह केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं बल्कि एक जागरूकता अभियान है, जो समाज को यह संदेश देता है कि वन्यजीव हमारे पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अनिवार्य हैं।

# वृद्धों का सम्मान ही समाज की असली पहचान : अर्पणा बाला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अन्तर्गत स्वायत्त संस्था के तत्वावधान में राम जानकी प्रगति सेवा संस्थान द्वारा अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर गुलजारबाग महारानी कॉलोनी स्थित वृद्धा आश्रम में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक ढंग से दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर संस्थान के सचिव अर्पणा बाला ने दीपक के महत्व को समझाते हुए कहा कि जैसे दीपक स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देता है, वैसे ही वृद्धजन अपने जीवन के अनुभव और ज्ञान से हमारी आने वाली पीढ़ियों को मार्गदर्शन देते हैं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके जीवन में कभी अंधकार न आए। अर्पणा बाला ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह दिन हमें अपने संस्कार और जिम्मेदारी की याद दिलाने वाला अवसर है। वृद्धजन केवल पारिवारिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक जीवन की भी जड़ें हैं। जिस प्रकार किसी वृक्ष की मजबूती उसकी जड़ों पर निर्भर होती है, उसी प्रकार समाज की प्रगति भी बुजुर्गों की छाया और आशीर्वाद पर टिकी होती है। उन्होंने कहा कि 'नई पीढ़ी को वृद्धों को बोझ नहीं समझना चाहिए, बल्कि उन्हें समाज की नींव की ईंट मानकर उनका आदर करना चाहिए। उनके आशीर्वाद और अनुभव से ही समाज खुशहाल बन सकता है।' इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों ने माना कि वृद्धजन समाज की धरोहर हैं और उनके अनुभव का कोई विकल्प नहीं है। उन्हें केवल आर्थिक और शारीरिक सुरक्षा ही नहीं, बल्कि भावनात्मक सहारा और सामाजिक सम्मान भी मिलना चाहिए। कार्यक्रम में यह संदेश भी दिया गया कि वृद्धाश्रमों में रहने वाले लोग अपने ही हैं और उन्हें परिवार की तरह स्नेह और अपनापन मिलना चाहिए। इस कार्यक्रम में संस्थान के विभिन्न पदाधिकारी और सदस्य सक्रिय रूप से शामिल हुए। पटना सिटी कार्यालय प्रभारी शाकम्भरी, अंशुमली, शिवम जी सहाय, सुंदरम, मंजू देवी (पर्यावरण अध्यक्ष), ललिता देवी (चंडी वाहिनी अध्यक्ष), अनिता देवी, राखी देवी, संजय अलबेला, रामानन्द यादव, पूनम देवी (समाज सेविका), रानी (पर्यावरण शहरी अध्यक्ष), किरण देवी समेत कई सदस्य उपस्थित थे। सभी ने मिलकर वृद्धजन सम्मान और सेवा की प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम के अंत में संस्थान की सचिव अर्पणा बाला ने सभी सदस्यों, कार्यकर्ताओं और आश्रम परिवार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक दिन का नहीं होना चाहिए, बल्कि हमें रोजमर्रा के जीवन में भी वृद्धों के सम्मान और सेवा को अपनाना होगा। उन्होंने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इस आयोजन को समाज में जागरूकता का माध्यम बताया।

# रामलीला में लॉकेट चोरी का पदार्फाश, ज्वेलर्स गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के काबर गांव निवासी शिवपूजन पासवान ने आवेदन दिया कि उनके 14 वर्षीय पुत्र सौरभ कुमार का सोने का बजरंगबली लॉकेट रामलीला देखने के दौरान रात्रि में नींद आने पर गले से चोरी कर लिया गया। इस मामले में आंती थाना कांड संख्या 112/25 दर्ज किया गया। जांच के क्रम में दो विधि विरुद्ध बालकों को निरुद्ध कर पूछताछ की गई। पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि इससे पहले भी एक व्यक्ति का लॉकेट रामलीला में ब्लेड से काटकर चोरी किया था जिसे आंती स्थित शिव ज्वैलर्स में बेच दिया था। इसी तरह सौरभ का भी लॉकेट उसी दुकान पर बेचा गया। पुलिस ने वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर शिव ज्वैलर्स में छापेमारी कर दोनों चोरी के लॉकेट बरामद किए। साथ ही बालकों के पास से एक ब्लेड और 2600 रुपये नकद जब्त किया गया। मामले में शिव ज्वैलर्स के मालिक शिव कुमार, पिता नागेंद्र प्रसाद सोनी, ग्राम महाराजगंज थाना रफीगंज, जिला-औरंगाबाद को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। इसी दौरान आंती थाना क्षेत्र के कंचनपुर गांव निवासी अरुण कुमार, पिता इंद्रदेव यादव को शराब के नशे में मेला में हंगामा करने के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

# मीठापुर-चंदैनी मार्ग पर लटकी एचटी लाइन से खतरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड की काबर पंचायत के मीठापुर-चंदैनी मार्ग पर बिजली की एलटी लाइन से लोगों की जान को खतरा बना हुआ है। यह लाइन सड़क से मात्र चार-पांच फीट की ऊंचाई पर लटकी हुई है जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। किसान अपनी खेती के लिए बिजली का उपयोग करने हेतु इन तारों को बांस-बल्ले के सहारे खेतों तक ले गए हैं। शुक्रवार को किसान अगस्त यादव, जदयू जिला महासचिव आकिब आलम और जदयू प्रखंड अध्यक्ष जमीलू रहमान ने इस स्थिति की जानकारी दी। इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों लोग गुजरते हैं जिनमें स्कूली बच्चे भी शामिल हैं। राहगीरों के साथ-साथ मवेशियों पर भी इस लटकी हुई बिजली लाइन से गंभीर खतरे की आशंका बनी हुई है।

## मखाना उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कृषि विभाग लेकर आया योजना

# मखाना उत्पादन के लिए उन्नत बीज उत्पादन पर मिलेगा अनुदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** तेजी से वैश्विक हुए सुपर फूड मखाना के विकास के लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में बिहार सरकार का कृषि विभाग वर्ष 2025-26 के लिए मखाना अवयवों की योजना लेकर आया है। इस योजना के तहत किसान मखाना उत्पादन के क्षेत्र विस्तार, उन्नत बीज उत्पादन, टूल्स किट आदि पर अनुदान पा सकते हैं। अनुदान पाने के लिए किसानों को 10 अक्टूबर तक बिहार कृषि ऐप या उद्यान निदेशालय की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इस योजना के तहत एक किसान को न्यूनतम 0.25 एकड़ (0.1 हेक्टेयर) तथा अधिकतम 5 एकड़ (2 हेक्टेयर) का लाभ दिया जा रहा है। मखाना का क्षेत्र विस्तार योजना का लाभ पहली बार खेत प्रणाली से मखाना की खेती करने को इच्छुक किसानों को मिलेगा। इस घटक के तहत बीज सहित अन्य इनपुट तथा हार्वेस्टिंग तक की राशि शामिल है। प्रथम वर्ष के लिए स्वीकृत राशि 36,375 रुपये प्रति हेक्टेयर में से बीज की राशि संबंधित आपूर्तिकर्ता को बीज प्राप्त करने के बाद एवं शेष राशि कृषक को पौध रोपण के बाद दी जायेगी। इसमें मखाना की खेती के लिए निर्धारित इकाई लागत 0.97 लाख रुपये/हेक्टेयर है। वहीं मखाना बीज उत्पादन के तहत मखाना के क्षेत्र में कार्य कर रहे संस्थानों के स्तर से अनुदान पर मखाना के उन्नत प्रभेद स्वर्ण वैदेही एवं सबौर मखाना-1 के बीज का उत्पादन कराया जायेगा। मखाना बीज वितरण योजना के तहत वितरित अनुशंसित प्रभेद का बीज के मूल्य की राशि अधिकतम 225.00 रुपये प्रति किलोग्राम अनुदान के रूप में दी जायेगी। बीज का मूल्य बढ़ने पर अतिरिक्त राशि का वहन किसान स्वयं करेंगे। मखाना की खेती कर रहे सभी रैयत/गैर-रैयत किसानों को उत्पादन में इस्तेमाल होने वाली टूल्स किट अनुदानित दर पर उपलब्ध कराई जाएगी।

**16 जिलों के किसान ले सकते है लाभ**

राज्य के 16 जिलों कटिहार, पूर्णिया, दरभंगा, मधुबनी, किशनगंज, सुपौल, अररिया, मधेपुरा, सहरसा, खगड़िया, समस्तीपुर, भागलपुर, सीतामढ़ी, पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण एवं मुजफ्फरपुर में इस योजना का लाभ दिया जायेगा।

# अक्टूबर में मछली पालकों के लिए विभाग ने जारी की सलाह

## मछलियों को पूरक आहार में नमक मिलाकर खिलाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग मछली पालकों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में विभाग ने मछलियों की देखभाल से संबंधित जरूरी सलाह जारी की है जिसमें बताया गया है कि अक्टूबर माह में मछलियों को देखभाल कैसे करनी चाहिए। विभाग ने सलाह दी है कि मत्स्य पालक पूरक आहार का प्रयोग मछली के कुल वजन का 2 से 3 प्रतिशत की दर से करें। चूना का प्रयोग प्रति माह पीएच मान के अनुसार 15-20 किग्रा/एकड़ की दर से विशेषज्ञों की सलाह से करें और तालाब में बीमारी को रोकने के लिए बाहरी पानी (नाला का पानी) को नहीं आने दें। तालाब में कीड़ा एवं आग्रुलस के संक्रमण को रोकने के लिए विशेषज्ञों की सलाह से दवा प्रयोग करें। महीने के अंत में तालाब में जाल चलवाएं। वहीं पंगेशियस तालाब में जाल चलाना वर्जित है। पूरक आहार में 10 ग्राम नमक प्रति किलोग्राम भोजन की दर से मिलाकर माह में 10 दिन लगातार मछलियों को खिलाएं। माह में एक बार वाटर सैनिटाइजर के रूप में पोटेशियम परमैंगनेट का प्रयोग 400 ग्राम प्रति एकड़ की दर से करें। पूरक आहार देने का समय सुबह 10 बजे एवं शाम 4 बजे निर्धारित करें।

**तालाब के चारो तरफ रखें सफाई**

तालाब का पानी अत्यधिक हरा होने पर चूना एवं रासायनिक खाद का प्रयोग बंद करें। पानी अत्यधिक हरा होने पर 800 ग्राम कॉपर सल्फेट या 20 किलोग्राम फिटकिरी प्रति एकड़ की दर से 100 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।

CMYK

## संपादकीय

# भारत-रूस के बीच लंबे समय से परस्पर सहयोग आधारित संबंध

दुनिया भर में बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बीच रूस के विदेश मंत्री ने भारत के अन्य देशों के साथ संबंधों को लेकर जो कहा है, उसे एक परिपक्व टिप्पणी कहा जा सकता है। दरअसल, पिछले कुछ समय से अमेरिका ने आर्थिक मोर्चे पर जिस तरह तेज रफ्तार से नीतिगत फैसले किए हैं, उसके केंद्र में सिर्फ अपना हित सुनिश्चित करने के लिए दूसरे देशों के हितों को नजरअंदाज करने से लेकर उन पर दबाव बनाने तक का रवैया शामिल है। इस क्रम में भारत कुछ ज्यादा ही निशाने पर लगता है, क्योंकि अमेरिका ने शुल्क लगाने से लेकर रूस से तेल आयात करने पर जुर्माना लगा कर कई तरह से भारत पर दबाव बनाने की कोशिश की।मगर भारत के लिए सबसे अहम चुनौती यह है कि वह किसी भी देश के नाहक दबाव के सामने किस हद तक समझौता कर सकता है। ऐसी स्थिति में भारत ने अपनी स्वतंत्र नीति पर अमल जारी रखा और अमेरिका के बहुस्तरीय दबाव के बावजूद अपने स्तर पर कूटनीतिक फैसले लिए। इसके तहत भारत ने बिना किसी आग्रह के यह तय किया कि किस देश के साथ उसे कैसा संबंध रखना है और किसे अपने सहयोगी के रूप में तरजीह देना है।कायदे से भारत के इस रुख से किसी भी देश को उज्र नहीं होना चाहिए था, क्योंकि इसमें अन्य देशों की उपेक्षा या किसी के विरुद्ध कोई नीतिगत दखलअंदाजी नहीं है। इस लिहाज से देखें तो रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव का यह बयान महत्त्वपूर्ण है कि रूस ने हमेशा से भारत की स्वतंत्र विदेश नीति का सम्मान किया है और रूस को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि भारत का दूसरे देशों के साथ कैसा रिश्ता है। लावरोव ने यह भी कहा कि अमेरिका के साथ भारत के संबंध कैसे रहते हैं, इसे लेकर भी रूस को कभी चिंता नहीं हुई।जाहिर है, रूसी विदेश मंत्री का बयान एक स्वतंत्र और संप्रभु देश के रूप में भारत के कूटनीतिक फैसलों का सम्मान करने के साथ-साथ अपने ऊपर भरोसे की भी अभिव्यक्ति है। यह छिपा नहीं है कि भारत और रूस के बीच दूरी बनाने के मकसद से अमेरिका ने भारत पर रूस से तेल न खरीदने का दबाव बनाने की भी कोशिश की। यह एक तरह से अमेरिका के अपने असुरक्षाबोध का सूचक और जल्दबाजी में किया गया फैसला था। मगर भारत ने अपनी जरूरत और हितों के अनुरूप ही इस संबंध में अपना रुख तय किया और रूस से तेल की खरीदारी जारी रखी।यों भी, भारत और रूस के बीच पुराने और मित्रतापूर्ण संबंध रहे हैं और दोनों देश एक-दूसरे का सम्मान करते रहे हैं।

# वृद्ध बोझ नहीं, बल्कि संस्कृति, परंपरा और मूल्यों के संरक्षक हैं

**संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के रूप में घोषित किया है। इस दिवस का उद्देश्य वृद्धों के अधिकारों, उनकी गरिमा और उनके योगदान को रेखांकित करना है। यह दिन हमें यह सोचने को विवश करता है कि जीवन के इस अंतिम पड़ाव में, जिसे कभी सम्मान और अनुभव का प्रतीक माना जाता था, आज वह उपेक्षा, अकेलेपन और असुरक्षा का पर्याय क्यों बन गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार वर्ष 2030 तक 60 वर्ष से अधिक आयु के लोग पूरी दुनिया में 1.4 अरब से अधिक हो जाएंगे और 2050 तक यह संख्या दोगुनी होकर लगभग 2.1 अरब तक पहुँच जाएगी। विकसित देशों में वृद्धजन आबादी का चौथाई हिस्सा बन चुके हैं, वहीं विकासशील देशों में भी उनकी संख्या तेज़ी से बढ़ रही है। लेकिन विडंबना यह है कि इस बढ़ती जनसंख्या के साथ उनकी सुरक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक भागीदारी की चुनौतियां भी बढ़ रही हैं।**

(ललित गर्ग)

अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस की शुरुआत 1991 में हुई थी और इसका उद्देश्य बढ़ती उम्र की आबादी के अवसरों और चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना तथा वृद्धजनों के अधिकारों और योगदान को पहचानना है।

संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के रूप में घोषित किया है। इस दिवस का उद्देश्य वृद्धों के अधिकारों, उनकी गरिमा और उनके योगदान को रेखांकित करना है। यह दिन हमें यह सोचने को विवश करता है कि जीवन के इस अंतिम पड़ाव में, जिसे कभी सम्मान और अनुभव का प्रतीक माना जाता था, आज वह उपेक्षा, अकेलेपन और असुरक्षा का पर्याय क्यों बन गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार वर्ष 2030 तक 60 वर्ष से अधिक आयु के लोग पूरी दुनिया में 1.4 अरब से अधिक हो जाएंगे और 2050 तक यह संख्या दोगुनी होकर लगभग 2.1 अरब तक पहुँच जाएगी। विकसित देशों में वृद्धजन आबादी का चौथाई हिस्सा बन चुके हैं, वहीं विकासशील देशों में भी उनकी संख्या तेज़ी से बढ़ रही है। लेकिन विडंबना यह है कि इस बढ़ती जनसंख्या के साथ उनकी सुरक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक भागीदारी की चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। यूरोप और अमेरिका जैसे देशों में वृद्धजन पेंशन और हेल्थकेयर से तो सुरक्षित हैं, परंतु वहाँ अकेलेपन और मानसिक अवसाद की समस्या विकराल है। एशिया और अफ्रीका में, जहां परिवार व्यवस्था मजबूत मानी जाती थी, अब संयुक्त परिवार टूटने से वृद्धजन आर्थिक व सामाजिक असुरक्षा से जूझ रहे हैं।

अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस की शुरुआत 1991 में हुई थी और इसका उद्देश्य बढ़ती उम्र की आबादी के अवसरों और चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना तथा वृद्धजनों के अधिकारों और योगदान को पहचानना है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित इस दिवस पर वृद्धजनों को समर्थन देने वाली प्रणालियों को मज़बूत करने का आह्वान किया जाता है और उनके मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य देखभाल के लिए एकीकृत दृष्टिकोण को प्रोत्साहित किया जाता है। समाज में उनके बहुमूल्य योगदान को मान्यता देना, उनके अधिकारों की रक्षा करना, वृद्धजनों को स्वास्थ्य सेवाएं, देखभाल, सामाजिक सहायता प्रदान करने वाली प्रणालियों को मज़बूत करना, वृद्धजनों को वैश्विक विकास प्रयासों में शामिल करना और शहरी वातावरण को उनके लिए अधिक समावेशी बनाना आदि इस दिवस को मनाने के उद्देश्य हैं। इस दिवस को मनाते हुए वृद्ध व्यक्तियों की डिजिटल प्रौद्योगिकियों तक समान पहुँच प्रदान करने के महत्व पर जोर देना और यह सुनिश्चित करना कि सभी आयु वर्गों के लिए समानता को बढ़ावा दिया जाए और वृद्ध व्यक्तियों के मानवाधिकारों का पालन हो आदि बातों पर विशेष बल दिया जाता है।

इस दिवस की 2025 की थीम 'समावेशी भविष्य के लिए वृद्धजनों की आवाज़ को सशक्त बनाना' है, जो वृद्धजनों की आवाज़, अनुभव और ज्ञान को पहचानने तथा उनके अनुभवों के आधार पर समावेशी समाजों के निर्माण पर जोर देती है। यह थीम इस बात पर प्रकाश डालती है कि वृद्धजन लचीले और समतामूलक समाज बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्नत एवं आदर्श समाज के निर्माण में वृद्धजनों की आवाज़, उनके



दृष्टिकोण और अनुभव को विशेष महत्व है। वृद्धावस्था में कठिनाइयां अनेक रूपों में सामने आती हैं। स्वास्थ्य की दृष्टि से हृदय रोग, मधुमेह, जोड़ों के दर्द और डिमेंशिया जैसी बीमारियाँ उन्हें घेरे रहती हैं, परंतु चिकित्सा सुविधाओं तक उनकी पहुंच सीमित है। आर्थिक दृष्टि से पेंशन व सामाजिक सुरक्षा योजनाएं हर वृद्धजन तक नहीं पहुँचतीं और ग्रामीण क्षेत्रों में यह स्थिति और भी दयनीय है। सामाजिक स्तर पर आधुनिक जीवन की दौड़ में वृद्धजन अकेलेपन, उदासी और उपेक्षा से पीड़ित हैं। मानसिक दृष्टि से आत्मसम्मान को ठेस, भूमिका से वंचित होना और बेकारपन का एहसास उन्हें भीतर तक तोड़ देता है।

भारत में वृद्धों की स्थिति अधिक चिन्ताजनक है। जबकि वृद्धजन भारतीय समाज की धरोहर मानी जाती रही हैं, उन्हें अनुभव और ज्ञान का भंडार मानते हैं। इसके बावजूद यदि हम उन्हें उपेक्षित करेंगे तो यह केवल अन्याय ही नहीं, बल्कि सभ्यता एवं संस्कृति की पराजय होगी। वृद्धजन केवल जीवित बोझ नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और मूल्यों के संरक्षक हैं। उनका सम्मान करना न केवल हमारा नैतिक कर्तव्य है बल्कि एक बेहतर, संवेदनशील और संतुलित समाज के निर्माण की अनिवार्यता है। भारत जैसे विकसित देश के नागरिकों की औसत आयु 60 वर्ष से अधिक 65 हो रही है। जीवन प्रत्याशा में वृद्धि के कारण देश में वृद्धजन की संख्या बढ़ रही है, देश में 2011 में 10.38 करोड़ वरिष्ठ नागरिक थे, जिनके 2050 तक बढ़कर 30 करोड़ होने का अनुमान है। अनुमान है, कि 2050 तक हर चौथा भारतीय बुजुर्ग होगा। यह बात भारत के नीति आयोग ने कही है, इसी के कारण बुजुर्गों की समस्याएं बढ़ती जा रही हैं।

भारत में परंपरागत भारतीय परिवार व्यवस्था में वृद्धजनों को सम्मान, सुरक्षा और निर्णय लेने की अहम भूमिका प्राप्त थी। लेकिन आज शहरीकरण, परमाणु परिवार, प्रवास और उपभोक्तावादी सोच ने उनकी भूमिका को हाशिए पर पहुँचा दिया है। परिवार के भीतर उन्हें आर्थिक बोझ समझा जाने लगा है, पीढ़ीगत टकराव और मूल्यों में बदलाव ने दूरी बढ़ा दी है, नौकरी-पेशा बच्चों के व्यस्त जीवन में धैर्य और देखभाल की कमी स्पष्ट हो रही है और संपत्ति तथा अधिकारों को लेकर तनाव आम हो गया है। इसके परिणामस्वरूप वृद्धजन शारीरिक बीमारियों से जूझते हैं, पर पर्याप्त चिकित्सा नहीं मिलती। वे अकेलेपन और मानसिक अवसाद का शिकार होते हैं, उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया से बाहर कर दिया जाता है और कभी-कभी घरेलू हिंसा और संपत्ति विवादों में भी उलझना पड़ता है।

प्रश्न है कि दुनिया में वृद्ध दिवस मनाने की आवश्यकता क्यों हुई? क्यों वृद्धों की उपेक्षा एवं प्रताड़ना की स्थितियां बनी हुई है? चिन्तन का महत्वपूर्ण पक्ष है कि वृद्धों की उपेक्षा के इस गलत प्रवाह को रोके। क्योंकि सोच के गलत प्रवाह ने न केवल वृद्धों का जीवन दुश्वार कर दिया है बल्कि आदमी-आदमी के बीच के भावात्मक फासलों को भी बढ़ा दिया है। वृद्धावस्था जीवन की सांझ है। वस्तुतः वर्तमान के भागदौड़, आपाधापी, अर्थ प्रधानता व नवीन चिन्तन तथा मान्यताओं के युग में जिन अनेक विकृतियों, विसंगतियों व प्रतिकूलताओं ने जन्म लिया है, उन्हीं में से एक है वृद्धों की उपेक्षा। वस्तुतः वृद्धावस्था तो वैसे भी अनेक शारीरिक व्याधियों, मानसिक तनावों और अन्यान्य व्यथाओं भरा जीवन होता है और अगर उस पर परिवार के सदस्य, विशेषतः युवा परिवार के बुजुर्गों/वृद्धों को अपमानित करें, उनका ध्यान न रखें या उन्हें मानसिक संताप पहुँचाएं, तो स्वाभाविक है कि वृद्ध के लिए वृद्धावस्था अभिशाप बन जाती है।

इन समस्याओं का समाधान केवल सरकारी योजनाओं से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए परिवार, समाज और सरकार-सभी स्तरों पर समन्वित प्रयास की आवश्यकता है। परिवार व्यवस्था का पुनर्जीवन जरूरी है, बच्चों में बचपन से ही सेवा, सहानुभूति और सम्मान की भावना विकसित की जाए। सामाजिक सुरक्षा के दायरे का विस्तार हो, पेंशन, स्वास्थ्य बीमा और वृद्धाश्रमों की गुणवत्ता में सुधार किया जाए। स्वास्थ्य सेवाओं में जेरियाट्रिक देखभाल को प्राथमिकता दी जाए, प्रत्येक नगर और गाँव में वृद्धजन के लिए स्वास्थ्य केंद्र स्थापित हों। मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाए, अकेलेपन से लड़ने के लिए सामुदायिक केंद्र, क्लब और वृद्धजन मंच सक्रिय किए जाएँ। वृद्धजनों को डिजिटल तकनीक से जोड़कर उन्हें सामाजिक और पारिवारिक संवाद में सक्रिय बनाया जाए। माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण अधिनियम 2007 का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए और समाज में उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता लाई जाए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जब नया भारत, विकसित भारत और समृद्ध भारत का निर्माण हो रहा है, तब यह आवश्यक है कि इस विकास यात्रा में वृद्धजन उपेक्षित न हों बल्कि उन्हें इसका सक्रिय भागीदार बनाया जाए। न्यूनतम पेंशन की गारंटी दे और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ हर वरिष्ठ नागरिक तक पहुंचाए। साथ ही डिजिटल इंडिया और स्किल इंडिया जैसी योजनाओं से वृद्धजनों को जोड़ा जाए ताकि वे सामाजिक संवाद और आर्थिक गतिविधियों में सक्रिय बने रहें। वृद्धाश्रमों और डे-केयर सेंटर्स की गुणवत्ता और संख्या बढ़ाई जाए, मानसिक स्वास्थ्य के लिए काउंसलिंग केंद्र स्थापित हों और सेवा भाव को बढ़ावा देने वाले राष्ट्रीय अभियान चलाए जाएँ। जब भारत आत्मनिर्भरता और वैश्विक नेतृत्व की ओर बढ़ रहा है, तब उसके अनुभव-संपन्न वृद्धजन राष्ट्र की अमूल्य पूंजी हैं, इसलिए मोदी सरकार को उनके लिए संवेदनशील और समग्र कल्याणकारी नीतियां लागू करनी चाहिए।लेखक, पत्रकार, स्तंभकार है। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# कल्पना से परे है भारत में राजनैतिक अस्थिरता

संजीव ठाकुर

नेपाल में पिछले दशकों में राजनीतिक अस्थिरता, दल-बदल, जातीय संघर्ष और आर्थिक असमानताओं ने देश को बार-बार अराजकता की स्थिति में डाल दिया। लगातार बदलती सरकारें और कमजोर प्रशासनिक तंत्र सामाजिक विरोध और आर्थिक अस्थिरता को जन्म देते रहे। इसके परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर विरोध, हिंसा और सार्वजनिक असंतोष देखने को मिला। कुछ विपक्षी दल तथा विदेशी ताकतें भारत के संदर्भ में यह सवाल उठाती रही है कि क्या हमारी परिस्थितियाँ भी ऐसी चुनौतीपूर्ण स्थिति पैदा कर सकती हैं। ऐसी बात करना कल्पना से परे हैं क्योंकि भारत में एक बेहद मजबूत नेतृत्व पिछले एक दशक से ज्यादा समय से पूरी साक्षमता के साथ देश को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। इसके अलावा भारत सामरिक तथा आर्थिक रूप से सशक्त शक्तिशाली एवं मजबूत राष्ट्र है। भारत में राजनीतिक स्थिरता का आधार मजबूत संवैधानिक और संस्थागत ढांचा है। भारतीय संविधान नागरिक अधिकारों की सुरक्षा के साथ-साथ सत्ता के संतुलन और शक्तियों के स्पष्ट विभाजन के माध्यम से राजनीतिक संस्थाओं को सुदृढ़ बनाए रखता है। चुनाव आयोग की स्वतंत्रता नियमित और निष्पक्ष चुनावों को सुनिश्चित करती है, जबकि न्यायपालिका कानून के पालन और असंतोष की निगरानी के लिए एक स्थिर तंत्र प्रदान करती है। इन संस्थाओं की मजबूती के कारण भारत में सरकारों की अस्थिरता लंबे समय तक नहीं टिकती। सामाजिक और आर्थिक विविधता भारत में अत्यधिक है। भाषाई, जातीय, धार्मिक और सांस्कृतिक विविधताएँ कभी-कभी छोटे-मोटे राज्य स्तरीय तनाव का कारण बन सकती हैं। उदाहरण स्वरूप, किसान आंदोलन, नागरिकता संशोधन कानून के विरोध और क्षेत्रीय आंदोलन यह दिखाते हैं कि असंतोष हमेशा मौजूद रहता है किंतु उसके समाधान तथा सुधारने के लिए मजबूत शासन तंत्र भारत के पास मौजूद है तो यह कोई बड़ी चिंता का विषय नहीं है और भारत का संघीय ढांचा और लोकतांत्रिक प्रक्रिया इन संघर्षों को नियंत्रित करती हैं। संवैधानिक अधिकार और राज्यों तथा केंद्र के बीच संतुलन व्यापक स्थिरता बनाए रखते हैं। आर्थिक असमानता और बेरोज़गारी विरोध उत्पन्न कर सकती हैं, लेकिन ये आम तौर पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया के भीतर ही सीमित रहते हैं और व्यापक अराजकता का रूप नहीं लेते।

अंतरराष्ट्रीय प्रभाव और भू-राजनीति भी किसी देश की स्थिरता पर असर डाल सकते हैं। नेपाल की अराजकता में पड़ोसी देशों का प्रभाव रहा, लेकिन भारत, एक बड़ा और सशक्त देश होने के नाते, अपनी स्वतंत्र विदेश नीति और मजबूत सुरक्षा तंत्र के कारण विदेशी हस्तक्षेप से अपेक्षाकृत सुरक्षित है। भारत की सैन्य क्षमता, आंतरिक सुरक्षा तंत्र और कूटनीतिक भूमिका देश की स्थिरता बनाए रखने में निर्णायक हैं। आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से भारत की स्थिति भी नेपाल से भिन्न है। भारत की बड़ी अर्थव्यवस्था, रोजगार के अवसर, सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ और समृद्धि के प्रयास असंतोष को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। मीडिया, नागरिक समाज और संस्थागत निगरानी तंत्र लोकतंत्र में पारदर्शिता बनाए रखते हैं। इन सभी कारकों के कारण भारत व्यापक रूप से स्थिर बना रहता है और नेपाल जैसी राजनीतिक अराजकता से बचा रहता है।

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भारत में नेपाल जैसी अराजकता की संभावना बहुत कम है। मजबूत संवैधानिक ढांचा, स्वतंत्र संस्थाएँ, लोकतांत्रिक प्रक्रिया, संघीय संतुलन और आर्थिक-सामाजिक तंत्र इसे सुरक्षित रखते हैं। हालांकि लोकतंत्र में असंतोष, सामाजिक संघर्ष और आर्थिक दबाव हमेशा संभावित जोखिम बन सकते हैं, पर भारत की स्थिरता का रहस्य यही है कि इन चुनौतियों का प्रबंधन संस्थागत ढांचे और संवैधानिक उपायों के माध्यम से किया जाता है।

भारत में 1947 से अब तक 26 सामान्य चुनाव बिना किसी राष्ट्रीय अस्थिरता के संपन्न हुए हैं। भारत की त्रष्ठक्क2024 में लगभग 4.5 ट्रिलियन स्ठ तक पहुँच चुकी है। बड़े आर्थिक ढांचे से असंतोष सीमित रहता है। भारत में 22 आधिकारिक भाषाएँ, 2000+ जातियाँ और 7 प्रमुख धर्म हैं। इसका प्रबंधन संघीय और संवैधानिक ढांचे के माध्यम से होता है भारत के 1.4 मिलियन से अधिक सैनिक और व्यापक पुलिस तंत्र स्थिरता बनाए रखते हैं। ऐसी मजबूत स्थिति में भारत में नेपाल जैसी अस्थिरता की कल्पना करना समय जाया करना ही होगा। ऐसे में राजनीतिक अस्थिरता की बात लगभग असंभव बात हैं।

# गांधी और गांधी विचार को कुचलने की कुचेष्टाएं कब तक?

**लंदन के प्रसिद्ध टैविस्टॉक स्[ ायर में महात्मा गांधी की 57 साल पुरानी कांस्य की प्रतिमा पर हुआ हमला केवल एक मूर्ति को क्षतिग्रस्त करने की घटना भर नहीं है, बल्कि यह गांधी के अस्तित्व, उनके विचार और भारत की आत्मा पर आघात है। गांधी प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ करते हुए काले रंग से लिखा है, 'गांधी- मोदी, हिंदुस्तानी टेररिस्ट...।' वहां एक तिरंगे का भी अपमान किया गया है और उसपर भी 'टेररिस्ट' लिखा हुआ है। जिस समय यह हमला हुआ, वह भी बेहद प्रतीकात्मक है, अंतरराष्ट्रीय गांधी जयंती यानी अहिंसा दिवस से महज तीन दिन पहले।**

(ललित गर्ग)

गांधी महज एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक दर्शन हैं। उनके सत्य और अहिंसा के सिद्धांत विश्व राजनीति, समाज और मानवता के लिए अब भी सबसे बड़ी प्रेरणा बने हुए हैं। इसीलिए हिंसक मानसिकताएं बार-बार इन मूल्यों को मूक बनाने या कुचलने का प्रयास करती हैं।

लंदन के प्रसिद्ध टैविस्टॉक स्क्वायर में महात्मा गांधी की 57 साल पुरानी कांस्य की प्रतिमा पर हुआ हमला केवल एक मूर्ति को क्षतिग्रस्त करने की घटना भर नहीं है, बल्कि यह गांधी के अस्तित्व, उनके विचार और भारत की आत्मा पर आघात है। गांधी प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ करते हुए काले रंग से लिखा है, 'गांधी- मोदी, हिंदुस्तानी टेररिस्ट...।' वहां एक तिरंगे का भी अपमान किया गया है और उसपर भी 'टेररिस्ट' लिखा हुआ है। जिस समय यह हमला हुआ, वह भी बेहद प्रतीकात्मक है, अंतरराष्ट्रीय गांधी जयंती यानी अहिंसा दिवस से महज तीन दिन पहले। यह समय का ऐसा चयन है जो यह दर्शाता है कि अहिंसा के विचार और गांधी के व्यक्तित्व को मिटाने की एक सुनियोजित विकृत मानसिकता एवं साजिश है। गांधी की प्रतिमा महज धातु का ढांचा नहीं, बल्कि उन मूल्यों का जीवंत प्रतीक है जिन्होंने न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया को नई दृष्टि दी, नई दिशा दी एवं शांतिपूर्ण अहिंसक जीवनशैली दी है। इस पर आघात करना इस बात का प्रमाण है कि हिंसा की प्रवृत्तियां, आतंक की मानसिकता एवं नफरत-द्वेष की विध्वंक शक्तियां अब भी गांधी के विचारों से डरती हैं और उसे क्षत-विक्षत एवं ध्वस्त करने के षडयंत्र रचती रहती है, पर महात्मा गांधी भारत के अकेले ऐसे महापुरुष हैं जिन्हें कोई गोली या गाली नहीं मार सकती। गांधी की राजनीति व धर्म का आधार सत्ता नहीं, सेवा था, वसुधैव कुटुम्बकम् था। जनता को भयमुक्त व वास्तविक आजादी दिलाना उनका लक्ष्य था। वे सम्पूर्ण मानवता की अमर धरोहर हैं। उन्होंने दुनिया को अहिंसा का सूत्र देकर शांतिपूर्ण विश्व-संरचना की। दलितों के उद्धार और उनकी प्रतिष्ठा के लिए उन्होंने अपना पूरा जीवन लगा दिया था। उनके जीवन की विशेषता कथनी और करनी में अंतर नहीं होना था।

महात्मा गांधी की प्रतिमा पर अज्ञात लोगों ने जो हमला किया और आपत्तिजनक नारे लिखे। भारतीय उच्चायोग ने इसे अहिंसा की विरासत पर हमला बताया। मेट्रोपॉलिटन पुलिस जांच में जुटी है। ब्रिटेन की उच्चायुक्त लिंडी कैमरन ने घटना को दुखद बताते हुए कहा कि गांधी की शिक्षाएं हमें सदा एकजुट करती रहेंगी। गांधी के व्यक्तित्व एवं विचारों को आहत करने की यह घटना केवल ब्रिटेन के अस्तित्व एवं अस्मिता तक सीमित नहीं रहती, बल्कि भारत की गरिमा और उसकी सांस्कृतिक उपस्थिति को भी चुनौती देती है। जब किसी राष्ट्र के सार्वभौमिक प्रतीक पर हमला होता है, तो वह उस राष्ट्र के स्वाभिमान और उसके विचारों पर हमला माना जाता है। गांधी केवल भारत के नायक नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के नैतिक मार्गदर्शक हैं। उनका स्मारक क्षतिग्रस्त करना मानवता की उस चेतना को धूमिल करने का प्रयास है जो संवाद, सहिष्णुता, अहिंसा और शांति पर आधारित है। ऐसे समय में जब दुनिया युद्ध, आतंक और कट्टरता से त्रस्त है, गांधी का विचार और भी प्रासंगिक हो जाता है। ऐसे विचार को कुचलने की चेष्टा न केवल भारत के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक गंभीर चुनौती है। समीक्षात्मक दृष्टि से देखा जाए तो यह घटना हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर क्यों अहिंसा जैसे सार्वभौमिक मूल्य आज के दौर में असहनीय प्रतीत होते हैं? क्यों कुछ समूह इतिहास को मिटाने और संवाद की जगह हिंसा को स्थापित करने पर आमादा हैं? यह केवल अतीत की स्मृति पर हमला नहीं है, बल्कि भविष्य की दिशा पर भी सवाल खड़ा करता है। मूर्तियां टूटीं तो उन्हें ठीक किया जा सकता है, लेकिन यदि विचारों को खंडित करने का यह सिलसिला जारी रहा तो यह मानवता की आत्मा के लिए घातक सिद्ध होगा।

समय-समय पर शरारती एवं असामाजिक तत्व देश एवं दुनिया में भारत की महान् विभूतियों-गांधी-मोदी के दर्शन व उनकी कार्य-पद्धतियों पर कीचड़ उछालते रहे हैं और उन्हें गालियां देकर गौरवान्वित होते रहे हैं। ताजा गांधी प्रतिमा को तोड़ने की घटना किसी साधारण शरारत या स्थानीय असंतोष का परिणाम नहीं है, बल्कि यह उस गहरी हिंसक, आतंकी और विकृत मानसिकता का प्रतीक है, जो दुनिया में अहिंसा की आवाज़ को दबाना चाहती है। यह घटना केवल एक प्रतिमा को खंडित करने की नहीं, बल्कि महात्मा गांधी के विचारों पर आहत करने की साजिश है। गांधी महज एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक दर्शन हैं। उनके सत्य और अहिंसा के सिद्धांत विश्व राजनीति, समाज और मानवता के लिए अब भी सबसे बड़ी प्रेरणा बने हुए हैं। इसीलिए हिंसक मानसिकताएं बार-बार इन मूल्यों को मूक बनाने या कुचलने का प्रयास करती हैं। गांधी प्रतिमा पर हमला वस्तुतः उसी मानसिकता की पुनरावृत्ति है, जिसने उनकी हत्या की थी। आज यह मानसिकता कभी धार्मिक उग्रवाद, कभी नस्लीय भेदभाव, कभी आतंकवाद और कभी आर्थिक साम्राज्यवाद का रूप धारण करके सामने आती है। यह घटना भारत ही नहीं, पूरी दुनिया के लिए गंभीर चेतावनी है कि यदि अहिंसा और सहअस्तित्व की आवाज़ को चुप करा दिया गया, तो मानव सभ्यता हिंसा, आतंक और विनाश के अंधकार में जा सकती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते वर्षों में जिस तरह शांति, वैश्विक सहयोग और अहिंसक संवाद की परंपरा को विश्व मंच पर प्रतिष्ठित करने का प्रयास किया है, वह गांधी दर्शन की ही आधुनिक अभिव्यक्ति है। अंतरराष्ट्रीय संघर्षों, जलवायु संकटों, आतंकवादी क्रूरताओं और युद्ध की विभीषिकाओं से जूझती दुनिया में भारत की यह भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। ऐसे में गांधी प्रतिमा पर हमला, दरअसल इस शांति अभियान को ठेस पहुँचाने का संगठित प्रयास है। यह केवल भारत को नहीं, बल्कि उन सभी देशों और समुदायों को चुनौती है, जो अहिंसा को सभ्यता का मूल मंत्र मानते हैं। आज यह जरूरी है कि हम इस हिंसक और आतंकवादी मानसिकता को करारा जवाब दें। यह जवाब केवल प्रतिवाद या आक्रोश से नहीं, बल्कि गांधी के विचारों को और अधिक दृढ़ता से जीकर और फैलाकर देना होगा। जब-जब गांधी प्रतिमा पर चोट की गई है, तब-तब गांधी और बड़े होकर खड़े हुए हैं। कभी-कभी प्रशंसा नहीं ऐसी गालियां गांधी को ज्यादा पूजनीय बनाती रही हैं। जिस प्रकार गांधी ने कहा था-आप मुझे मार सकते हैं, मेरे शरीर को नष्ट कर सकते हैं, पर मेरे विचारों को समाप्त नहीं कर सकते-यह सत्य आज भी उतना ही प्रासंगिक है। दरअसल, अहिंसा को कुचलने की हर कोशिश अहिंसा को और अधिक शक्तिशाली बना देती है। यह हमला गांधी की अमरता का प्रमाण है। हमें इस अवसर को केवल निंदा तक सीमित न रखकर, गांधी के सत्य, प्रेम और सहिष्णुता के संदेश को और व्यापक स्तर पर प्रसारित करना चाहिए। तभी आतंकवादी मानसिकता को वास्तविक और स्थायी जवाब मिलेगा।

गांधी को कितने सालों से कटघरे में खड़ा किया जाता रहा है। जीते जी और मरने के बाद गांधी ने कम गालियां नहीं खाईं। गोडसे ने गोली से उनके शरीर को मारा पर आज तो उनके विचारों को बार-बार मारा जा रहा है। महात्मा के शिष्यों ने, बापू के बेटों ने, संत के अनुयायियों ने और गांधी की पार्टी वालों ने उनको बार-बार बेचा है, उनसे कमाया है, उनके नाम से वोट मांगे हैं, सत्ता प्राप्त की है, सुबह-शाम धोखा दिया है और उनकी चादर से अपने दाग छिपाये हैं।

# गांधी जयंती के अवसर पर जेल अदालत एवं जांच शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** झालसा रांची के निदेर्शानुसार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती के अवसर पर आज 2 अक्टूबर को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह के आदेशानुसार एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह के आदेशानुसार में जेल अदालत सह जागरूकता शिविर एवं उच्च न्यायालय के निर्देश पर प्रत्येक में स्वास्थ्य जांच शिवर का आयोजन मंडल कारागार में किया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस की बधाई बंदियों को देते हुए सचिव महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह ने उपस्थित बंदियों को संविधान के द्वारा प्रदत कानूनी अधिकारों के बारे में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह के द्वारा बंदियों को प्रदान किए जाने वाले विधिक सहायता के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान किया।

इस कार्यक्रम के दौरान वैसे बंदियों को चिन्हित किया गया जो छोटे-मोटे अपराधों में जेल में बंद हैं अथवा जिन्हें जमानत तो मिल चुकी है किंतु उचित बंधपत्र नहीं भर पाने की स्थिति में काराधीन हैं अथवा अपने वाद जो बंदी संभावित अधिकतम सजा के आधी अवधि तक काराधीन हैं बंदियों को जमानत पर छोड़ने हेतु अंडर ट्रायल रिव्यू कमिटी के माध्यम से विचार किया जाएगा। इसके लिए लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम, गिरिडीह के सभी अधिवक्ताओं जेल में प्रतिनियुक्त पीएलबी इत्यादि को निर्देश दिया गया कि ऐसे बंदियों को चिन्हित कर उनकी सूची बनाकर कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह में निर्धारित समय सीमा के अंदर अनिवार्य रूप से भेजें ताकि जल्द से जल्द अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी का आयोजन कर माननीय झालसा, रांची के द्वारा काराधीन बंदियों के सुविधा के लिए किए जा रहे प्रयासों से उन्हें लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने जेल प्रशासन को सभी बंदियों के लिए तथा मुख्य तौर पर महिला बंदियों एवं उनके साथ रह रहे बच्चों को निर्धारित सुविधाएं के साथ निरंतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गिरिडीह ने जेल में प्रतिनियुक्त पीएलबी को निर्देश दिया कि वे निरंतर काराधीन बंदियों के संपर्क में रहें तथा जिन बंदियों को विधिक सहायता की आवश्यकता हो उनका आवेदन अविलंब कारा प्रशासन के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह में भेजें ताकि सभी बंदियों को निःशुल्क एवं त्वरित न्याय समय पर प्रदान किया जा सके इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कारा अधीक्षक, मंडल कारा गिरिडीह कारापाल, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल फैयाज अहमद, श्री पुरुषोत्तम कुमार, रंजीव कुमार रंजीव, सहित जेल पीएलबी तथा न्यायालय कर्मियों एवं जेल कर्मियों की भूमिका सराहनीय रही।

## चार घरों में चोरों ने किया हाथ साफ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शीतलपुर और सिरसिया इलाके में एक साथ चार घरों में चोरी की बड़ी वारदात से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। शुक्रवार की सुबह जब लोग पूजा-पाठ में व्यस्त थे, तभी चोरों ने सोना-चांदी के जेवरात, नगदी और कीमती सामान समेत करीब 10 लाख से अधिक की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया सबसे बड़ी वारदात सिरसिया ब्लॉक के पीछे रहने वाले रिटायर्ड प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार सिन्हा के घर में हुई। दुर्गा पूजा पर परिवार के साथ पैतृक गांव चैनपुर गए हुए थे। लौटने पर उन्होंने देखा कि घर का ताला टूटा पड़ा है और अंदर से 5 लाख से अधिक की संपत्ति चोरी हो चुकी है। चोरों ने उनके किरायेदार के कमरे को भी निशाना बनाया इसी तरह शीतलपुर में रहने वाले मनोज कुमार सिन्हा और रोशन कुमार सिन्हा के घरों में भी ताले तोड़कर चोरी की गई। दोनों परिवार पूजा के अवसर पर गांव गए हुए थे। वापसी पर उन्होंने पाया कि पूरा घर अस्त-व्यस्त था और करीब 4 से 5 लाख की संपत्ति गायब हो चुकी थी। जानकारी मिलते ही मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो के नेतृत्व में पुलिस टीम सक्रिय हो गई।

## मानसरोवर तालाब में उमड़ा श्रद्धा का जन सैलाब

# नम आंखों से दी मां दुर्गा को विदाई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** विजयादशमी के अवसर पर मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन धार्मिक परंपराओं और श्रद्धा के साथ किया गया। शहर के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों और मंडलों में हवन, जागरण, सिंदूर खेला, प्रसाद वितरण और माँ दुर्गा की विदाई की रस्में बड़े ही उल्लासपूर्ण माहौल में संपन्न हुईं। शहर के बरगंडा, आईसीआर रोड में भक्तों ने मां दुर्गा की प्रतिमा को अपने कंधों पर उठाकर विधिपूर्वक विसर्जित किया। पंच मंदिर बरमसिया में आज मूर्ति विसर्जन हुआ विशेषकर मानसरोवर तालाब में जिला प्रशासन और समिति की ओर से उत्कृष्ट व्यवस्था की गई थी, जिससे श्रद्धालु बिना किसी असुविधा के मां दुर्गा को विदा कर सके। विसर्जन के दौरान पर पूरा शहर माँ दुर्गा के जयकारों और ढोल-नगाड़ों की धुन में भक्तिभाव से रंगा दिखाई दिया। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर इस परंपरा को भव्य रूप दिया इस मौके पर झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, गिरिडीह उपायुक्त रामनिवास यादव, एसपी डॉ. विमल कुमार, एसडीपीओ जीत वाहन उरांव, डीएसपी, नगर थाना और मुफ्फसिल थाना प्रभारी समेत प्रशासनिक अमला मौजूद रहा वहीं कोडरमा सांसद प्रतिनिधि दिनेश प्रसाद यादव, बीजेपी और कांग्रेस के कई गणमान्य नेताओं ने भी आकर विसर्जन कार्यक्रम में सहभागिता की और श्रद्धालुओं को विजयदशमी की शुभकामनाएं दीं। शहर के मुख्य चौक-चौराहों और तालाबों के आस-पास सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता थी। पुलिस बल लगातार गश्त कर रहा था ताकि कार्यक्रम के दौरान कोई अप्रिय घटना न हो। विजयी दशमी के इस आयोजन से पूरे जिले में धार्मिक और सांस्कृतिक उत्साह का वातावरण देखने को मिला।

# उपायुक्त ने की जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूँटी।** उपायुक्त आर. रॉनिटा की अध्यक्षता में आज समाहरणालय के कार्यालय कक्ष में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक में गत एक माह के दौरान खनिज पदार्थों के अवैद्य खनन एवं परिवहन की रोकथाम की दिशा में संबंधित अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देशित किया कि खनिजों के अवैद्य खनन स्थलों को चिन्ह्ति कर जिला खनन टास्क फोर्स टीम आपस में समन्वय बनाकर अवैद्य खनन एवं परिवहन के मार्गों पर विशेष निगरानी रखें। उन्होंने जिला खनन पदाधिकारी को सीओ एवं थाना प्रभारी संग समन्वय स्थापित कर कार्रवाई का निदेश दिया। उपायुक्त ने विभिन्न थाना क्षेत्र में विशेष छापामारी अभियान चलाने एवं अवैद्य खनन एवं परिवहन के मामलों में विधिसम्मत कार्रवाई का निर्देश दिया। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक, वन प्रमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, नजारत उप समाहर्ता सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जनता दरबार आमजन से सीधे संवाद का माध्यम है। इसका उद्देश्य लोगों की वास्तविक समस्याओं को सुनना और उन्हें त्वरित समाधान प्रदान करना है। उपायुक्त रामनिवास यादव ने आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया। आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के निराकरण हेतु आए करीब दर्जनों लोगों से उपायुक्त ने मिलकर उनकी समस्याएं सुनी तथा जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस प्रकार बारी-बारी से लोगों ने विभिन्न प्रकार की समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट भी निष्पादन किया गया। जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों में मुख्य रूप से भूमि विवाद, मईया समान योजना से जुड़ी समस्याएं, दिव्यागजन हेतु ट्राई-साइकिल की मांग, भूमि विवाद, दाखिल खारिज, स्वास्थ्य विभाग, पेंशन, राशन, भू अर्जन, पेयजल,




अबुआ आवास योजना, शिक्षा विभाग व विद्यालय संचालन से संबंधित मुद्दे, स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता एवं अन्य व्यक्तिगत व सामुदायिक समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं।

उपायुक्त ने सभी आवेदकों की समस्याएं सहजता, संवेदनशीलता एवं गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। उपायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें ताकि आमजन को राहत मिल सके।

उपायुक्त ने बताया कि मंगलवार एवं शुक्रवार के अलावा भी आमजन अपनी समस्याओं को लेकर समाहरणालय आ सकते हैं, संबंधित विभाग को अपना आवेदन दे सकते हैं, उनके आवेदन का त्वरित निराकरण किया जायेगा उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार आमजन से सीधे संवाद का माध्यम है। इसका उद्देश्य लोगों की वास्तविक समस्याओं को सुनना और उन्हें त्वरित समाधान प्रदान करना है। हमारा प्रयास है कि जिला प्रशासन हर नागरिक तक प्रभावी ढंग से पहुँचे और विश्वास का वातावरण बने।

## चोर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** हिरोड़ीह थाना में पिछले दिनों वादी महिपाल पे सुधाकर गुप्ता ग्राम+पो० किसगो थाना हिरोडीह जिला गिरिडीह के लिखित आवेदन के आधार पर हिरोडीह थाना कांड सं० 130/25 के वादी के बंद कमरे का ताला को खोलकर कमरे के अंदर में रखा अलमीरा से सोना चाँदी का जेवरात करीब 12,00,000/- रुपए का चोरी करने के आरोप में दर्ज कराया गया था। इसी कांड का त्वरित उद्भेदन हेतु पुलिस अधीक्षक के दिशा निदेर्शानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खोरीमहुआ द्वारा पुनि प्रदीप कुमार दास जमुआ अंचल के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया। वंही इस कांड का अनुसंधान के क्रम में त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड के अभियुक्त प्रेम कुमार गुप्ता उम्र करीब 19 वर्ष पे० बसंत कुमार गुप्ता ग्राम किसगो थाना हिरोजीह जिला गिरिडीह को गिरफ्तार किया गया एवं गिरफ्तार किये गये अभियुक्त के पास से एक सोना का चेन एक अंगुठी, कान का झुमका लोकेट सोने का एक नाक का नथिया सोने का एक जोड़ा चाँदी का पायल दस हजार नगद व अन्य सहित बरामद किया गया।

# कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई महात्मा गांधी जयंती



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिला कांग्रेस कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसियों ने सर्वप्रथम महात्मा गांधी के चित्र पर मल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर गुलाम मुस्तफा पंकज सागर त्रिभुवनदास इरफान अली,सिकंदर अली, राजा अंसारी, पप्पू अंसारी, मोहम्मद हुसैन अंसारी, फैजान अंसारी, गोलू, साकिब अंसारी सहित कई कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# संयुक्त निदेशक ने किया कर्मयोगी सेंटर का निरीक्षण

## अधिकारियों को दिये कई दिशा-निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** संयुक्त निदेशक, जनजातीय कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली वेद प्रकाश मीणा ने गिरिडीह प्रखंड के फुलजोरी, बेंगाबाद प्रखंड अंतर्गत चमरखों, चनकियारी में संचालित आदि कर्मयोगी सेंटर का निरीक्षण किया। मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी, जयप्रकाश मेहरा और प्रखंड विकास पदाधिकारी, सुनील मुर्मू समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में संयुक्त निदेशक ने आदि कर्मयोगी केंद्र के संचालन, रखरखाव व अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीण आजीविका, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, स्वच्छता, पोषण



और किसान कल्याण जैसी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। इसके अलावा उन्होंने योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया के बारे में भी ग्रामीणों को बताया और विकास कार्यों की समीक्षा की

उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को उनकी सहभागिता से विकास को गति देने का संदेश दिया गया। संयुक्त निदेशक ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायत स्तर पर जन-जागरूकता, पारदर्शिता एवं ग्राम विकास की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करना है। इस अवसर पर ग्रामीणों की समस्याओं और सुझावों को भी सुना गया, जिसमें ग्रामीणों की समस्याओं और विकास योजनाओं पर चर्चा की गई।

## 21 वर्षीय युवती से सामूहिक दुष्कर्म

**हंसडीहा (दुमका)।** हंसडीहा में स्टेज प्रोग्राम करने वाली एक 21 वर्षीय युवती के साथ सामूहिक बलात्कार का मामला सामने आया है। देवघर की रहने वाली युवती ने तीन युवकों के खिलाफ आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने तीन आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। युवती ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि देवघर में रहकर स्टेज शो में गाना गाती है। 28 सितंबर को उसे एक नंबर से फोन आया, जिसमें बताया गया कि हंसडीहा में स्टेज प्रोग्राम करना है। इसके बाद तीन युवक सफेद रंग की कार से उसे लेने के लिए आए। तीनों युवक उसे कार से हंसडीहा लेकर आए। जब युवती ने पूछा कि प्रोग्राम कहां है तो उसे एक कमरे में यह कहकर ले जाया गया कि प्रोग्राम के लिए अन्य कलाकार इसी कमरे में हैं। जब वह कमरे में गई तो तीनों युवक सौरभ कुमार, राजन राज और पारस यादव ने मुंह में कपड़ा भर दिया और हाथ पैर बांधकर बारी-बारी से दुष्कर्म किया। ब्लीडिंग की वजह से उसकी तबीयत बिगड़ गई तो युवकों ने उसका मोबाइल फोन और पैसे छीन लिया।

# लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा के लिए जगह दे प्रशासन : राजेश सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** गांधी जयंती,शेख भिखारी जयंती भी आज के दिन है सभी को याद किया गया,आगे से बड़े कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम करेंगे दो अक्टूबर को तीन महान सख्श का जन्म दिन है एक गांधी जी,दूसरा लाल बहादुर शास्त्री और तीसरा झारखंड के क्रांतिकारी शेख भिखारी का। तीनों ने भारत को बहुत कुछ सिखाया है,देश को बेहतर शिक्षा दी है हम आज भी इनको पढ़कर बहुत कुछ सीखते है। तीनों को श्रद्धांजलि देते है,आज गांधी चौक में सामाजिक कार्यकर्ता ने गांधी जी पर मालार्पण किया मालार्पण करने के बाद लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मानने के लिए नया सर्किट हाउस सभी सामाजिक कार्यकर्ता पहुंचे,मुख्य रूप से उपस्थित थे,धरणीधर प्रसाद, कृष्ण मुरारी शर्मा , राजेश सिन्हा, शंकर पाण्डेय, रामदेव विश्वबंधु, दशरथ



प्रसाद , सैयद सबिह अशरफ , अरूण शर्मा, गौरीशंकर यादव, कासिम अंसारी, नुरूल हौदा, संतोष कुमार सहित कई लोग मौजूद थे,सभी ने मालार्पण किया,इनके कार्यकाल की चर्चा की। कहा कि प्रधानमंत्री हो तो लाल बहादुर शास्त्री के जैसा राजेश सिन्हा ने कहा कि गिरिडीह में लाल बहादुर शास्त्री जैसे सोच वाले प्रधानमंत्री का प्रतिमा होना चाहिए,1965 में पाकिस्तान को सबक सिखाने वाले और लाहौर तक सेना को पहुंचाने वाले एक मात्र प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री अब तक के प्रधानमंत्रियों में बड़ा नाम है,प्रशासन जल्द जगह तलाश कर के इनके आदम कद का मूर्ति स्थापित करें, वरना हमलोग के स्तर से होगा ही। सिन्हा ने कहा कि आज के दिन ही झारखंड रांची के शहीद शेख भिखारी का जन्म दिन भी है,गिरिडीह में सभी शहीदों का भी मोड बने तो आज के युवा को एक बेहतर संदेश जाएगा सामाजिक कार्यकर्ता धरणीधर प्रसाद ने कहा कि इतने साधारण रहने वाले लेकिन इतना वैज्ञानिक सोच रखने वाले लाल बहादुर शास्त्री को हम याद करते है,इनका देश के लिए त्याग और बलिदान भुलाया नहीं जा सकता,इनका एक मूर्ति नहीं है गिरिडीह भर में यह चिंताजनक बात है,जल्द मूर्ति बने हमसब का भी समर्थन रहेगा सामाजिक कार्यकर्ता रामदेव विश्वबंधु, सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण मूरारी शर्मा ने कहा कि देश को महान क्रांतिकारी से सिख लेने की जरूरत है,युवा भटक गए है उनको महान क्रांतिकारी का विचार पढ़ाना पड़ेगा जल्द नहीं मूर्ति बना तो शास्त्रीनगर मोहल्ला का नाम लाल बहादुर शास्त्री के नाम से है यही प्रयास करेंगे बनाने का सिन्हा ने कहा।

# गांधी के आदर्शों को युवा वर्ग तक पहुंचाने की जरूरत : कृष्ण मुरारी शर्मा

**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर गुरूवार को गिरिडीह में गांधी चौक पर प्रगतिशील और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया और गांधी के आदर्शों को युवा वर्ग तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नुक्कड सभा को संबोधित करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा गिरिडीह के जिला प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी आजादी की लड़ाई के हीरो थे। उन्होंने पूरे देश में जाकर लोगों को जगाया, जब लोग जाग गये तब अंत में अंग्रेजों भारत छोडो का नारा दिया। अंततः अंग्रेजों को भारत छोड़कर जाना पड़ा। हमारा देश आजाद हुआ। महात्मा गांधी का सपना था कि भारत के गांव-गांव में लोकतंत्र मजबूत हो । उन्होंने कहा कि वर्तमान फासीवादी दौर में लोकतांत्रिक अधिकारों पर रोज हमला हो रहा है। संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है। लोकतंत्र को खत्म करने साजिश चल रही है। कहा कि नौजवान, किसान- मजदूर, महिला सोते रहे तो हक अधिकार से वंचित रह जाएंगे। शांति सद्भावना और भाईचारे के लिए पुनः एक बार आंदोलन करने का समय आ गया है समाजवादी नेता धरणीधर प्रसाद ने लद्दाख के गांधीवादी नेता की गिरफ्तारी को लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला बताया। उन्होंने कहा कि देश संविधान से चलेगा लोकतंत्र में तानाशाही के लिए कोई जगह नहीं है। सामाजिक कार्यकर्ता रामदेव विश्वबंधु ने कहा कि महात्मा गांधी आत्म निर्भर गांव और आत्म निर्भर समाज की कल्पना करते थे। वो समाज के अंतिम जन का उद्धार चाहते थे। शांति, प्रेम, सहिष्णुता और



सांप्रदायिक सद्भाव ही उनका मुख्य संदेश था। राजेश सिन्हा ने कहा कि हमारे युवा पीढी को गांधी का विचार और गांधी के किये हुए कार्य पढ़ने और समझने की जरूरत है। गांधी ने अहिंसा के बदौलत पूरे भारत को एक सूत्र में बांध दिया था । शंकर पाण्डेय ने कहा लोकतंत्र में अपनी बात कहने, मांग रखने का अधिकार हमें संविधान देता है। गांधी जी के बताए मार्ग पर चल कर अपने हक व अधिकार की मांग करना अपराध नहीं है बल्कि सबसे बड़ा देश सेवा है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि असहयोग आन्दोलन में गांधीजी ने भी 1922 में चौरा चौरी में हुई हिंसक धटना के बाद हमारा मार्ग हिंसा का नहीं है, यह कहते हुए आन्दोलन वापस ले लिया था और आज सोनम वांगचुक ने भी लद्दाख में हुई हिंसक घटना के तुरंत बाद पांच दिनों से जारी अनशन आन्दोलन को वापस लिया। तब चौरा चोरी की धटना का सारा दोष बिट्रिश हुकूमत सारा दोष गांधी पर लगाकर सलाखों के अंदर बंद कर दिया था। आज आजाद भारत में ठीक उसी तरह की धटना सोनम वांगचुक पर मंढ़ा गया है। देश की सेना, पर्यावरण, शिक्षा के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान देनेवाले उस शख्स को केन्द्र सरकार ने राष्ट्र के लिए खतरा बताकर गिरफ्तार किया है और उन्हें बदनाम करने की मुहिम चलाई जा रही है वह निंदनीय है।

## जंगल से युवती की लाश बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। किताहातु टोला लातार गांव निवासी सुखमति लोहार (35) का शव बुधवार को गांव के पास के जंगल से बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार, सोमवार को सुखमति अपने घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की, तभी बुधवार को ग्रामीणों ने जंगल में उसका शव देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस के मुताबिक, अज्ञात अपराधियों ने धारदार हथियार से गला रेतकर महिला की बेरहमी से हत्या की है। हत्या के पीछे की वजह फिलहाल साफ नहीं है, लेकिन पुलिस इसे जमीन विवाद या डायन-बिसाही से जुड़ा मामला मानकर जांच कर रही है। सूचना पाकर टोंटो थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। परिजनों का कहना है कि उन्हें अंदाजा नहीं है कि महिला की हत्या क्यों की गई।

# शोक सभा आयोजित कर बीडीओ को दी गयी श्रद्धांजलि



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जयंत जेरोम लकड़ा, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, रामगढ़ का प्रातः मेदांता हॉस्पिटल रांची में आकस्मिक निधन होने से झारखण्ड प्रशासनिक सेवा को अपूरणीय क्षति हुई है। दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिवार को सांतवना के लिए झारखण्ड प्रशासनिक सेवा संघ गिरिडीह जिला ईकाई के द्वारा समाहरणालय सभागार में स्मृता कुमारी, उप विकास आयुक्त- सह - अध्यक्ष, झारखण्ड प्रशासनिक सेवा संघ गिरिडीह जिला ईकाई की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया एवं दो मिनट का मौन रखा गया। जिसमें गिरिडीह जिला के सभी झारखण्ड प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी अपर समाहर्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी अनुमंडल डुमरी एवं गिरिडीह, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, गिरिडीह सदर आदि शामिल हुए तदोपरांत शोक सभा को समाप्त किया गया।

CMYK

## बढ़ती आय और कर सुधारों से भारत में निवेश के नए अवसर खुल रहे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एनके सिंह ने कहा है कि भारत का बड़ा और अब तक अप्रयुक्त घरेलू बाजार देश में निवेश के लिए अपार संभावनाएं प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि प्रति व्यक्ति आय में सालाना पांच से छह प्रतिशत की दर से हो रही वृद्धि से निजी निवेश, पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप, बाहरी निजी निवेश और आंतरिक संसाधन जुटाने के लिए अनुकूल अवसर बन रहे हैं। एनके सिंह ने कहा कि हम एक ऐसे निर्णायक मोड़ पर हैं, जहां कई सकारात्मक चक्र एक साथ काम कर रहे हैं, जो हमें आने वाली चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने में सक्षम बनाएंगे। जीएसटी सुधारों से लोगों को राहत मिली है उन्होंने आगे कहा कि जीएसटी दरों में कटौती से सरकार को राजकोषीय मोर्चे पर अधिक लचीलापन मिला है, आम लोगों की क्रय शक्ति बढ़ी है, कारोबार करने में आसानी में सुधार हुआ है और आम जनता को राहत मिली है। सिंह ने कहा कि यह भारत के आम नागरिक की जीत है, जहां वह अपेक्षाकृत कम कर दरों का भुगतान कर रहा है और निवेश व कारोबारी माहौल में व्यापक सुधार देखने को मिल रहा है।

## आईपीओ ओपन होने से पहले विवादों में आई वीवर्क कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) मार्केट में वीवर्क की एंट्री होने वाली है। इससे पहले ही कंपनी विवादों में आ गई है।



एक निवेशक ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की है, जिसमें कंपनी पर गलत काम करने और बाजार नियामक द्वारा उसकी शिकायतों पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया गया है। एक याचिकाकर्ता ने दावा किया कि ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में कई महत्वपूर्ण जानकारियां और भ्रामक बातें शामिल हैं, जिनमें गंभीर आर्थिक अपराधों के लिए प्रमोटरों के खिलाफ दायर आरोपपत्र को छिपाना भी शामिल है। बंसल ने सेबी से अपील की है कि जब तक आरोपों की जांच पूरी नहीं हो जाती और कोई औपचारिक फैसला नहीं आ जाता, तब तक वीवर्क को आईपीओ लाने से रोका जाए। बॉम्बे हाईकोर्ट की याचिका में दावा किया गया है कि सेबी अधिनियम की धारा 11ए सेबी को निवेशकों की सुरक्षा और बाजार की अखंडता सुनिश्चित करने के लिए किसी भी इश्यू पर रोक लगाने का स्पष्ट अधिकार प्रदान करती है। याचिकाकर्ता ने यह भी दावा किया कि आईपीओ से प्राप्त राशि जारीकर्ता के लिए कोई ठोस संपत्ति या व्यावसायिक अवसर पैदा नहीं करेगी। इसके बजाय, यह मुख्य रूप से खुदरा निवेशकों की कीमत पर प्रमोटरों को बाहर निकलने का रास्ता प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो बदले में सेबी के सामान्य आदेश, 2012 में निर्धारित सिद्धांतों का उल्लंघन करता है। याचिकाकर्ता ने सार्वजनिक होने की योजना बना रही कंपनी के खिलाफ दायर विस्तृत शिकायतों पर सेबी की निष्क्रियता को चुनौती दी है। याचिका में उल्लेख किया गया है कि सेबी के समक्ष शिकायत दर्ज करने के बावजूद, उसने न तो इस मुद्दे पर निर्णय लिया है और न ही कोई तर्कसंगत मैसेज पारित किया है, जो एक स्पष्ट आदेश पारित करने के कर्तव्य का उल्लंघन करता है।

### कम कर दरों से परिवारों की सामर्थ्य में सुधार होगा

# जीएसटी 2.0 से छोटे कारोबारियों को फायदा




**नई दिल्ली, एजेंसी।**
वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार ने उत्तर प्रदेश की विविध अर्थव्यवस्था को राहत दी है। इसमें जीआई-पंजीकृत कालीन, पीतल के बर्तन, जरदोजी, जूते, चीनी मिट्टी के उत्पादन, खेल के सामान और सीमेंट शामिल हैं। कम कर दरों से परिवारों की सामर्थ्य में सुधार होगा। कारीगरों पर कार्यशील पूंजी का दबाव कम होगा। इससे घरेलू तथा वैश्विक दोनों बाजारों में छोटी एवं मझोली (एमएसएमई) कंपनियों की प्रतिस्पर्धात्मकता मजबूत होगी। जीएसटी में टैक्स की दरें कम होने से भदोही के कालीन, मुरादाबाद के पीतल के बर्तन और सहारनपुर के लकड़ी के सामान के 6-7 प्रतिशत सस्ते होने की उम्मीद है। इससे निर्यात और लाखों कारीगरों के रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। भदोही, मिर्जापुर व जौनपुर क्षेत्र भारत के सबसे बड़े हाथ से बुने और कालीन क्लस्टर में से एक है। जीएसटी दर 12 से घटाकर 5 प्रतिशत करने के बाद ये कालीन सस्ते हो गए हैं। कानपुर-आगरा क्षेत्र में 15 लाख श्रमिकों को रोजगार देने वाले चमड़ा और फुटवियर क्लस्टरों को भी जीएसटी दर में कटौती से लाभ मिलेगा। इससे एमएसएमई की प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार होगा और निर्यात में वृद्धि होगी। लकड़ी के खिलौने व शिल्प क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। जिनमें से कई अपने घरों से काम करते हैं। केवल वाराणसी व चित्रकूट के क्लस्टर लगभग 15,000-25,000 कारीगरों को रोजगार देते हैं। सहारनपुर में लकड़ी के काम और नक्काशी में लगे हजारों कारीगर रहते हैं। रामपुर भी इस पारंपरिक शिल्प नेटवर्क का हिस्सा है। ये क्लस्टर मेलों, धार्मिक खिलौनों और सजावट के माध्यम से मजबूत घरेलू मांग को पूरा करते हैं। इनसे यूरोप और खाड़ी देशों तक मामूली निर्यात भी होता है। इसी के तहत नेशनल कंज्यूमर हेल्पलाइन (एनसीएच) को अब तक जीएसटी से संबंधित 3,981 शिकायतें मिली हैं। इनमें 31 प्रतिशत सवाल और 69 प्रतिशत वास्तविक शिकायतें शामिल हैं। भारत सरकार का उपभोक्ता मामले का विभाग इन शिकायतों के जल्द समाधान और स्पष्टीकरण के लिए उन पर बारीकी से नजर रख रहा है।

### खिलौने और छोटे शिल्प होंगे सस्ते

जीएसटी घटाकर 5 प्रतिशत करने से खिलौने और छोटे शिल्प सस्ते होने की उम्मीद है। इससे स्थानीय बाजारों में उनकी सामर्थ्य बढ़ेगी और कारीगरों को मशीन-निर्मित प्लास्टिक उत्पादों से प्रतिस्पर्धा करने में मदद मिलेगी। मेरठ और मोदीनगर स्थित खेल सामग्री क्लस्टरों को भी लाभ होगा, जहां 30,000-35,000 श्रमिक छोटी इकाइयों, एमएसएमई और बड़े कारखानों में कार्यरत हैं। यह क्षेत्र घरेलू बाजार के लिए लगभग 250 करोड़ रुपये मूल्य के क्रिकेट और हॉकी उपकरण बनाता है। अफ्रीका और मध्य पूर्व को भी निर्यात करता है।

### ब्रांड मालिकों और ई-कॉमर्स कंपनियों को भेजी जा रही शिकायतें

उपभोक्ता मामलों के विभाग ने एनसीएच के मल्टी-चैनल शिकायत निवारण प्रणाली के जरिये उपभोक्ताओं को जीएसटी से संबंधित शिकायतों को सीधे दर्ज करने की सुविधा दी है। त्वरित कार्रवाई के लिए शिकायतों को संबंधित ब्रांड मालिकों और ई-कॉमर्स कंपनियों को भेजा गया है।

### दूध, पेट्रोल और इलेक्ट्रॉनिक सामान पर सबसे ज्यादा भ्रांति

एनसीएच को मिली शिकायतों का एक बड़ा हिस्सा दूध की कीमत से संबंधित है। उपभोक्ताओं ने एनसीएच से शिकायत की कि जीएसटी सुधार के बाद भी दूध कंपनियां कम दर का लाभ नहीं दे रही हैं। जांच में केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने पाया कि ताजा दूध पहले से ही छूट प्राप्त था और यूएचटी दूध को हाल ही में छूट दी गई है। नए जीएसटी सुधारों के बाद 3981 शिकायतें दर्ज, दूध-पेट्रोल और इलेक्ट्रॉनिक सामान पर सबसे ज्यादा भ्रांति22 सितंबर 2025 से नेक्स्ट-जेनरेशन जीएसटी सुधार 2025 लागू होने से भारत की कर प्रणाली में एक क्रांतिकारी बदलाव आया है। इसका उद्देश्य कर ढांचे को सरल बनाना और यह सुनिश्चित करना है कि तर्कसंगत कर दरों का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचे।

### ऑनलाइन मनी गेम पर नियम सख्त

## उल्लंघन पर गैर-जमानती अपराध बनेगा; कंपनी के सभी स्टाफ होंगे जिम्मेदार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने ऑनलाइन मनी गेमिंग नियमों के उल्लंघन को गैर-जमानती अपराध बनाने और इसमें शामिल पूरी कंपनी के स्टाफ को जिम्मेदार ठहराने का प्रस्ताव रखा है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इस संबंध में गुरुवार को मसौदा नियम जारी किए। इनके अनुसार, किसी भी अधिकृत अधिकारी को भौतिक या डिजिटल स्थान पर प्रवेश करने, तलाशी लेने और बिना वारंट के ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार करने का अधिकार होगा, जिस पर अपराध करने या गैरकानूनी गतिविधि में शामिल होने या प्रतिबंधित कृत्यों को अंजाम देने की आशंका हो। नियमों में यह भी प्रावधान है कि कानून के तहत तलाशी और जांच करने वाले अधिकृत अधिकारियों को किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से सुरक्षा मिलेगी। मंत्रालय ने मसौदा नियमों पर सुझाव और टिप्पणियां 31 अक्तूबर तक आमंत्रित की हैं। मसौदा नियमों में कहा गया है कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के प्रावधानों के बावजूद, धारा 5 और धारा 7 के तहत अपराध संज्ञेय और गैर-जमानती होंगे। धारा 5 में किसी भी इकाई को ऑनलाइन मनी गेम्स और संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराने, प्रोत्साहित करने या उसमें भाग लेने से रोका गया है। धारा 7 के तहत बैंकों, वित्तीय संस्थानों या अन्य व्यक्तियों को ऐसे खेलों से जुड़े वित्तीय लेन-देन को सुविधाजनक बनाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। अधिनियम, 2025 की धारा 19 के तहत तैयार किए गए हैं, जिसे संसद से मंजूरी मिलने के बाद 22 अगस्त को राष्ट्रपति की स्वीकृति भी मिल चुकी है।

## डीमर्जर के रिकॉर्ड डेट के ऐलान के बाद टाटा मोटर्स के शेयर चढ़े

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा मोटर्स के शेयरों में आज बढ़त दर्ज की गई है और यह 723.75 से 724.25 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। 1 अक्टूबर को शेयर का भाव 4.83 प्रतिशत उछलकर 713.05 तक पहुंच गया था, जिसका मुख्य कारण डीमर्जर की रिकॉर्ड तिथि की घोषणा थी। 2 अक्टूबर को बाजार छुट्टी के बाद, 3 अक्टूबर को शेयर ने फिर से लगभग 3 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की और 739.55 के स्तर को छुआ। इस उछाल के पीछे का प्रमुख कारण 1 अक्टूबर 2025 से प्रभावी हुआ डीमर्जर है। कंपनी ने आधिकारिक तौर पर 14 अक्टूबर 2025 को रिकॉर्ड डेट तय की है। इस तिथि तक टाटा मोटर्स के शेयर रखने वाले निवेशकों को हर एक शेयर के बदले नई कमर्शियल व्हीकल कंपनी का एक शेयर मिलेगा। नई कमर्शियल व्हीकल इकाई के नवंबर में अलग से लिस्ट होने की उम्मीद है। इस डीमर्जर का मतलब है कि रिकॉर्ड डेट तक शेयरधारक रहने वाले निवेशकों की होल्डिंग दो अलग-अलग कंपनियों में बंट जाएगी। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड में पैसेंजर व्हीकल, इलेक्ट्रिक व्हीकल और जगुआर लैंड रोवर बिजनेस शामिल होंगे।

# कस्टम डिपार्टमेंट में भ्रष्टाचार से तंग आया कार्गो फर्म विट्रैक इंक

### , कहा अब भारत में धंधा ही नहीं करेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री की कुर्सी संभालने के कुछ दिनों के बाद ही कह दिया था- ना खाऊंगा ना खाने दूंगा। लेकिन सरकारी अधिकारी इस बात को अभी भी ठीक से नहीं समझ रहे हैं। अब सीमा शुल्क या कस्टम विभाग को ही देखिए। इसका चेन्नई ऑफिस इस समय सुर्खियों में है। सुर्खी की वजह तमिलनाडु की एक लॉजिस्टिक्स कंपनी विट्रैक इंक है। इसने ङ्ग पर एक बड़ी घोषणा की है। कंपनी ने बताया है कि वह 1 अक्टूबर से भारत में अपना आयात-निर्यात का काम बंद कर देगी। उन्होंने इस फैसले के पीछे चेन्नई कस्टम्स द्वारा पिछले 45 दिनों से किए जा रहे लगातार उत्पीड़न को वजह बताया है। कंपनी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दावा किया है कि इस साल दो बार



रिश्वत मांगने की बात उजागर करने के बाद अधिकारियों ने उनसे बदला लिया। जिससे उनका कारोबार भारत में पंगु और बर्बाद हो गया है। कंपनी ने अपनी पोस्ट में साफ कहा, भारत में कारोबार करना आसान नहीं है, शासन के हर स्तर पर केवल भ्रष्टाचार है। विट्रैक इंक के फाउंडर प्रवीन गणेशन ने भी इस मामले में गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने स्पेशल इंटेलिजेंस एंड इन्वेस्टिगेशन ब्रांच के कुछ खास अधिकारियों का नाम लिया है। प्रवीन ने दावा किया कि उनकी पत्नी की कंपनी को 6,993 के एक शिपमेंट के लिए 2.1 लाख रुपये से ज़्यादा की रिश्वत देने पर मजबूर किया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अधिकारियों ने बातचीत के दौरान 10 प्रतिशत छूट की पेशकश भी की थी। इस पोस्ट पर लोगों की तरफ से कड़ी प्रतिक्रियाएं आई हैं। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने इस स्थिति को वास्तव में निराशाजनक बताया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार अभी भी बहुत फैला हुआ है और आगे जोड़ा, ज़्यादातर कंपनियां व्यापार करने की कीमत के तौर पर बस इसका पालन करती हैं। ऐसा होना ज़रूरी नहीं है। आरिन कैपिटल के चेयरमैन और इंफोसिस के पूर्व सीएफओ मोहनदास पई ने भी इस पोस्ट पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को टैग करते हुए लिखा, आप हमारे बंदरगाहों में व्यवस्थागत भ्रष्टाचार को खत्म करने में विफल रहे हैं।

# आरबीआई का सर्वे: महंगाई को लेकर लोगों की चिंता घटी

- आने वाले महीनों में आमजन के लिए जागी राहत की उम्मीद
- वर्तमान में महंगाई की धारणा में थोड़ी बढ़ोतरी जरूर देखी गई है

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ताजा सर्वे में देशवासियों को महंगाई और कीमतों में दबाव पहले के मुकाबले कम लग रहा है। सितंबर 2025 के इन्फ्लेशन सर्वे में लोगों ने खाद्य वस्तुओं से लेकर सेवाओं तक, लगभग सभी क्षेत्रों में कीमतों के दबाव में कमी बताई है। हालांकि वर्तमान में महंगाई की धारणा में थोड़ी बढ़ोतरी जरूर देखी गई है, लेकिन आने वाले महीनों में महंगाई की उम्मीदें भी घटी हैं, जिससे आमजन को राहत की उम्मीद जगी है।

**क्या कहते हैं आंकड़ें?:** बता दें कि सर्वे में बताया गया कि आने वाले तीन महीनों में 77.8 प्रतिशत लोगों ने कीमतें बढ़ने की बात कही, जबकि पिछली बार यह आंकड़ा 79.5 प्रतिशत था। एक साल के नजरिए से 86.8 प्रतिशत लोगों को कीमतें बढ़ने की आशंका है,




जो पहले 88.1 प्रतिशत थी। ऐसे में सिर्फ 7.0 प्रतिशत जो कि 25 साल से कम उम्र के लोगों ने सबसे कम महंगाई महसूस की। वहीं 60 साल से ऊपर के लोगों ने इसे 7.9 प्रतिशत बताया। इसके अलावा कोलकाता में सबसे ज्यादा महंगाई महसूस की गई, 10.5 प्रतिशत, इसके बाद मुंबई (8.5 प्रतिशत) और दिल्ली (8.0 प्रतिशत) रहे।

### मामले में आरबीआई का स्पष्टीकरण

गौरतलब है कि सर्वे को लेकर आरबीआई ने साफ किया कि यह सर्वे सिर्फ लोगों की राय दिखाता है। साथ ही यह केंद्रीय बैंक की खुद की महंगाई की धारणा नहीं है।

यह सर्वे सिर्फ इस दिशा में संकेत देता है कि आम जनता को महंगाई कैसे महसूस आरबीआई के ताजा सर्वे में सामने आया है कि देश के आम लोग अब खाद्य पदार्थ, गैर-खाद्य वस्तुएं, मकान और सेवाओं की लागत में पहले के मुकाबले महंगाई का असर कुछ कम महसूस कर रहे हैं। हालांकि वर्तमान महंगाई की धारणा थोड़ी बढ़ी है और यह 7.4 प्रतिशत हो गई है, जो पिछले सर्वे की तुलना में 0.2 प्रतिशत अधिक है। साथ ही सर्वे में ये भी बताया गया कि अगले तीन महीनों के लिए लोगों की महंगाई की उम्मीदें 8.3 प्रतिशत से घटकर 8.1 प्रतिशत पर आ गई हैं। वहीं, एक साल आगे की उम्मीदें भी घटकर 8.7 प्रतिशत रह गईं, जो पहले 9.0 प्रतिशत थीं।

# टूटेगा रिकॉर्ड, इस माह आईपीओ से 47,500 करोड़ जुटाएंगी कंपनियां

नई दिल्ली, एजेंसी।
शेयर बाजार में भले ही गिरावट हो और दुनियाभर में उथल-पुथल हो। लेकिन भारतीय कंपनियां इस महीने आईपीओ से रिकॉर्ड पैसा जुटाने जा रही हैं। कुल 18 कंपनियां 47,500 करोड़ रुपये जुटाने के लिए बाजार में उतरेंगी। इसमें से दो कंपनियां एक अक्तूबर तक बाजार में उतर चुकी हैं। दो के इश्यू तीन अक्तूबर को व तीन आईपीओ 9 अक्तूबर तक बंद होंगे। यह सभी मिलकर 30,434 करोड़ रुपये जुटा रही हैं। बाकी 11 कंपनियां महीने के अंत तक बाजार से करीब 17,000 करोड़ रुपये जुटाने की तैयारी में हैं।
स्टॉक एक्सचेंजों के मुताबिक, अगले हफ्ते एलजी व टाटा कैपिटल मिलकर 27,000 करोड़ से ज्यादा रकम जुटाएंगी। वीवर्क 3,000 करोड़ रुपये के लिए शुक्रवार को बाजार में उतर रही है। बाकी इस महीने आने वाली कंपनियों में केनरा एचएसबीसी लाइफ 4,000 करोड़, केनरा रोबैको म्यूचुअल फंड 1,000 करोड़, रूबिकॉन 1,000 करोड़ और क्रेडिला 5,000 करोड़ रुपये जुटा सकती हैं। प्रेस्टिज 2,700 करोड़ जुटाएगी। विद्या वायर्स की योजना 400 करोड़, मेटलमैन की 350 करोड़ व एक्सेल सॉफ्ट की 700 करोड़ जुटाने की है। पाइनलैब 2,600 करोड़ रुपये जुटाएगी। इनके अलावा तीन और कंपनियां 2,500 करोड़ रुपये के लिए तैयारी कर रही हैं। इस तरह कुल 17,000 करोड़ रुपये के प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम यानी आईपीओ इस महीने




में आने अब भी बाकी हैं। जनवरी से लेकर एक अक्तूबर तक 72 आईपीओ आए हैं। इनसे कंपनियों ने 84,936 करोड़ रुपये जुटाए हैं। टाटा कैपिटल और एलजी की रकम को मिलाने पर यह आंकड़ा 1.15 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच जाएगा। इस पूरे महीने की रकम मिला दी जाए तो कुल 88 कंपनियां बाजार से 1.32 लाख करोड़ रुपये जुटाएंगी। टाटा कैपिटल आईपीओ से पहले जिस भाव पर शेयर बेची थी, उसकी तुलना में आईपीओ में कम भाव 326 रुपये पर बेच रही है। कई ब्रोकर्स ने कहा, यह अच्छी बात है कि बोर्ड ने गैर-सूचीबद्ध शेयरों के मुट्ठी भर निवेशकों के बजाय आम निवेशकों का पक्ष लिया। मार्च 2025 तक, टाटा कैपिटल का लोन बुक 2.26 लाख करोड़ रुपये था। 2022-23 की तुलना में 88 प्रतिशत अधिक है।

### 20000 करोड़ का जोखिम गारंटी कोष बनाएगी सरकार

# बुनियादी ढांचे के विकास को मिलेगा बढ़ावा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
केंद्र सरकार बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देने के लिए 20 हजार करोड़ रुपये का जोखिम गारंटी कोष बनाने पर विचार कर रही है। इसका मकसद निजी क्षेत्र के निवेश को प्रोत्साहित करना है। इस जोखिम गारंटी कोष के बनने से निजी क्षेत्र परियोजना के जोखिमों को साझा करेगा, जिससे प्रोजेक्ट डेवलपर्स का बोझ कम होगा। इस कोष का प्रारंभिक आकार 20 हजार करोड़ रुपये होगा और इसका प्रबंधन राष्ट्रीय ऋण गारंटी ट्रस्टी कंपनी (एनसीजीटीसी) कर सकती है।

कोष नई परियोजनाओं के विकास जोखिम को कवर करेगा। साथ ही, डेवलपर्स को भी कम से कम कुछ हिस्सा रखना होगा और जोखिम के अनुसार शुल्क भी देना पड़ सकता है। यह कोष अनिश्चितता और अन्य गैर-



व्यावसायिक जोखिमों से होने वाले नुकसान को कवर करेगा, जिससे कर्जदाताओं को बड़ी परियोजनाओं के लिए अधिक ऋण देने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लिए बुनियादी ढांचे पर खर्च की जरूरत

सूत्रों ने कहा कि इस कोष की गारंटी बैंक के लिए वैध होनी चाहिए और समय पर भुगतान की गारंटी भी होनी चाहिए, तभी यह सफल होगा। राष्ट्रीय बुनियादी ढांचा पाइपलाइन (एनआईपी) रिपोर्ट के मुताबिक, भारत को 2030 तक 4.51 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 390 लाख करोड़ रुपये) बुनियादी ढांचे पर खर्च करने की जरूरत होगी, ताकि 2025 तक पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य पूरा हो सके और इसके बाद यह विकास जारी रहे। भारत की उच्च विकास दर बनाए रखने की क्षमता बुनियादी ढांचा क्षेत्र पर निर्भर है। हालांकि, देश का कमजोर बुनियादी ढांचा बढ़ती अर्थव्यवस्था और जनसंख्या की आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर पा रहा है।

### खराब बुनियादी ढांचा सबसे बड़ी चुनौती

आर्थिक मामलों के पूर्व सचिव के नेतृत्व वाली टास्क फोर्स की रिपोर्ट में बताया गया है कि मेक इन इंडिया जैसे महत्वाकांक्षी कार्यक्रम की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक खराब बुनियादी ढांचा है, जो देश की विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) क्षमता को बढ़ावा देने और रोजगार सृजन के लिए समर्थन देता है। यदि सरकार बुनियादी ढांचे की कमी को पूरा नहीं कर पाती है तो कॉर्पोरेट विकास और निवेश प्रभावित हो सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, यह कमी भारत की जीडीपी का 4-5 फीसदी नुकसान कराती है।

# रियल-लाइफ हीरो सोनू सूद का पंजाब से आशा भरा संदेश, हर परिवार की ज़रूरतें पूरी होनी चाहिए



**पंजाब** में आई विनाशकारी बाढ़ को एक महीने से ज़्यादा समय बीत चुका है, लेकिन गांवों में लोगों की तकलीफें अब भी जारी हैं। अभिनेता और समाजसेवी सोनू सूद, जो संकट के समय में लगातार आशा की किरण बनकर उभरे हैं, उन्होंने हाल ही में गाँव का दौरा किया और हालात का जायज़ा लिया। वहां उन्होंने जो देखा, उससे मदद जारी रखने का उनका संकल्प और मज़बूत हुआ। पंजाब में बाढ़ प्रभावित गांवों के पीड़ितों के साथ खड़े होकर, सोनू सूद ने कहा- आप देख रहे हो कि अभी भी जो बाढ़ के कारण तकलीफें हैं, वो बहुत ज़्यादा हैं और क़रीब 40-45 दिन हो चुके हैं बाढ़ को। और मैं हमेशा कहता आया हूँ ङ्क असली ज़रूरत अब पड़ेगी, क्योंकि पानी का स्तर अभी भी कई जगहों पर बहुत ज़्यादा है। और जो लोग मदद कर रहे हैं ङ्क बचा रहे हैं ङ्क उन्हें इसे जारी रखना चाहिए। गांवों में असली मुश्किलें अब आने वाली हैं, और हर परिवार को जो भी ज़रूरतें हैं, उन्हें हमें पूरा करना है। पंजाब के बाढ़ प्रभावित गाँवों की ज़मीनी हकीकत को बयां करते हुए उन्होंने लिखा, दिन- 45 आइए, ज़रूरतमंदों के लिए एकजुट हों। पंजाब और पूरे देश के लोगों के लिए यह शब्द एक चेतावनी भी हैं और एक आह्वान भी। राहत केवल एक बार की प्रक्रिया नहीं होती यह एक निरंतर दायित्व है। सोनू सूद की पंजाब में उपस्थिति केवल मदद पहुंचाने के लिए नहीं है, बल्कि उन आवाज़ों को बुलंद करने के लिए भी है जो मूलभूत सुविधाओं से कटे हुए हैं ङ्क यह याद दिलाने के लिए कि संघर्ष अभी खत्म नहीं हुआ है। पिछले कुछ वर्षों में सोनू सूद संकट के समय में उम्मीद का पर्याय बन गए हैं ङ्क चाहे वो महामारी के दौरान प्रवासी मज़दूरों की मदद हो या अब बाढ़ पीड़ितों की सहायता। उन्होंने बार-बार दिखाया है कि ज़िम्मेदारी और ईमानदारी के साथ प्रभावशाली होना क्या मायने रखता है। पंजाब की इस कठिन घड़ी में उनका काम यह साबित करता है कि राहत केवल दान नहीं ङ्क बल्कि निरंतर करुणा और समर्थन से भरा एक लंबा सफ़र है।



## शरवरी वाघ ने दशहरे पर शुरू की इम्तियाज अली की फिल्म की शूटिंग

**बॉलीवुड** अभिनेत्री शरवरी वाघ ने अपनी अगली बड़ी फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। इस बात की जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया पर फैंस के साथ शेयर की। इस फिल्म का निर्देशन इम्तियाज अली कर रहे हैं। इस फिल्म में वेदांग रैना उनके अपोजिट दिखाई देंगे। दशहरे के शुभ अवसर पर अभिनेत्री शरवरी वाघ ने यह खुशखबरी फैंस के साथ साझा की। उन्होंने अपनी इंस्टा स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें उन्होंने बताया कि वह पूजा के लिए घर पर नहीं आ सकीं। इसके बजाय उन्होंने अपने कमरे में फिल्म की स्क्रिप्ट के साथ एक छोटी सी पूजा की और फिल्म की शुरुआत की। इस तस्वीर में एक नोटबुक भी रखी है, जिस पर उन्होंने कुछ लिखा था और जिसे ताजा गुड़हल के फूलों से सजाया गया था। इसे शेयर करते हुए शरवरी ने लिखा, आज पूजा के लिए घर पर नहीं आ सकी, इसलिए मैंने अपने कमरे में स्क्रिप्ट के साथ अपनी छोटी सी पूजा की।

# रणदीप हुड्डा और लिन लैशराम लेकर आ रहे तीरंदाजी का नया जोश, एपीएल में हिस्सा लेगी पृथ्वीराज योद्धा



**भारत** में खेलों का जादू हमेशा से लोगों के दिलों में खास रहा है। हरियाणा की मिट्टी से लेकर देश के कोने-कोने तक, खेलों ने कई युवाओं को प्रेरित किया है। इस कड़ी में तीरंदाजी यानी आर्चरी के प्रति लोगों का उत्साह बढ़ाने के लिए बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता रणदीप हुड्डा और उनकी पत्नी व पूर्व राष्ट्रीय स्तर की तीरंदाज लिन लैशराम की टीम पृथ्वीराज योद्धा आगामी आर्चरी प्रीमियर लीग (एपीएल) में हिस्सा लेंगी। बता दें कि लिन लैशराम पृथ्वीराज योद्धा टीम की सह-मालिक हैं। एपीएल 2 अक्टूबर से 12 अक्टूबर 2025 तक यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होगी। रणदीप और लिन की यह साझेदारी न केवल खेल को बढ़ावा देगी, बल्कि युवाओं को भी तीरंदाजी जैसे खेल की तरफ आकर्षित करेगी। रणदीप हुड्डा ने कहा, खेल हमारे जीवन का अहम हिस्सा है। हरियाणा में बचपन से ही खेलों की संस्कृति रही है, जहां कुश्ती, हॉकी, और बॉक्सिंग जैसे खेलों ने देश का नाम रोशन किया है। मेरे लिए तीरंदाजी जैसे खेल से जुड़ना एक गर्व की बात है। तीरंदाजी में कई खासियतें होती हैं, जैसे कि ध्यान केंद्रित करना, धैर्य बनाए रखना, और मुश्किल हालात में टिके रहना; ये सभी गुण हरियाणा की खेल संस्कृति से मेल खाते हैं। मेरी पत्नी लिन का इस खेल के साथ गहरा लगाव है, जो हमारी टीम को और मजबूत बनाता है। लिन लैशराम के लिए तीरंदाजी केवल एक खेल नहीं, बल्कि एक जीवन की यात्रा है। उनके पिता मणिपुर आर्चरी एसोसिएशन के अध्यक्ष रह चुके हैं, जिन्होंने उन्हें बचपन से ही तीरंदाजी की दुनिया की ओर आगे बढ़ाया। लिन ने महज दस साल की उम्र में तीरंदाजी शुरू की और जल्द ही राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने लगीं। टाटा आर्चरी अकादमी में प्रशिक्षण लेने के बाद उन्होंने कई पदक जीते और 1998 में जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप भी अपने नाम की। हालांकि, चोट के कारण उन्हें प्रतियोगिता से दूरी बनानी पड़ी, लेकिन उनका खेल के प्रति जुनून कभी कम नहीं हुआ। अब आर्चरी प्रीमियर लीग में उनका फिर से लौटना उनके लिए एक नई शुरुआत है। इस लीग को लेकर डॉ. विकास गर्ग, जो कि पृथ्वीराज योद्धा टीम के मालिक और एबिक्स ग्रुप के चेयरमैन हैं, ने कहा, आर्चरी प्रीमियर लीग भारतीय तीरंदाजी के लिए एक बड़ा बदलाव लेकर आई है।

यह लीग खेल को एक नए स्तर पर लेकर जाएगी, जिससे युवा खिलाड़ियों को न सिर्फ मौका मिलेगा बल्कि खेल को भी लोकप्रियता मिलेगी।

**ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस मंथ 2025**

# एंजेलिना जोली इफेक्ट के साथ 'हर यात्रा मायने रखती है'



2013 में हॉलीवुड अभिनेत्री एंजेलिना जोली ने दुनिया को एक बड़े फैसले से सबको चौंका दिया। उनकी मां (मार्शलीन बर्ट्रेंड) की मृत्यु ओवरी कैंसर से हुई थी। जोली ने टेस्ट कराया और पाया कि उनमें बीआरसीए1 जीन म्यूटेशन है, जो उनके ब्रेस्ट कैंसर के चांस को 87 फीसदी तक बढ़ा रहा था। एंजेलिना ने प्रिवेंटिव डबल मास्टेक्टॉमी (दोनों स्तनों को सर्जरी से हटवाना) करवा लिया। उस समय कइयों ने उनके फैसले पर सवाल उठाए, लेकिन बाद में हजारों महिलाएं अस्पताल पहुंचीं और टेस्ट कराए। डॉक्टरों का कहना है कि एंजेलिना की इस पहल से जोलि इफेक्ट नाम की एक अवेयरनेस लहर उठी, जिसने अनगिनत जिंदगियां बचाईं। रिसर्च बताती है कि उनके बयान के बाद लाखों महिलाओं ने बीआरसीए टेस्ट करवाने शुरू कर दिए। जोली ने अपने शरीर से जुड़ी बेहद निजी बात का खुलासा न्यूयॉर्क टाइम्स के ओप-एड लेख में किया था। 2013 के इस लेख में उन्होंने एक मां के डर को जाहिर करते हुए लिखा, मैं यह नहीं चाहती थी कि मेरे बच्चों को बार-बार वही डर महसूस हो जो मैंने अपनी मां के लिए महसूस किया था। मैंने तय किया कि मैं इस डर को कम करने की पूरी कोशिश करूंगी। जोली की इस ईमानदार कोशिश की दुनिया कायल हो गई। उन्होंने अपने इसी लेख में आगे लिखा, मेरे लिए यह लिखना आसान नहीं था। लेकिन अगर यह किसी एक महिला को भी टेस्ट करवाने और अपना जीवन बचाने के लिए प्रेरित कर सके, तो मैं अपने इस कदम को सही मानूंगी। स्तन कैंसर का हर निदान व्यक्तिगत होता है। हर निदान के पीछे एक कहानी होती है– साहस, दृढ़ता और आशा की। और जब इससे किसी मशहूर हस्ती का नाम जुड़ जाता है तो आम जन को भी इसकी गंभीरता और भयावहता का एहसास सहज ही हो जाता है। एंजेलिना जोली की ब्रेस्ट कैंसर स्टोरी केवल हॉलीवुड की ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की महिलाओं के लिए एक बड़ा संदेश बन गई।

## पायरेसी को बढ़ावा न दें, कांतारा चैप्टर 1 के निर्माताओं ने दर्शकों से की खास अपील



ऋषभ शेट्टी की बहुचर्चित फिल्म कांतारा चैप्टर 1 के निर्माताओं ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म को पायरेसी से बचाने ने के लिए दर्शकों से एक खास अपील की है। साथ ही फिल्म को सिनेमाघरों में देखने का अनुरोध भी किया है।

कांतारा चैप्टर 1 2 अक्तूबर, 2025 को गुरुवार के दिन सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म ने पहले दिन 60 करोड़ रुपये का धांसू कलेक्शन किया। आज फिल्म की रिलीज के बाद फिल्म निर्माताओं ने अपने दर्शकों से फिल्म को पायरेसी से बचाने के लिए एक खास अपील की है।

**निर्माताओं ने दर्शकों से की खास अपील**

होम्बले फिल्म्स ने आज एक्स पर एक खास नोट शेयर करते हुए लिखा, प्रिय कांतारा परिवार और सिनेमा प्रेमियों, कांतारा चैप्टर 1 जितना हमारा है, उतना ही आपका भी है। आपके प्यार ने इसे सचमुच अविस्मरणीय बना दिया है। हम आपसे विनम्र निवेदन करते हैं कि फिल्म के वीडियो शेयर और रिकॉर्ड न करें और पायरेसी को बढ़ावा न दें। आइए, सिनेमाघरों में कांतारा का जादू बरकरार रखें, ताकि हर कोई इसे उसी तरह महसूस कर सके जैसा इसका होना चाहिए।

**कांतारा चैप्टर 1 के बारे में**

कांतारा चैप्टर 1 भारतीय कन्नड़ भाषा की एक्शन थ्रिलर फिल्म है। यह फिल्म ऋषभ शेट्टी द्वारा लिखित और निर्देशित है। होम्बले फिल्म्स के तहत विजय किरागांदुर द्वारा निर्मित यह फिल्म 2022 की कांतारा का प्रीक्वल है। फिल्म में ऋषभ शेट्टी मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म दर्शकों को बेहद पसंद आ रही है।

**कांतारा चैप्टर 1 का कलेक्शन**

कांतारा चैप्टर 1 ने पहले दिन गुरुवार को बॉक्स ऑफिस पर 60 करोड़ रुपये के धांसू कलेक्शन से अपना खाता खोला। वहीं फिल्म ने दूसरे दिन में अभी तक 6.72 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है, जो पूरे दिन में बदलेगी।

# नई जाना गाने ने मेरी पुरानी यादें कर दीं ताजा: नीरू बाजवा



जाबी फिल्मों की सुपरस्टार नीरू बाजवा का नया गाना नई जाना रिलीज हो गया है। यह उनकी आने वाली फिल्म मधानियां का गीत है। इस गाने के बारे में बात करते हुए उन्होंने बताया कि इससे उनकी पुराने दिनों की यादें ताजा हो गईं। नई जाना एक पंजाबी गीत है, जिसे मन्नत नूर ने गाया है। मनी औजला ने इसका संगीत दिया है। यह गाना आज के जमाने के म्यूजिक के साथ एक पुराने लोकगीत को पेश करता है। इस गाने में एक शादी का सीन दिखाई दे रहा है। इसमें नीरू बाजवा अपने डांस और खूबसूरती से इस गाने की रौनक बढ़ाती दिख रही हैं। यह गाना पंजाबी शादियों की खुशी और उत्साह को दर्शाता है। गाने के बारे में बात करते हुए नीरू बाजवा ने कहा, 'नई जाना' गाने ने बचपन की शादियों में इसे सुनने की तमाम यादें ताजा कर दीं। मधानियां में इसे परफॉर्म करना बेहद सजीव और मजेदार अनुभव था, क्योंकि यह गाना शरारत, प्यार और हंसी का खूबसूरत मेल है। मैं उत्सुकता से इंतजार कर रही हूं कि दर्शक भी इसे देखकर वही खुशी महसूस करें, जो हमें इसे फिल्माते वक्त मिली। नीरू बाजवा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस गाने को शेयर किया है। इसे शेयर करते हुए उन्होंने हार्ट की इमोजी भी लगाई है। वहीं सिंगर मन्नत नूर ने कहा, यह गाना पूरी तरह से पुरानी यादों को ताजा करता है। पंजाब में हर कोई 'नई जाना' गाने के बारे में जानता है, यह हमारी शादियों और हमारी संस्कृति का हिस्सा है। जब मैंने इसे रिकॉर्ड किया तो मेरा ध्यान उस सार को बरकरार रखने के साथ-साथ आज के श्रोताओं के लिए एक ताजगी लाने पर भी था। नई जाना गाना यूट्यूब पर रिलीज हो चुका है। यह अन्य स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध है।

# सबका दिल गर्व से भर दिया, मीरा राजपूत ने होमबाउंड में देवर ईशान खट्टर के प्रदर्शन की तारीफ की




शाहिद कपूर की पत्नी मीरा राजपूत कपूर ने सोशल मीडिया हैंडल पर अपने देवर ईशान खट्टर की जमकर तारीफ की। इसके साथ ही मीरा ने फिल्म होमबाउंड के बारे में एक खास नोट भी लिखा है। फिल्म अभिनेता शाहिद कपूर की पत्नी, बिजनेसवुमन, लेखिका और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मीरा राजपूत ने अपने सोशल मीडिया हैंडल की स्टोरी पर फिल्म होमबाउंड की तारीफ में एक पोस्ट शेयर किया है। इसके साथ ही उन्होंने अपने देवर ईशान खट्टर की तारीफों के पुल भी बांधे हैं।

**मीरा का पोस्ट**

मीरा राजपूत ने इंस्टाग्राम हैंडल की स्टोरी पर होमबाउंड की फिल्म का एक स्क्रिनशॉट शेयर किया और साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने देवर ईशान खट्टर की नई फिल्म होमबाउंड में उनके शानदार अभिनय की सराहना की। मीरा ने फिल्म देखने के बाद एक भावुक पोस्ट शेयर किया और उन्होंने लिखा कि फिल्म देखकर उन्हें बहुत कुछ महसूस हुआ, लेकिन शब्दों में बयान करना मुश्किल था। उन्होंने कहा, कुछ फिल्में ऐसी होती हैं जो दिल को छू जाती हैं। तब चुप्पी ही सबसे बड़ी ताली बजती है और आंसू ही सच्ची तारीफ होते हैं।

**ईशान के लिए मीरा ने लिखी खास बात**

मीरा ने अपने देवर ईशान के लिए लिखा, तुमने हम सबका दिल गर्व से भर दिया। अपनी कला से दुनिया को छूते रहो। उन्होंने विशाल जेठवा की भी तारीफ की और कहा कि उन्होंने अपने किरदार को इतना जीवंत कर दिया। इसके साथ ही मीरा ने फिल्म होमबाउंट के निर्देशक नीरज घायवान को भी धन्यवाद किया।

**कैसे है भाभी-देवर का रिश्ता**

मीरा और ईशान के बीच बहुत गहरा रिश्ता है। दोनों लगभग एक ही उम्र के हैं, इसलिए वे अच्छे दोस्त भी हैं। मीरा के ये शब्द ईशान की कामयाबी पर उनके प्यार को दर्शाते हैं। मीरा और ईशान अक्सर एक साथ इंस्टाग्राम पर रील्स शेयर करते हैं, जो उनके फैंस को बेहद पसंद आती हैं।

**होमबाउंड के बारे में**

फिल्म होमबाउंड नीरज घायवान ने बनाई है। इस फिल्म में ईशान खट्टर, विशाल जेठवा और जान्हवी कपूर ने मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं। यह फिल्म भारत की ओर से इस साल के ऑस्कर के लिए चुनी गई है। दर्शकों और आलोचकों ने इसके अभिनेताओं के अभिनय की खूब तारीफ की है। यह साल की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है और ऑस्कर में भारत की उम्मीद बनी हुई है।



# अक्टूबर महीने से खास की उम्मीद कर रहीं मलाइका अरोड़ा

**फिटनेस** डीवा और बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा सोशल मीडिया पर बहुत एक्टिव रहती हैं। एक्ट्रेस अपने काम से जुड़ी सारी चीजों को इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं। एक्ट्रेस का शो इंडियाज गॉट टैलेंट नए सीजन के साथ टीवी पर वापसी कर रहा है और एक्ट्रेस बतौर जज इसमें नजर आने वाली हैं। हालांकि अब एक्ट्रेस ने ये बताया है कि अक्टूबर महीने में ओ में क्या-क्या ला सकता है। मलाइका अरोड़ा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपडेट किया है और पोस्ट शेयर कर इस बात की जानकारी देते हुए लिखा है, मे दा ओ इन अक्टूबर स्टैंड फॉर। पोस्टर पर ओ से शुरू होने वाली काफी चीजें लिखी हैं। मलाइका के द्वारा पोस्ट किए गए इस पोस्टर पर लिखा है, ओपन डोर (रेवेलुशन), ओवरफ्लोइंग ग्रेस, ओवरफ्लोइंग होप, आउटपोरिंग फॉर ब्लैसिंग्स, ओवरकमिंग बैटल, ऑनगोइंग फैथफुलनेस। ये सारी ही चीजें ओ से शुरू होती हैं और अक्टूबर का महीना भी ओ (अंग्रेजी में) से शुरू होता है। उम्मीद करते हैं कि एक्ट्रेस को अक्टूबर के महीने में ये सारी चीजें मिलें। वर्क फ्रंट की बात करें तो मलाइका अरोड़ा का नया शो इंडियाज गॉट टैलेंट 4 अक्टूबर से सोनी लिव पर टेलीकास्ट होगा। शो में मलाइका के अलावा सिंगर शान और नवजोत सिंह सिद्धू नजर आने वाले हैं। इसके अलावा, एक्ट्रेस ने इंडियाज बेस्ट डांसर, मॉडल ऑफ़ द ईयर सीज़न 2, और इंडियाज बेस्ट डांसर-3 जैसे शोज को जज किया है। मलाइका अरोड़ा फिलहाल फिल्मों से दूर हैं और टीवी शोज पर फोकस कर रही हैं। एक्ट्रेस ने खुद को मॉडल शोज और फिटनेस डीवा के तौर पर उभारा है। एक्ट्रेस के नए-नए ब्रांड के फोटोशूट होते रहते हैं। एक्ट्रेस को आखिरी बार फिल्म एन एक्शन हीरो में देखा गया था। इस फिल्म में लीड रोल में आयुष्मान खुराना हैं। फिल्म सिनेमाघरों में कुछ खास कमाल नहीं कर पाई। एक्ट्रेस को डॉली की डोली, हैप्पी न्यू ईयर, और हाउसफुल 2 में देखा गया।

# राहुल, ध्रुव के बाद रवींद्र जडेजा ने भी जड़ा शतक

**जुरेल 125 रन बनाकर आउट, विंडीज की टीम पस्त**



**अहमदाबाद, एजेंसी।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जा रहा है. आज (3 अक्टूबर) इस मुकाबले का दूसरा दिन है. भारतीय टीम की पहली पारी चल रही है. भारत का स्कोर 430 रन को पार कर चुका है और उसके 5 विकेट गिरे हैं. रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर नाबाद बैटर हैं. जुरेल ने अपने करियर का पहला टेस्ट शतक लगाया. वहीं जडेजा भी शतक जड़ चुके हैं. भारत की लीड 260 रनों से ज्यादा की हो चुकी है. इस मुकाबले में वेस्टइंडीज की पहली पारी 162 रनों पर सिमट गई थी. भारत की पहली पारी में यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 68 रनों की साझेदारी की. यशस्वी 36 रन बनाकर आउट हो गए. वहीं तीसरे नंबर पर उतरे साई सुदर्शन केवल 7 रन बनाकर चलते बने.

## इससे पहेल केएल राहुल ने लगाया 11वां टेस्ट शतक



**अहमदाबाद।** सलामी बल्लेबाज केएल राहुल टेस्ट करियर का 11वां शतक अपने नाम कर चुके हैं। केएल राहुल 197 गेंदों में 100 रन बनाकर आउट हुए। यह सलामी बल्लेबाज अब तक अपनी पारी में 12 चौके लगा चुका है। राहुल का घरेलू मैदान पर एकमात्र अन्य टेस्ट शतक दिसंबर 2016 में चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ आया था।

# 47 साल बाद दोहराया इतिहास

- सुनील गावस्कर की ऐतिहासिक सूची में शामिल हुए शुभमन गिल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टेस्ट क्रिकेट का एक नया अध्याय तब लिखा गया, जब शुभमन गिल ने अपने कप्तानी करियर की घरेलू शुरुआत अर्धशतक से की। यह उपलब्धि उन्हें सीधे महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर की ऐतिहासिक सूची में ले आई। गावस्कर ने 1978 में अपने पहले घरेलू टेस्ट में अर्धशतक जमाया था और अब गिल ने 47 साल बाद वही कमाल दोहराया है। हालांकि शतक से चूकने पर उनकी पारी थोड़ी अधूरी रह गई।

### गावस्कर से जुड़ी ऐतिहासिक कड़ी

1978 में सुनील गावस्कर ने वानखेड़े स्टेडियम में वेस्टइंडीज़ के खिलाफ पहली बार कप्तान बनकर घरेलू टेस्ट में 205 रन बनाए थे। गिल ने जब अपना पचासा लगाया तो यह उपलब्धि सीधे गावस्कर की उस ऐतिहासिक पारी की याद दिला गई। क्रिकेट प्रेमियों ने इसे पीढ़ियों के बीच एक अनोखे पुल की तरह देखा।

### कप्तान के रूप में सुनहरी शुरुआत

भारतीय टीम की कमान संभालते हुए गिल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 91 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। खैरी पियरे की गेंद पर एक रन लेते ही स्टेडियम तालियों से गूंज उठा। यह उपलब्धि सिर्फ रन नहीं बल्कि कप्तान के रूप में आत्मविश्वास और नई जिम्मेदारी के साथ उनके करियर की मजबूत शुरुआत का प्रतीक है।

**वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप**

## मीराबाई चानू ने भारत को दिलाया सिल्वर

**फोर्ड (नॉर्वे)।** भारतीय महिला वेटलिफ्टर मीराबाई चानू ने वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप के 48 किलोग्राम वर्ग में देश को सिल्वर मेडल जिताया है। यह इस प्रतिष्ठित स्पर्धा में मीराबाई चानू का तीसरा मेडल है। साल 2017 की वर्ल्ड चैंपियन ने दूसरी बार सिल्वर मेडल अपने नाम किया है। उत्तर कोरिया की री सोंग-गम ने कुल 213 किलोग्राम (91 किलोग्राम + 122 किलोग्राम) भार उठाकर गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने कुल भार के साथ-साथ क्लीन एंड जर्क में भी नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। थाईलैंड की थान्याथोन सुकचातरोएन के नाम ब्रॉन्ज मेडल रहा, जिन्होंने कुल 198 किलोग्राम (88 किलोग्राम स्नैच + 110 किलोग्राम क्लीन एंड जर्क) भार उठाया। ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू ने पेरिस ओलंपिक 2024 के बाद अगस्त में कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग



चैंपियनशिप में 48 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर वापसी की। उन्होंने कुल 199 किलोग्राम (84 किलोग्राम स्नैच + 115 किलोग्राम क्लीन एंड जर्क) भार उठाया। मीराबाई चानू के 87 किलोग्राम वर्ग में दो प्रयास असफल रहे। 84 किलोग्राम वर्ग में पहला प्रयास भी उनके लिए थोड़ा असहज लग रहा था, लेकिन उन्होंने क्लीन एंड जर्क में अपनी लय वापस हासिल की और तीनों प्रयासों में सफल रहीं। क्लीन एंड जर्क में मीराबाई चानू ने 109 किलोग्राम भार उठाने के बाद 112 किलोग्राम और फिर 115 किलोग्राम भार उठाया। 31 वर्षीय मीराबाई चानू ने अनाहेम में 2017 वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में 48 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल जीता था। उन्होंने बोगोटा में साल 2022 में 49 किलोग्राम वर्ग में सिल्वर अपने नाम किया। 11 अक्टूबर तक चलने वाली वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 अगले साल होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए क्वालीफाइंग स्पर्धाओं में से एक है।

**यूरोप लीग**

## रोमा ने तीन बार पेनल्टी गंवाई, भुगतना पड़ा अंजाम, लिली ने 1-0 से हराया



**रोम, एजेंसी।** रोमा को मुकाबले में बराबरी करने के लिए स्पॉट से तीन मौके दिये गये लेकिन आर्टेम डोवबिक के शुरुआती दो प्रयास पर गोलकीपर बर्क ओजर ने शानदार बचाव किया। रोमा ने मैच के आखिर मिनटों में पेनल्टी स्पॉट से लगातार तीन प्रयास गंवा दिए जिससे लिली ने यूरोपा लीग फुटबॉल में इटली की इस क्लब को 1-0 से हरा दिया। रोमा को मुकाबले में बराबरी करने के लिए स्पॉट से तीन मौके दिये गये लेकिन आर्टेम डोवबिक के शुरुआती दो प्रयास पर गोलकीपर बर्क ओजर ने शानदार बचाव किया। रेफरी ने गोल पोस्ट के पास अधिक खिलाड़ियों की मौजूदगी के कारण फिर से पेनल्टी का आदेश दिया। रोमा ने इस बार पेनल्टी लेने के लिए माटियास सोले को चुना लेकिन ओजर ने उनके प्रयास को भी विफल कर दिया।

इससे पहले मैच के छठे मिनट में हाकोन अर्नार हेराल्डसन ने गोल कर फ्रांस की इस टीम का खाता खोला। लिली की यह दो मैचों में लगातार दूसरी जीत है। अन्य मैचों में ब्रागा ने सेल्टिक और रीयाल बेटिस ने लुडोगोरेट्स को एक समान 2-0 से हराया। केरेम अकतुर्कोग्लू के दो गोल की मदद से फेनरबाचे ने नीस पर 2-1 से जीत दर्ज की। गो अहेड ईगल्स ने इसी अंतर से पैनाथिनाइकोस को हराया। टीम के लिए दोनों गोल मिलान स्मिट ने किये। चेक रिपब्लिक क्लब विक्टोरिया प्लजेन ने स्वीडिश क्लब माल्मो पर 3-0 से अपनी पहली जीत दर्ज की।

## जडेजा ने धोनी को पीछे छोड़ा

**टेस्ट में चौथे सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बने**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने टेस्ट क्रिकेट में एक नई उपलब्धि दर्ज की है। उन्होंने अहमदाबाद में वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच के दौरान चार छक्के जड़कर पूर्व कप्तान एमएस धोनी के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। अब जडेजा टेस्ट में भारत के लिए चौथे सबसे ज़्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इस प्रदर्शन ने उन्हें भारतीय क्रिकेट के ताबड़तोड़ आक्रामक बल्लेबाजों की सूची में ऊंचा स्थान दिलाया।

### जडेजा का रिकॉर्ड

36 वर्षीय जडेजा ने इस मैच में चार छक्के लगाए और अपने टेस्ट करियर में कुल 79 छक्कों तक पहुंच गए। यह संख्या एमएस धोनी के 78 छक्कों को पार कर गई। जडेजा ने अपनी आक्रामक पारी और निरंतर छक्कों की क्षमता से टीम के लिए दबाव बनाने का काम किया। **भारत में सबसे ज़्यादा छक्के** - भारतीय टेस्ट क्रिकेट में जडेजा से अधिक छक्के केवल तीन बल्लेबाजों ने लगाए हैं- वीरेंद्र सहवाग (91), ऋषभ पंत (90) और रोहित शर्मा (88)। जडेजा ने यह मुकाम अपने आक्रामक बल्लेबाज़ी अंदाज़ और बड़े शॉट खेलने की कुशल तकनीक से हासिल किया।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तुलना

विश्व टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज़्यादा छक्के इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स के नाम हैं, जिन्होंने 179 पारियों में 136 छक्के जड़े। इसके बाद ब्रेंडन मैकुलम (107 छक्के) और एडम गिलक्रिस्ट (100 छक्के) का स्थान है। जडेजा का प्रदर्शन उन्हें विश्व स्तर पर भी उल्लेखनीय बनाता है। टेस्ट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय खिलाड़ी

# भारत 'ए महिला हॉकी टीम पांच मैचों के लिए चीन का दौरा करेगी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत 'ए महिला हॉकी टीम चीन के दौरे पर 13 से 21 अक्टूबर तक लियाओनिंग टीम के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला खेलेगी। ये सभी मुकाबले दालियान के लियाओनिंग स्पोर्ट्स सेंटर में आयोजित किए जाएंगे। यह दौरा भारतीय महिला हॉकी के भविष्य के लिए एक अहम कदम माना जा रहा है, जिसमें उभरती हुई खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय अनुभव और मैच अभ्यास हासिल कर सकेंगी। आठ दिन के इस दौरे पर टीम 13, 15, 17, 19 और 21 अक्टूबर को लियाओनिंग टीम को चुनौती देगी। इस दौरे का लक्ष्य युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में खुद को परखने और नयी चुनौतियों के लिए तैयार करने का मौका देना है।

अनुभवी डिफेंडर मनीषा चौहान टीम की कमान संभालेंगी जबकि भारतीय महिला हॉकी टीम के विश्लेषणात्मक कोच डेव स्मोलेनार्स इस दौरे के लिए मुख्य कोच की भूमिका निभाएंगे। स्मोलेनार्स ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, 'हमने एक मजबूत और युवा टीम तैयार की है जिसमें जबरदस्त संभावनाएं हैं।

चीन में होने वाली यह श्रृंखला खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने नए माहौल में सीखने और अंतराष्ट्रीय अनुभव प्राप्त करने का शानदार मौका देगी।

### भारत 'ए टीमः

गोलकीपर : बंसारी सोलंकी, माधुरी किंडो
डिफेंडर : मनीषा चौहान, अक्षता अबासो ढेकाले, ज्योति छत्री, महिमा चौधरी, अंजना डुंगडुंग
मिडफील्डर : सुजाता कुजूर, दीपिका सोरेंग, अजमीना कुजूर, पूजा यादव, बलजीत कौर, दीपी मोनिका टोप्पो
फॉरवर्ड : अलबेला रानी टोप्पो, रितिका सिंह, अन्नू, चंदना जगदीशा, काजल सदाशिव अटपडकर, सेलेस्टिना होरो।



# नो हैंडशेक पार्ट 4...

- सूर्या की तरह वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को आईना दिखाएंगी भारत की बेटियां!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच महिला वर्ल्ड कप में 5 अक्टूबर को भिडंत होनी है. लेकिन इस मुकाबले में दोनों ही टीमों के बीच मैदान पर माहौल कैसा रहेगा, क्या जो भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने एशिया कप के दौरान ऐसा किया? वही काम हरमनप्रीत कौर एंड कंपनी करती दिखेगी. इस पर कई सवाल हैं. पुरुष टीम ने 3 बार एशिया कप के दौरान हैंडशेक नहीं किया, ऐसे में सवाल है? क्या महिला क्रिकेट टीम नो हैंडशेक पार्ट 4 को वर्ल्ड कप के दौरान कंटीन्यू करेगी. इस बार का एशिया कप 2025 का ऐसे समय में हुआ, जब भारत और पाकिस्तान के बीच राजनीतिक और कूटनीतिक रिश्ते बेहद तनावपूर्ण हैं. पहलगाम आतंकी हमला और ऑपरेशन 'सिंदूर' के बाद दोनों टीमें पहली बार क्रिकेट के मैदान में आमने-सामने उतरी थीं.

**Football World Cup:**

## 2026 विश्व कप का आधिकारिक मैच बॉल ट्रियोन्डा लॉन्च, तीन देशों की एकता और जुनून का प्रतीक



**ज्यूरिख (स्विट्जरलैंड), एजेंसी।** फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैन्टिनो ने लॉन्च के दौरान कहा, फीफा वर्ल्ड कप 2026 का आधिकारिक मैच बॉल आ चुका है और यह वाकई शानदार है।

फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए आधिकारिक मैच बॉल ट्रियोन्डा का अनावरण कर दिया गया है। यह टूर्नामेंट कनाडा, मैक्सिको और संयुक्त राज्य अमेरिका की मेजबानी में आयोजित होगा और किक-ऑफ में अब केवल नौ महीने का समय बाकी है। फीफा और एडिडास ने मिलकर इस ऐतिहासिक बॉल को तैयार किया है, जो पहली बार तीन देशों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित हो रहे विश्व कप की एकता और जुनून को दर्शाती है। ट्रियोन्डा नाम का अर्थ स्पेनिश भाषा से लिया गया है, जिसका मतलब है तीन लहरें। यह नाम उन तीन मेजबान देशों- कनाडा, मैक्सिको और अमेरिका को मिलाकर इस वर्ल्ड कप की मेजबानी के जश्न को दर्शाता है। फीफा ने कहा कि यह बॉल सिर्फ एक खेल उपकरण नहीं, बल्कि तीनों राष्ट्रों की साझी ताकत और फुटबॉल प्रेम का प्रतीक है।

फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैन्टिनो ने लॉन्च के दौरान कहा, फीफा वर्ल्ड कप 2026 का आधिकारिक मैच बॉल आ चुका है और यह वाकई शानदार है। एडिडास ने एक और आइकॉनिक बॉल बनाई है, जिसका डिजाइन अगले साल की मेजबान टीमों- कनाडा, मैक्सिको और अमेरिका की एकता और जुनून को प्रतिबिंबित करता है।

## गॉफ का शानदार प्रदर्शन जारी, लगातार तीसरे साल चीन ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचीं; लिस को हराया



**बीजिंग, एजेंसी।** गत चैंपियन कोको गॉफ ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को ईवा लिस को 6-3, 6-4 से हराकर लगातार तीसरे साल चीन ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। गत चैंपियन कोको गॉफ ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को ईवा लिस को 6-3, 6-4 से हराकर लगातार तीसरे साल चीन ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अमेरिका की दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को बीजिंग में अपनी सर्विस पर परेशानी हुई और उन्होंने ब्रेक-पॉइंट के सात मौके गंवाए। लेकिन अपने करियर का पहला डब्ल्यूटीए खिताब जीतने की कोशिश कर रही जर्मनी की खिलाड़ी लिस उनमें से केवल तीन को ही भुना पाईं। लिस को फ्रेंच ओपन चैंपियन के खिलाफ पांच बार अपनी सर्विस गंवाना भारी पड़ा। गाफ के सामने सेमीफाइनल में अमांडा अनिसिमोवा या विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज जैसमिन पाओलिनी की चुनौती होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### सौरभ भारद्वाज ने मोदी सरकार के किस काम की तारीफ की, कहा- उम्मीद से भी बेहतर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जिस तरह की कटुता दिखती है, उसमें एक दूसरे की तारीफ, सराहना दुर्लभ है। ऐसा ही एक दुर्लभ नजारा तब दिखा जब आम आदमी पार्टी (आप) के एक नेता ने मोदी सरकार के एक काम की तारीफ की। दिल्ली के आप संयोजक और पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज ने रेलवे में साफ-सफाई को लेकर यह सराहना की है। उन्होंने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर स्लीपर क्लास के वेटिंग हॉल की व्यवस्था इतनी पसंद आई कि उन्होंने एक वीडियो बनाकर इसकी तारीफ की। आप के दिल्ली संयोजक और पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज भाजपा और केंद्र सरकार पर तीखे हमले के लिए जाने जाते हैं। इस बीच उन्हें रेलवे स्टेशन पर कुछ उम्मीद से बेहतर दिखा तो उन्होंने इसकी तारीफ की। भारद्वाज ने कहा कि वह वैसे तो रेल विभाग ने रेल दुर्घटनाओं में रिकॉर्ड बनाया है, लेकिन आज कुछ अच्छा दिखा तो सोचा इस बात पर विभाग की तारीफ की जाए। 53 सेकेंड के एक वीडियो में सौरभ भारद्वाज ने कहा, मैं आज नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हूं। कई बार मैंने रेलवे विभाग और खासतौर पर इनके मंत्री अश्विनी वैष्णव की आलोचना की है कि ट्रेन दुर्घटनाएं बहुत हुईं और यह सच भी है। मगर आज मैं प्लेटफॉर्म नंबर एक, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर आया हूं। और मैं स्लीपर क्लास के वेटिंग रूम में गया। मैंने यहां का शौचालय इस्तेमाल किया और वो मेरी उम्मीद से बेहतर था।

### आप नेता सौरभ भारद्वाज ने की मोदी सरकार की तारीफ, कहा- उम्मीद से भी बेहतर

**नई दिल्ली , एजेंसी।** देश में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जिस तरह की कटुता दिखती है, उसमें एक दूसरे की तारीफ, सराहना दुर्लभ है। ऐसा ही एक दुर्लभ नजारा तब दिखा जब आम आदमी पार्टी (आप) के एक नेता ने मोदी सरकार के एक काम की तारीफ की। दिल्ली के आप संयोजक और पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज ने रेलवे में साफ-सफाई को लेकर यह सराहना की है। उन्होंने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर स्लीपर क्लास के वेटिंग हॉल की व्यवस्था इतनी पसंद आई कि उन्होंने एक वीडियो बनाकर इसकी तारीफ की। आप के दिल्ली संयोजक और पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज भाजपा और केंद्र सरकार पर तीखे हमले के लिए जाने जाते हैं। इस बीच उन्हें रेलवे स्टेशन पर कुछ उम्मीद से बेहतर दिखा तो उन्होंने इसकी तारीफ की। भारद्वाज ने कहा कि वह वैसे तो रेल विभाग ने रेल दुर्घटनाओं में रिकॉर्ड बनाया है, लेकिन आज कुछ अच्छा दिखा तो सोचा इस बात पर विभाग की तारीफ की जाए। 53 सेकेंड के एक वीडियो में सौरभ भारद्वाज ने कहा, मैं आज नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हूं। कई बार मैंने रेलवे विभाग और खासतौर पर इनके मंत्री अश्विनी वैष्णव की आलोचना की है कि ट्रेन दुर्घटनाएं बहुत हुईं और यह सच भी है। मगर आज मैं प्लेटफॉर्म नंबर एक, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर आया हूं।

### दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न, भक्ति और उत्सव का दिखा माहौल

**ढाका, एजेंसी।** नवरात्र का पर्व भारत में हर्षोल्लास के साथ विजयदशमी के दिन पूरा हुआ। पड़ोसी मुल्क- बांग्लादेश में भी पांच दिवसीय दुर्गा पूजा उत्सव गुरुवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने पूरे देश में देवी की मूर्तियों को नदियों में विसर्जित किया। ढाका में हजारों लोग बुरीगंगा नदी पर एकत्र हुए और मंत्रोच्चार व पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ देवी को विदाई दी। इस वर्ष 33,355 पूजा मंडप स्थापित किए गए, जिनमें से 258 ढाका में थे। अंतरिम सरकार ने पूजा के लिए 5 करोड़ टका का अनुदान दिया। हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद ने सुरक्षा में सहयोग के लिए सेना का आभार जताया, हालांकि 64 जिलों में से 14 में कुछ बाधाओं की खबरें भी सामने आईं। परिषद ने अंतरिम प्रमुख प्रो. मुहम्मद यूनुस की उस टिप्पणी की निंदा की जिसमें उन्होंने हिंदुओं पर अत्याचार की खबरों को फर्जी बताया।

# दिव्यांगों की देखभाल करने वालों को मिलेंगे 6000 रूपये महीना

## नोटिफिकेशन जारी; क्या हैं शर्तें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में 60 से 100 फीसदी तक दिव्यांग की देखरेख करने वालों को सरकार छह हजार रुपये प्रतिमाह की सहायता राशि देगी। यह राशि दिव्यांग के बैंक खाते में ही जाएगी ताकि अगर देखरेख करने वाला बदले तो यह राशि उसे ही मिले। दिल्ली सरकार की इस योजना को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है। जल्द ही आवेदन ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर किए जा सकेंगे। राजधानी में बड़ी संख्या में ऐसे दिव्यांग हैं, जो अकेले चलने में सक्षम नहीं हैं। ऐसे दिव्यांगों की देखरेख करने के लिए हमेशा कोई शख्स उनके आसपास चाहिए होता है। वह कोई परिवार का सदस्य या नजदीकी हो सकता है। ऐसे लोगों के लिए सरकार यह सहायता योजना लेकर आई है। अगर किसी भी समय आवेदक द्वारा दी गई जानकारी में असत्यता मिली तो कानूनी कार्रवाई के साथ जारी की गई राशि को वापस वसूला जाएगा।

**सभी कश्मीरी विस्थापित परिवारों को राहत भत्ता:** इसके साथ ही, कश्मीरी विस्थापितों को मिलने वाले राहत भत्ते को लेकर दिल्ली सरकार ने गुरुवार को अहम निर्णय लिया। सरकार ने इनकी राहत राशि की प्रक्रिया को आसान करते हुए पारिवारिक आय सीमा को खत्म कर दिया है। फैसले के बाद सभी पंजीकृत कश्मीरी विस्थापित



परिवारों को राहत भत्ता मिलेगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि तीन दशकों से अपने घरों से दूर रह रहे कश्मीरी हिन्दू विस्थापितों के जीवन में यह फैसला नई किरण लेकर आएगा।

# एनसीआर के घरों पर बुलडोजर का खतरा

- हजारों घरों को जमींदोज करने के बाद अब सोहना में भी हजारों घरों पर बुलडोजर ऐक्शन का खतरा मंडरा रहा है



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर में बुलडोजर ऐक्शन थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते कुछ सालों में हजारों घरों को जमींदोज करने के बाद अब सोहना में भी हजारों घरों पर बुलडोजर ऐक्शन का खतरा मंडरा रहा है। शहर के वार्ड 13 स्थित पहाड़ कॉलोनी और पीर कॉलोनी के निवासियों को विधायक तेजपाल तंवर से बड़ी राहत मिली है। निवासियों ने हरियाणा पर्यटन निगम की करीब साढ़े नौ एकड़ ज़मीन पर बने अपने हजारों पक्के घरों को न उजाड़ने की गुहार लगाई थी, जिस पर विधायक ने उन्हें उनके पक्के मकानों को नहीं टूटने देने का आश्वासन दिया है।

गुरुवार को इन कॉलोनियों से 100 से ज्यादा लोग भोंडसी स्थित विधायक तंवर के निवास पर उनसे मिलने पहुंचे। इन निवासियों में पूर्व पार्षद अनिल कुमार, वर्तमान महिला पार्षद आशा के पति टेकचंद, विनोद, टीटू, निल कमल, मंजित, जूम्मा समेत कई लोग शामिल थे। इन सभी ने विधायक के समक्ष अपने पक्के मकानों को न तोड़ने और उन्हें बेघर होने से बचाने की पुरजोर मांग की। इस दौरान लोगों के चेहरे पर दर्द और गुस्सा दोनों साफ दिख रहा था।

इस मामले को पूरी तरह समझने और सुनने के बाद भोंडसी के विधायक तेजपाल तंवर ने दोनों कॉलोनी के निवासियों को विश्वास दिलाया कि उनके मकानों को किसी भी हाल में नहीं उजाड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि वह जल्द ही इस मामले को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से बात करेंगे। विधायक ने अधिकारियों से फोन पर बात की और उन्हें किसी भी प्रकार से मकानों को नुकसान न पहुंचाने का आश्वासन दिया।

बता दें कि पर्यटन निगम की जमीन पर भू-माफियाओं ने हजारों लोगों को पर्यटन निगम की जमीन पर प्लॉट काट कर बेच दिए गए। पीर और पहाड़ा कॉलोनी में लोग बीते दो दशक से मकान बना कर रह रहे हैं।

### तानाशाही रोकना है तो...; भाकियू नेता राकेश टिकैत की किसानों से अपील

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने गुरुवार को कहा कि तानाशाही से निपटने के लिए किसानों में एकजुटता और आंदोलन जरूरी है। सरकार आंदोलन दबाने का प्रयास करती है, लेकिन हमें एक जुट होना है। राकेश टिकैत ने ये बातें यूपी गेट पर दो अक्तूबर को भाकियू के हवन में कहीं। इस दौरान गाजियाबाद और दिल्ली का भारी पुलिस बल तैनात रहा। साल 2018 में किसान क्रांति यात्रा को यूपी गेट पर ही दिल्ली पुलिस ने रोका था। किसान दिल्ली में महात्मा गांधी के समाधि स्थल पर जा रहे थे। तभी से हर साल दो अक्तूबर को इसकी याद में यूपी गेट पर भाकियू हवन करती है और क्रांति दिवस मनाती है। गुरुवार को सुबह से ही यूपी गेट पर गाजियाबाद और दिल्ली पुलिस ने बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया था। साढ़े नौ बजे से किसान नेताओं का आना शुरू हुआ।

# दिल्ली में पहले चरण में बनेंगे 3 मिनी सचिवालय

## जगह भी हुई फाइनल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में लोगों की समस्याओं के जल्द समाधान के लिए मिनी सचिवालय बनाने की योजना पर काम शुरू हो गया है। पहले चरण में तीन मिनी सचिवालय बनाने के लिए स्थान भी चिह्नित कर लिए गए हैं। यह मिनी सचिवालय पूर्वी, दक्षिण-पश्चिम और नई दिल्ली में बनेंगे।

इन स्थानों के बारे में दिल्ली सरकार को जानकारी दे दी गई है। उनके निर्देश पर जल्द ही यहां कार्यालय बनाने का काम शुरू होगा। अन्य जिलों में भी जल्द मिनी सचिवालय के लिए स्थान



चिह्नित करने के निर्देश सरकार ने दिए हैं। दिल्ली में बेहतर तालमेल के साथ काम करने के लिए सरकार द्वारा जिलों की संख्या बढ़ाकर 11 से 13 किए जा रहे हैं। इनमें से एक जिला एनडीएमसी क्षेत्र दिल्ली छावनी क्षेत्र को मिलाकर होगा। वहीं, 12 जिले निगम के प्रत्येक जोन के क्षेत्र के बराबर होंगे।

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने राजधानी के सभी जिलों में एक मिनी सचिवालय बनाने के निर्देश दिए हैं। अन्य समस्याओं के समाधान की जिम्मेदारी डीएम की होगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भ्रष्टाचार को कतई न सहने की नीति अपनाने और विभिन्न विभागों की सेवाओं को एक स्थान पर लाने के लिए जिलाधिकारियों (डीएम), उपजिलाधिकारी (एसडीएम) और उप-रजिस्ट्रार के कार्यालयों में शिकायत और सुझाव पेटियां लगाने के भी आदेश दिए थे।

# अवैध निर्माण की शिकायत करने का सीधे तौर पर कोई हक नहीं

- एमसीडी को इन संपतियों पर कार्रवाई करनी चाहिए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि एक पड़ोसी को अवैध निर्माण की शिकायत करने का सीधे तौर पर कोई अधिकार नहीं होता। वह ऐसा तभी कर सकता है जब इस निर्माण से उसके घर या उससे संबंधित स्थल पर प्रकाश या हवा प्रभावित हो रही हो।

जस्टिस मिनी पुष्करणा की बेंच ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि शिकायतकर्ता काम से प्रभावित नहीं हो रहा और अवैध निर्माण वाली संपति का पड़ोसी नहीं है तो उसे शिकायत करने का अधिकार नहीं है।

बेंच ने करोल बाग इलाके में 15 जगहों पर अवैध निर्माण की शिकायत करने वाले व्यक्ति की सभी याचिकाएं खारिज कर दीं। हालांकि, बेंच ने अपने फैसले में यह भी कहा कि बेशक किसी व्यक्ति विशेष को इस तरह के अवैध निर्माण की शिकायत करने का अधिकार नहीं है, लेकिन अवैध निर्माण पाए जाने पर एमसीडी को इन संपतियों पर कार्रवाई करनी चाहिए।




**एमसीडी ने कहा, कार्रवाई जारी :** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने जवाब दाखिल करते हुए कहा कि सभी संपतियों का निरीक्षण किया गया है। कुछ संपतियों में पाया गया है कि बिल्डिंग प्लान के एवज में गलत बयाजबाजी की गई थी। एक संपति पर पांच भवन योजनाओं को मंजूरी दी गई थी, लेकिन निरीक्षण के दौरान गड़बड़ी पाए जाने पर इनके खिलाफ अनधिकृत निर्माण की श्रेणी में प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।मामले में हाईकोर्ट ने एमसीडी को कार्रवाई करने को कहा है। वहीं, इन इमारतों के मालिकों को भी स्वतंत्रा दी है कि यदि उन्हें लगता है कि उनके द्वारा किया गया निर्माण सही है तो वह भी न्यायालय में अपना पक्ष रख सकते हैं।

### 15 संपतियों पर की थी शिकायत

एक व्यक्ति ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि करोल बाग इलाके में 15 ऐसी जगह हैं, जहां अवैध निर्माण किया गया है। कुछ जगहों पर अवैध निर्माण जारी है, लेकिन एमसीडी इन पर कार्रवाई नहीं कर रही है। इस पर बेंच ने कानून का हवाला देते हुए कहा कि अवैध निर्माण की शिकायत की आड़ में कई तरह के गैरकानूनी काम चल रहे हैं। इन अवैध निर्माण से संबंध ना रखने वाले व्यक्ति की इन शिकायतों पर सुनवाई उचित नहीं है।

# रूस कागजी शेर तो नाटो क्या है, ट्रंप पर भड़के पुतिन; भारत पर फिर जताया भरोसा

**मास्को , एजेंसी।** रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से अधिक समय से युद्ध जारी है। दोनों देश एक- दूसरे पर लगातार हमले कर रहे हैं। इस बीच रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने एक अहम एलान किया है।

दरअसल, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को दक्षिणी रूस में एक विदेश नीति मंच को संबोधित करते हुए यूरोप के सैन्यीकरण का महत्वपूर्ण जवाब देने का वादा किया है।

चूंकि रूस से यूक्रेन में सेना भेजने के बाद रूस और यूरोपीय संघ के बीच संबंधों में गिरावट आ गई है। इसके कारण यूरोपीय संघ को अपनी रक्षा को मजबूत करना पड़ा। क्या बोले रूस के राष्ट्रपति पुतिन?



रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि हम यूरोप के बढ़ते सैन्यीकरण पर कड़ी नजर रख रहे हैं। रूस द्वारा जवाबी कार्रवाई में ज्यादा समय नहीं लगेगा। ऐसे खतरों का जवाब बहुत महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने आगे कहा कि रूस कभी भी कमजोरी या अनिर्णय नहीं दिखाएगा।

गौरतलब है कि डेनमार्क में ड्रोन के हमलों और मॉस्को द्वारा एस्टोनिया और पोलैंड में हवाई घुसपैठ ने इस आशंका को और बढ़ा दिया है कि यूक्रेन के खिलाफ रूस का युद्ध यूरोप की सीमाओं से आगे बढ़ सकता है।

अपने संबोधन के दौरान पुतिन ने यूरोप पर बढ़ते सैन्य खर्च का बहाना बनाने के लिए उन्माद भड़काने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि रूस कोई खतरा नहीं है। रूसी राष्ट्रपति ने सभी से शांत रहने को कहा है। अपने संबोधन में पुतिन ने दावा किया कि रूस यूक्रेन में नाटो गठबंधन से लड़ रहा है। वहीं, इस दौरान पुतिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति के उस बयान का भी मजाक उड़ाया, जिसमें कहा गया कि रूस एक कागजी शेर है।

### भूकंप के झटकों से हिली धरती, रिक्टर स्केल पर 5.5 रही तीव्रता...दहशत में लोग

**वेस्ट पापुआ , एजेंसी।** इंडोनेशिया के वेस्ट पापुआ इलाके में आज सुबह 5.5 तीव्रता का भूकंप आया। यह जानकारी जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज़ ने दी है। भूकंप का केंद्र वेस्ट पापुआ क्षेत्र में दर्ज किया गया। यह 10 किलोमीटर की गहराई (करीब 6.2 मील) पर आया, जिसे अपेक्षाकृत उथला भूकंप माना जाता है। इस तरह के भूकंप आमतौर पर ज़्यादा नुकसानदेह साबित हो सकते हैं क्योंकि झटके सतह पर तेज़ी से महसूस होते हैं।

स्थानीय प्रशासन ने तुरंत राहत और बचाव टीमों को अलर्ट कर दिया है। अधिकारियों ने कहा है कि झटकों के बाद आफ्टरशॉक्स (भूकंप के बाद आने वाले हल्के झटके) आने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। आसपास के क्षेत्रों में इमारतों और जनजीवन पर असर की जांच की जा रही है। भूकंप के झटके तीव्र थे कि लोग इससे दहशत में आ गए। इंडोनेशिया का यह इलाका पैसिफिक ÷रिंग ऑफ फायर÷ में आता है। यह वह क्षेत्र है जहां दुनिया के सबसे ज़्यादा भूकंप और ज्वालामुखी गतिविधियां होती हैं। हर साल इंडोनेशिया में सैकड़ों छोटे-बड़े भूकंप दर्ज किए जाते हैं। 2018 में यहां आए भयंकर भूकंप और सुनामी में हज़ारों लोगों की जान चली गई थी। अभी तक किसी तरह के बड़े नुकसान या हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और ऊँची इमारतों या समुद्र तट के पास जाने से बचने की अपील की है।

### फ्रांस में बजट कटौती के खिलाफ सड़कों पर उतरे हजारों लोग

**पेरिस, एजेंसी।** अगले साल के बजट में भारी कटौती की योजनाओं के खिलाफ ट्रेड यूनियनों की ओर से आयोजित हड़ताल में गुरुवार को 85 हजार से अधिक लोग शामिल हुए। उन्होंने मार्च निकाला। इसमें शिक्षक और स्वास्थ्य कर्मचारी सहित अन्य शामिल हुए। इसके कारण एफिल टावर बंद करना पड़ा। ये राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और प्रधानमंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू पर दबाव बनाए हुए हैं। ट्रेड यूनियन नेता सार्वजनिक सेवाओं पर अधिक खर्च, सेवानिवृत्ति की आयु में वृद्धि को वापस लेने और अमीरों पर अधिक कर लगाने की मांग कर रहे हैं। इनमें फ्रांस के सबसे बड़े संघ, सीएफडीटी और कट्टरपंथी सीजीटी के नेता शामिल हैं। सीजीटी की महासचिव सोफी बिनेट ने बताया, पिछले बजट प्रस्ताव में श्रमिकों से संबंधित सभी कटौती को हमेशा के लिए खत्म करना होगा। पिछले प्रधानमंत्री फ्रांस्वा बायरू को 44 अरब यूरो के बजट में कटौती की योजना के चलते संसद ने पद से हटा दिया था। हालांकि, गुरुवार को सड़कों पर उतरने वाले लोगों की संख्या पिछले दिनों हुए प्रदर्शनों की तुलना में कम रहा। नैनटेस में विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए डोमिनिक मेनियर ने कहा, हमें लड़ाई जारी रखनी होगी, भले ही हममें से ज्यादा लोग न हों। हर बार हमें एक दिन का नुकसान होता है। लेकिन लोकतंत्र आमतौर पर इसी तरह आगे बढ़ता है। सीजीटी यूनियन ने कहा कि फ्रांस में 240 से अधिक जगहों पर प्रदर्शन होने वाले थे, जिनमें डिजान, मेट्ज़, पोइटियर्स और मोंटपेलियर शामिल हैं।

# बवाल के बाद घुटने पर शरीफ सरकार, बातचीत के लिए भेजा दल

## दस लोगों की हो चुकी है मौत

**मुजफ्फराबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में बीते कई दिनों से चल रहे हिंसक प्रदर्शन के चलते हालात बेकाबू और बेहद तनावपूर्ण बने हुए है। इन प्रदर्शनों में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों की कार्रवाई से अब तक कम से कम दस लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। ऐसे में हिंसा के दिन-प्रतिदिन बढ़ते स्वरूप के मद्देनजर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ हरकत में आते हुए नजर आ रहे है। इसके तहत उन्होंने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए एक उच्चस्तरीय वार्ताकार समिति को पीओजेके भेजा है।

बता दें कि प्रधानमंत्री शाहबाज



शरीफ की तरफ से भेजी गई आठ सदस्यीय समिति में केंद्रीय मंत्री अहसन इकबाल, आमिर मुकाम, सरदार मोहम्मद यूसुफ, राणा सनाउल्ला, डॉ. तारिक फजल चौधरी, पीपीपी के नेता राजा परवेज अशरफ, क़मर जमां कैरा पूर्व पीओजेके राष्ट्रपति सरदार मसूद खान और इनके साथ पीओजेके के प्रधानमंत्री चौधरी अनवरुल हक भी शामिल है।

यह समिति जम्मू-कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेकेजेएएसी) के प्रतिनिधियों से वार्ता कर रही है, जो वहां के जन आंदोलन का नेतृत्व कर रही है। वार्ता गुरुवार को मुख्य सचिव कार्यालय के कमेटी रूम में शुरू हुई और देर रात तक चली। शुक्रवार को भी बातचीत जारी रहने की उम्मीद है। अब पीओजेके के लोगों की मांग की बात करे तो जेकेजेएएसी के नेता शौकत नवाज मीर ने बताया कि पीओजेके के लोगों की प्रमुख मांगों में 12 रिफ्यूजी सीटों को खत्म करना, वीआईपी और एलीट वर्ग को मिलने वाली विशेष सुविधाएं बंद करना, जून 2019 के हाईकोर्ट के फैसले को लागू करना, हेल्थ कार्ड योजना लागू करना शामिल है। इसके अलावा, आंदोलनकारियों की मांग है कि मुजफ्फाराबाद, धिरकोट और अन्य इलाकों में मारे गए निर्दोष प्रदर्शनकारियों की हत्या के दोषियों को गिरफ्तार कर सजा दी जाए।

गौरतलब है कि प्रदर्शन पीओजेके में लगातार बढ़ती महंगाई, बिजली संकट और बुनियादी सुविधाओं की कमी के खिलाफ शुरू हुआ। आंदोलन ने उस समय उग्र रूप ले लिया जब सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी की, जिसमें कई लोग मारे गए। गुरुवार को भी क्षेत्र में पूरी तरह शटर डाउन और व्हील-जाम हड़ताल रही। सोमवार से संचार सेवाएं भी ठप हैं। हालांकि गुरुवार को किसी नए हिंसक घटना की खबर नहीं आई।

# आरएसएस का विजयादशमी उत्सव संपन्न, जगह जगह हुए कार्यक्रम







**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन बोकारो महानगर के भी विभिन्न स्थानों पर संपन्न हुआ। गुरूगोविंद सिंह नगर (सेक्टर 1,2एवं3) के 'कैम्प 2', सेक्टर 2ए एवं 'सेक्टर 3सी' बस्ती', दयानंद नगर (सेक्टर 4,5एवं6) के 'सेक्टर 4जी' बस्ती, विवेकानंद नगर (सेक्टर 8, 9 एवं 11) के 'सेक्टर 9ए' बस्ती, बिरसा नगर के 'दूंदीबाग', 'रंगाडीह', 'सतनपुर', 'राधागांव', 'सिजुआ', 'जाला' बस्ती, चन्द्रशेखर आजाद नगर के 'माराफारी', बासगोड़ा' बस्ती, महर्षि अरविंद नगर के 'टांडबालीडीह', 'रेलवे कॉलोनी' बस्ती, सुभाष नगर के 'यदुवंश नगर', वीर सावरकर नगर के 'चीरा चास', चंदनकियारी नगर के 'भोजूडीह' बस्ती आदि स्थानों में आयोजित कार्यक्रमों में विधिवत शास्त्र पूजन किया गया उसके उपरांत बौद्धिक सत्र का आयोजन हुआ। इन सत्रों में संघ के स्वयंसेवकों को संगठन की शताब्दी यात्रा, राष्ट्र साधना के कार्यों और समाज जीवन में संघ की भूमिका से अवगत कराया गया।

उपरोक्त स्थानों में क्रमशः बौद्धिककर्ता के रूप में प्रचारक सुधीर कुमार, नगर कार्यवाह गौरव कुमार, अभय श्रीवास्तव, के साथ महानगर सह संघचालक संजय राय, परमेश्वर लाल वर्णवाल, प्रशांत कुमार, अमर कुमार, कुंदन कुमार, दीनदयाल शर्मा, शैलेश कुमार वर्मा, बुद्धेश्वर, अघनु गोराई नगर, राम नागेंद्र प्रसाद, कृष्ण कुमार, राजेश कुमार, अंशुमन, कार्यवाह राजीव रंजन, दिलीप सिह, रवि राजोरिया, अरूण केशरी, अश्विन आनंद, अशोक कुमार आदि अनेक स्वयंसेवक एवं मातृशक्ति की उपस्थिति रही।

बौद्धिककताओं ने विस्तार से बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लिए "राष्ट्र प्रथम" की भावना सर्वोपरि है। संघ का उद्देश्य राष्ट्रहित को सर्वोच्च स्थान देना और समाज को एकजुट कर देश की प्रगति में योगदान करना है। इस अवसर पर स्वयंसेवकों को संघ की स्थापना से लेकर आज तक की गतिविधियों का क्रमवार विवरण प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल स्मरणोत्सव न होकर भावी पीढ़ी के लिए मार्गदर्शन तैयार करना है। शताब्दी वर्ष का यह आयोजन संघ की राष्ट्रनिष्ठा, समाजसेवा और समर्पण की दीर्घ परंपरा का परिचायक है। श्री विजयादशमी उत्सव के माध्यम से संघ ने अपने संकल्पों को दोहराते हुए समाज से अधिक निकट जुड़ने और राष्ट्रहित में सक्रिय योगदान का आह्वान किया।

# फेसबुक लाइव के माध्यम से सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की दी जा रही जानकारी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देशानुसार सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, बोकारो द्वारा आम नागरिकों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराने के लिए एक विशेष पहल की शुरूआत की गई है। इसके तहत सूचना जनसंपर्क विभाग बोकारो के फेसबुक पेज पर प्रत्येक सप्ताह शुक्रवार को पूर्वाह्न 11 बजे फेसबुक लाइव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आज इसकी शुरूआत की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि जिले के आम नागरिकों तक योजनाओं की सटीक, समय पर एवं विस्तृत जानकारी पहुंचे ताकि वे विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने में सक्षम हो सकें।

**डीएसडब्ल्यूओ ने दी विस्तृत जानकारी**

कार्यक्रम के अंतर्गत इस सप्ताह जिला सामाजिक कल्याण पदाधिकारी (डीएसडब्ल्यूओ) डॉ. सुमन गुप्ता ने फेसबुक लाइव के माध्यम से कई महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने योजनाओं के पात्रता मानदंड, आवेदन प्रक्रिया, लाभ की प्रकृति तथा संबंधित विभागों की भूमिका के संबंध में भी बताया।

**विभाग द्वारा संचालित निम्न योजनाओं की दी जानकारीः-**

**प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना (पीएमएमवीवाई)**

पहली संतान जन्म पर लाभार्थी गर्भवती महिलाओं को आर्थिक सहयोग।

उद्देश्य : पोषण स्तर में सुधार एवं सुरक्षित मातृत्व को प्रोत्साहन।

**मुख्यमंत्री कन्यादान योजना**

आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की बेटियों के विवाह हेतु वित्तीय सहायता।

उद्देश्य : सामाजिक सुरक्षा एवं बेटियों के विवाह में आर्थिक सहारा।

**सावित्रीबाई फुले कन्या समृद्धि योजना (एसबीएफकेएसवाई)**

गरीब एवं पिछड़े वर्ग की बालिकाओं के नाम पर बचत जमा।

उद्देश्य : बालिकाओं की शिक्षा और भविष्य को सुरक्षित बनाना।

**दिव्यांग छात्रवृत्ति योजना**

दिव्यांग विद्यार्थियों को शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति प्रदान करना।

उद्देश्य : दिव्यांगजनों में शिक्षा का प्रसार एवं आत्मनिर्भरता बढ़ाना।

**विधवा पुनर्विवाह योजना**

विधवा महिलाओं के पुनर्विवाह पर वित्तीय सहायता।

उद्देश्य : सामाजिक समावेशन और महिलाओं को सम्मानजनक जीवन प्रदान करना।

**डीपीआरओ ने आमजनों से जुड़ने का किया अपील**

मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी (डीपीआरओ) रवि कुमार ने कहा कि इस पहल से जिले के अधिक से अधिक नागरिक योजनाओं के बारे में जानेंगे और पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ तेजी से पहुंच सकेगा। उन्होंने आमजनों से अपील की कि वे प्रत्येक शुक्रवार पूर्वाह्न 11 बजे फेसबुक पेज से जुड़ें और योजनाओं की सही जानकारी प्राप्त करें। साथ ही, संबंधित विभाग के पदाधिकारी से सीधे 9263305440 काल कर कार्यक्रम के दरमियान भी दिए गए नंबर पर संपर्क कर सवाल पूछ सकते हैं।

**योजनाओं के प्रचार-प्रसार में सोशल मीडिया की अहम भूमिका**

इस अवसर पर सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी (एपीआरओ) अविनाश कुमार सिंह ने कहा कि आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया एक सशक्त माध्यम है। फेसबुक लाइव जैसे मंचों के माध्यम से जिले का कोई भी नागरिक घर बैठे योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकता है और जागरूक हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### जिले में दुर्गा पूजा एवं विजयादशमी शांतिपूर्ण सम्पन्न

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में दुर्गा पूजा और विजयादशमी का आयोजन इस वर्ष शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। शुक्रवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की सतर्कता और टीम भावना की सराहना करते हुए सभी अधिकारियों और कर्मियों को हार्दिक धन्यवाद एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विसर्जन की प्रक्रिया पूर्ण होने तक प्रशासनिक सतर्कता जारी रहेगी। उपायुक्त ने यह भी उल्लेख किया कि अनेक अधिकारी और कर्मचारी अपने परिवार से दूर रहकर कर्तव्य पालन में लगे रहे। 'कर्तव्य ही पूजा है'- इस भावना के साथ कार्य करना ही जिले के प्रशासन की असली पहचान है। उपायुक्त ने विश्वास व्यक्त किया कि आगे भी इसी निष्ठा, सतर्कता और टीम वर्क के साथ प्रशासन कार्य करता रहेगा और जिले में शांति व अनुशासन की परंपरा को बनाए रखेगा।

### बोकारो इस्पात संयंत्र में प्रस्तावित हड़ताल सफल बनाने को संपर्क तेज

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कथित अवैध बोनस फॉमूर्ला जबरदस्ती लागू करने तथा लगातार तीसरे वर्ष कर्मियों के खाते मे जबरदस्ती बोनस राशि डालने के खिलाफ बोकारो इस्पात संयंत्र मे 10 अक्टूबर को हड़ताल बुलाया गया है। हड़ताल को सफल बनाने के लिए बीएकेएस यूनियन के पदाधिकारी विभागो का गहन दौरा कर रहे है। हड़ताल के प्रचार प्रसार मे बीएसएल कर्मचारी खुद लगे हुए है । जिसके लिए बीएसएल कर्मचारी आपस में मीटिंग कर रहे है। हड़ताल करने के लिए शपथ ले रहे है तथा सोशल मीडिया के द्वारा एक दुसरे को प्रेरित भी कर रहे है । बोनस फॉमूर्ला सहित कुल 30 मांगो के समर्थन में हड़ताल बुलाया गया है। बीएकेएस के अध्यक्ष हरिओम सहित अन्य पदाधिकारियों ने कहा है कि सेल प्रबंधन के उच्च अधिकारी न तो श्रम कानून को मान रहे है तथा न ही खुद के बनाए गए नियमों को इसलिए हड़ताल जरुरी है ।

### जिम ट्रेनर चलाता था सेक्स रैकेट, संलिप्त महिला भी गिरफ्तार

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएस सिटी थाना क्षेत्र के को ऑपरेटिव कॉलोनी स्थित एक प्लॉट में पुलिस ने सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। जिम ट्रेनर सन्नी कुमार और कोलकाता की रहने वाली युवती निखत प्रवीण को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। एसपी हरविंदर सिंह ने इस पूरे मामले की जानकारी दी। सूचना मिली थी कि फ्लैट संख्या 155 में बाहर से लड़कियों को लाकर देह व्यापार कराया जा रहा है। इसके बाद थाना प्रभारी सुदामा दास की अगुवाई में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान जिम ट्रेनर सन्नी को निखत प्रवीण के साथ आपत्तिजनक हालत में पाया गया। कमरे से कई आपत्तिजनक सामान भी बरामद हुए। जांच के दौरान जिम ट्रेनर के मोबाइल से ग्राहकों द्वारा किए गए ऑनलाइन पेमेंट का सबूत भी मिला, जिसमें ट्रेनर और लड़की दोनों का हिस्सा रहता था। पूछताछ में खुलासा हुआ कि निखर प्रवीण खुद इस धंधे में शामिल है और कोलकाता से लड़कियों को बुलाकर ग्राहकों तक पहुंचाती थी। पुलिस अब ग्राहकों और अन्य युवतियों का डिटेल खंगाल रही है और आगे कार्रवाई की तैयारी कर रही है।

### विधायक राज सिन्हा को किया सम्मानित

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद विधायक राज सिंन्हा को न्यू रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने विधायक राज सिन्हा को माता की चुनरी एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि वर्ष भी न्यू रेलवे कॉलोनी पुराना बाजार की प्रतिमा और रामलीला थीम पंडाल को कलाकारों ने अच्छी तरह से धरातल पर उतारा है। अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि अभी के युवाओं को सनातन धर्म के ऊपर फोकस करना चाहिए क्योंकि आगे नहीं आने से पुजा पाठ का आयोजन बेहतर ढंग से नहीं हों पाएगा। इसलिए अभी से ही सभी लोगों कों दिल से सनातन धर्म कों आगे बढ़ाना चाहिए।उन्होंने दिल से जिला प्रशासन कों बधाई दिया और कहा, उपायुक्त और एसएसपी ने जोरदार काम किया हैं। धन्यवाद के पात्र है। मंच पर मनोज मालाकार, हर्ष सिंह, रवि सिन्हा, मनोज गुप्ता, अजय पांडे, आदर्श राजू, अनूभव इत्यादि थे।

### माता रानी से जजमानों की खुशी सुख समृद्धि की कामना

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दुर्गा पूजा के मौके पर किन्नर कल्याण बोर्ड झारखण्ड सरकार के सदस्य सुनैना किन्नर ने अपने आवास में कुंवारी कन्याओं को भोजन कराई और आशीर्वाद ली। इस मौके पर सुनैना ने बताइ कि मै हर वर्ष अपने आवास पर पाठ करवाती हूं और स्वयं नवरात्री करती हूं। माँ दुर्गा से अपने जाजमनो की खुशी की प्रार्थना करती हूं। इस मौके पर नगर निगम कर्मियों के बीच वस्त्र भी वितरण किया गया। कहा कि आज पर्व के समय भी ये लोग सफाई का काम करते है उनका सम्मान भी बहुत जरूरी है। बिजय दशमी के दिन मनईतांड छठ तलाब पर कलश की स्थापना किया गया। बिजय दशमी के मौके पर सुनैना किन्नर ने कलश स्थापना दिवस के इस मौके पर बताया की माँ दुर्गा की कृपा सभी पर बनी रहे यही कामना किन्नर समाज ने माता रानी से किया। इस मौके पर बबली किन्नर, बिमली किन्नर, सुनीता किन्नर, रजिया किन्नर, पल्लवी किन्नर, पूजा किन्नर, राधा किन्नर, रिसिमुनी किन्नर, छोटकी मुस्कान, शिला किन्नर, काजल किन्नर, नलक किन्नर, प्रिया किन्नर, सोहानी किन्नर, ज्योति किन्नर, लवली किन्नर रीना किन्नर आदि मौजूद थी।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर माल्यार्पण कार्यक्रम





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 02 अक्टूबर को पूरे देश में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के तौर पर मनाया जाता है. इस अवसर पर सेक्टर-4 तथा सेक्टर-6 में आयोजित अलग अलग कार्यक्रमों के दौरान बीएसएल की अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (माइंस) श्री विकास मनवटी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) श्री सी आर मिश्रा, अधिशासी निदेशक (संकार्य) श्री प्रिय रंजन, बी जी एच के प्रभारी डॉ बी बी करुणामय ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. इस मौके पर बीएसएल के वरीय अधिकारी तथा शहर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे. अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी तथा अधिशासी निदेशक (संकार्य) श्री प्रिय रंजन ने अपने सम्बोधन में कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी को सत्य, अहिंसा और सामाजिक न्याय के प्रति उनके समर्पण के लिए याद किया जाता है तथा गांधी जी सेवा और करुणा की शक्ति में विश्वास रखते थे और लोगों को सशक्त बनाने के लिए इसे जरूरी मानते थे.

**सेल-एमटीआई और आईआईएम जम्मू ने भविष्य के लिए नेतृत्व को बढ़ावा देने हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए**

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने अपने प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान (एमटीआई) के जरिये भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) जम्मू के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। इस समझौते का उद्देश्य कार्यपालक शैक्षिक कार्यक्रम के जरिये भविष्य के लिए नेतृत्व को तैयार करना है। इस समझौता ज्ञापन पर सेल के इस्पात भवन, नई दिल्ली स्थित कॉर्पोरेट ऑफिस में 29 सितंबर, 2025 को हस्ताक्षर किए गए। बदलते व्यावसायिक परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए, सक्षम लीडर्स तैयार करने की सेल की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, यह समझौता संगठनात्मक क्षमता को मजबूत करने, सर्वोत्तम वैश्विक प्रणालियों को अपनाने और नेतृत्व उत्कृष्टता के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के साझा लक्ष्य को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# जनता दरबार : दिव्यांग पेंशन की स्वीकृति से खुश हुआ लाभुक





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला प्रशासन, बोकारो द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों के निवारण हेतु नियमित रूप से प्रत्येक शुक्रवार आयोजित जनता दरबार में इस बार कई महत्वपूर्ण मामलों का त्वरित निष्पादन किया गया।

**रघुनाथ गोराई को घंटे भर में स्वीकृत हुई दिव्यांग पेंशन**

जनता दरबार में चास प्रखंड के रेलवे कालोनी निवासी पहुंचें दिव्यांग रघुनाथ गोराई ने अपना आवेदन उपायुक्त अजय नाथ झा के समक्ष प्रस्तुत किया। उपायुक्त ने मामले में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियूष को त्वरित कार्रवाई करते हुए महज एक घंटे के भीतर उनका दिव्यांग पेंशन स्वीकृत कर दिया गया। लाभ मिलने पर गोराई ने उपायुक्त एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। जानकारी हो कि, रघुनाथ ने एक दुर्घटना में अपने दोनों पैर गंवा दिया है।

**कुल 21 मामलों की हुई सुनवाई**

कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए नागरिकों के कुल 21 मामलों की सुनवाई की गई। इनमें से कई मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। उपायुक्त ने जनता दरबार में प्राप्त सभी आवेदनों का गंभीरता से संज्ञान लिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि शेष मामलों का निष्पादन एक पखवाड़े के भीतर हर हाल में सुनिश्चित करें।

**जनहित के लिए जनता दरबार एक सशक्त मंच**

उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार जिला प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का एक प्रभावी माध्यम है। इससे लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो रहा है। जिले के साथ सभी प्रखंड मुख्यालयों में भी बीडीओ झ सीओ द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, प्रभारी पदाधिकारी जन शिकायत कोषांग पियुष, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# लाल बहादुर शास्त्री जयंती समारोह का आयोजन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती का आयोजन, लाल बहादुर शास्त्री सेवा संस्थान, बोकारो जिला द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धा एवं उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर सेक्टरझ्ञश्कस्थित टी. वी. टावर चौराहा पर स्थापित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम में बोकारो के प्रख्यात समाजसेवी एवं मजदूर नेता श्री संग्राम सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि एवं अनेक गणमान्य अतिथि भी बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री बी. बी. एल. श्रीवास्तव, श्री आर. आर. बर्मा, श्री गोरख प्रसाद सिंहा, श्री विश्वराज आनंद एवं श्रीमती ज्योति वर्मा ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। समारोह में कायस्थ महापरिवार बोकारो जिला के पदाधिकारी एवं सदस्यगण, कायस्थ महापरिवार बोकारो महिला समिति ह्यसृजनह्न की पदाधिकारी एवं सदस्यगण, साथ ही लोहांचल एवं कोयलांचल क्षेत्रीय समितियों के अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष एवं सदस्यगणों की गरिमामयी उपस्थिति रही। वक्ताओं ने अपने उद्बोधनों में शास्त्री जी के सादगीपूर्ण जीवन, उनके उच्च आदर्शों तथा उनके द्वारा दिए गए ह्जय जवान, जय किसानह्न जैसे ओजस्वी नारे की आज भी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उपस्थित जनसमूह ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। अंत में, लाल बहादुर शास्त्री सेवा संस्थान, बोकारो जिला के अध्यक्ष श्री आर. आर. बर्मा ने सभी अतिथियों, बीएसएल प्रबंधन एवं विभिन्न संगठनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की सफलता में श्री एस. के. वर्मा, श्री जयशंकर प्रसाद, श्री राजीव कंठ, श्री मनीष कुमार, श्री मितेश कर्ण, श्री कपूर रंजन, श्री सुजीत कुमार, श्री शशि भूषण प्रसाद, श्री अनील श्रीवास्तव, श्री बालाजी, श्री अमरनाथ, श्री एम. सी. श्रीवास्तव, श्री पी. के. सिंहा, श्रीमती नम्रता सिंहा, श्रीमती छाया भारती श्रीवास्तव एवं अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# रावण दहन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ दुगार्पूजा संपन्न



**कसमार (बोकारो)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कसमार प्रखंड के खैराचातर में विजयदशमी के दिन रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने इस दृश्य का मजा लिया। रावण दहन कार्यक्रम का शुभारंभ कसमार के अंचल अधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह, थाना प्रभारी भजनलाल महतो, तथा स्थानीय मुखिया विजय कुमार जायसवाल ने किया । इस दौरान खैराचातर के मुखिया विजय कुमार जायसवाल ने कहा कि क्षेत्र में दूसरी बार रावण दहन का कार्यक्रम विजयादशमी के उपलक्ष में किया गया है जो सराहनीय है। तथा स्थानीय श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि विजय दशमी के दिन ही भगवान रामचंद्र ने रावण पर विजय पाई थी, इसलिए इस दिन रावण का पुतला जलाया जाता है। जो कि बुराई, अहंकार, अत्याचार और अधर्म पर धर्म, सत्य और न्याय की विजय का प्रतीक माना जाता है। इससे पूर्व खैराचातर पूजा कमेटी के द्वारा स्थानीय कलाकारों का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमुख नियति दे, कमेटी के अध्यक्ष प्रशांत जायसवाल ने स्थानीय मुखिया विजय कुमार जायसवाल सचिव सुनील कपरदार के साथ संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, ग्रुप डांस ,गीत संगीत ने समां बांध दिया। इस वर्ष धुनुची नाच तथा डांडिया नृत्य का सफल आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन मनीष कुमार जायसवाल ने किया। इस दौरान पूजा कमेटी के रामलाल कुमार ,मनीष गौतम, अमितेज कुमार, कुमार गौरव ,गौतम सागर ,रणधीर कुमार , रंजीत कुमार, रुपेश जायसवाल, अमित कुमार, आनंद दे आदि उपस्थित थे।

# जनजातीय बहुल ग्रामीण क्षेत्रों को वर्ष 2030 तक विकसित बनाना मुख्य उद्देश्यः उपायुक्त



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत धनबाद जिले के इस योजना के तहत चयनित ग्रामों मैं ग्राम विजन प्लान के लिए बनाए गए विलेज एक्शन प्लान को विशेष ग्राम सभा आयोजित कर पारित किया गया।इस मौके पर ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया और अपने गाँव के विकास की रूपरेखा तैयार करने में भागीदारी सुनिश्चित की। भारत सरकार के जनजातीय मामलों के मंत्रालय द्वारा पूरे देश में आदि कर्मयोगी अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जनजातीय बहुल्य ग्रामीण क्षेत्रों को वर्ष 2030 तक विकसित बनाना है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु देशभर में 1 लाख गांवों का चयन किया गया है, जिनमें 50 प्रतिशत से अधिक आबादी जनजातीय समुदाय की है। इसी क्रम में धनबाद जिले के कुल 196 गांवों का चयन किया गया है। अभियान के अंतर्गत इन गांवों में प्रशिक्षित पदाधिकारियों के साथ व्यापक बैठक आयोजित की गई। तत्पश्चात प्रखंड स्तरीय अधिकारियों के साथ मिलकर चयनित गांवों का भ्रमण किया गया तथा कई चरणों में बैठकों के माध्यम से प्राथमिक योजनाओं और आवश्यकताओं का आकलन किया गया। प्रत्येक गांव के लिए एक एक्शन प्लान तैयार किया जा रहा है, जिसमें ग्रामीणों की व्यक्तिगत एवं सामुदायिक आवश्यकताओं को शामिल किया गया है। इसी उद्देश्य से इन गांवों में आदि सेवा केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, जिन्हें गांवों के विकास हेतु एक प्रभावी प्राधिकृत केंद्र के रूप में चिन्हित किया गया है। आदि सेवा केंद्र गांव की सभी आवश्यकताओं का समाधान करने और ग्रामीणों की शिकायतों का निवारण करने के साथ-साथ विभिन्न विभागों की योजनाओं का क्रियान्वयन भी करेगा। सभी विभागों के अधिकारी इन केंद्रों के माध्यम से ग्राम स्तर की जरूरतों का संज्ञान लेंगे और आवश्यक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करेंगे।धनबाद जिले में जिला प्रशासन द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान को सफलतापूर्वक लागू करने की दिशा में ठोस पहल की जा रही है। सभी चयनित गांवों के लिए विस्तृत एक्शन प्लान तैयार कर भारत सरकार के पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। इस अभियान को लेकर चयनित सभी गांवों के ग्रामीणों में अत्यधिक उत्साह देखा जा रहा है। जिला प्रशासन को पूर्ण विश्वास है कि वर्ष 2030 तक इन गांवों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जाएगा।

# ड्राई डे को अवैध शराब बेचते पकड़े गए, शराब भी जप्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हरला थाना पुलिस ने गांधी जयंती के दिन ड्राई डे का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। हरला पुलिस को सूचना मिली कि सेक्टर 09, राजेन्द्र मोड़ स्थित झोपड़ी में जितेन्द्र कुमार और मनोज वर्मा नामक युवक अवैध शराब बेच रहे थे। शराब सेवन के बाद शराबियों द्वारा इलाके में हंगामा करने की सूचना मिल रही थी । सूचना के आधार पर पुलिस उपाधीक्षक नगर, बोकारो के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया और मौके पर छापामारी की गई। पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने बताया, छापेमारी के दौरान मनोज वर्मा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में विदेशी और देशी शराब बरामद की गई। हालांकि, जितेन्द्र कुमार अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।



गिरफ्तार अपराधकर्मी मनोज वर्णवाल का निवास सेक्टर 09, राजेन्द्र मोड़, बोकारो में है। गिरफ्तार आरोपी के पास से अलग अलग ब्रांड के कुल 45 बोतल बरामद हुआ है। एसपी ने बताया, मनोज वर्मा का आपराधिक इतिहास गंभीर है, जिसमें हरला थाना में 2017 से 2024 तक विभिन्न मामलों में कई मामले दर्ज हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com